ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**No Paper... So Messages On Chapattis...** 'Satsriyakal Saabji, Cha Pio, Dakota Dropping Shuru Ho Gaya Si', said his batman, inviting him for the daily ringside entertainment.

**Booster Shots For Oldies**

**Ace the Style for Diwali Week** Indian outfits are the go-to Diwali clothing

# भुखमरी रिपोर्ट को भारत ने खारिज किया

## भारत ने वैश्विक भुखमरी रिपोर्ट 2020 को देश की छवि खराब करने का एक कुटिल प्रयास करार दिया है

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। भारत ने वैश्विक भुखमरी रिपोर्ट 2020 में देश की स्थिति संबंधी आकलन को कड़ी आलोचनाओं के साथ खारिज करते हुए देश की छवि खराब करने का एक कुटिल प्रयास करार दिया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भारत में आंगनवाड़ी और गरीबों के लिए मुफ्ता अनाज कार्यक्रम जैसे विशाल कार्यक्रम का हवाले देते हुए एक कड़ा बयान जारी करते हुए शनिवार को जारी इस रिपोर्ट पर कहा, ' भारत की छवि को धूमिल या कलंकित करने के लिए निरंतर किया जा रहा कुटिल प्रयास एक बार फिर सुपष्ट नजर आ रहा है जिसमें देश को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में दिखाने का प्रयास है जो अपनी आबादी की खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। सरकार ने पिछले वर्ष की रिपोर्ट की भी कड़ी आलोचना की थी।

मंत्रालय ने कहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि गलत सूचना फैलाना ही हर साल जारी किए जाने वाले 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक' का विशिष्ट उद्देश्य है। इस रिपोर्ट को लेकर पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस के नेता पी चिदंबरम ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करने वाला ट्वीट किया है और कहा है कि प्रधानमंत्री को भूख और बच्चों के कुपोषण की समस्याओं के

- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भारत में आंगनवाड़ी और गरीबों के लिए मुफ्त अनाज कार्यक्रम जैसे विशाल कार्यक्रम का हवाले देकर एक कड़ा बयान जारी करते हुए शनिवार को जारी इस रिपोर्ट पर कहा, ' भारत की छवि को धूमिल या कलंकित करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।**
- **मंत्रालय ने कहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि गलत सूचना फैलाना ही हर साल जारी किए जाने वाले 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक' का विशिष्ट उद्देश्य है।**

समाधान पर ध्यान देना चाहिए।

यह रिपोर्ट आयरलैंड की कन्सर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की संस्था वेल्ट हंगर हिल्फे जारी करती है। शनिवार को जारी 2022 की इस रिपोर्ट में भारत को 121 देशों में काफी नीचे 107वीं रैंकिंग दी गई है। पिछले साल भारत 116 देशों में 101वें स्थान पर रखा गया था।

मंत्रालय ने कहा है कि वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) में शामिल अल्पपोषण के अलावा तीन अन्य संकेतक मुख्य रूप से बच्चों से संबंधित हैं जिनमें बच्चों के विकास में कमी, किसी अंग का कमजोर रह जाना और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर। मंत्रालय का कहना है कि ये संकेतक भूख के अलावा पेयजल, स्वच्छता, आनुवंशिकी, पर्यावरण और भोजन के उपयोग जैसे विभिन्न अन्य कारकों के जटिल संयोग के परिणाम हो सकते हैं।

बयान में कहा गया है, बच्चों के मुख्य रूप से स्वास्थ्य संकेतकों से संबंधित संकेतकों के आधार पर भूख की गणना करना न तो वैज्ञानिक है और न ही तर्कसंगत। मंत्रालय का कहना है कि अल्पपोषित आबादी के अनुपात (पीओयू) का चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक अनुमान दरअसल सिर्फ 3000 प्रतिभागियों के बहुत छोटे नमूने पर किए गए एक जनमत संग्रह पर आधारित है।

मंत्रालय ने कहा है, ' एफआईईएस के माध्यम से भारत जैसे विशाल देश के लिए एक छोटे से नमूने से एकत्र किए गए डेटा का उपयोग भारत के लिए पीओयू मूल्य की गणना करने के लिए किया गया है जो न केवल गलत और अनैतिक है, बल्कि यह स्पष्ट पूर्वाग्रह का भी संकेत देता है।

भारत ने जुलाई 2022 में एफएओ के साथ एफआईईएस सर्वेक्षण मॉड्यूल के आंकड़ों के आधार पर ऐसे अनुमानों का उपयोग नहीं करने का मुद्दा उठाया गया था।

सरकार ने कहा है कि इस रिपोर्ट लिए सर्वे में प्रतिभागियों से पूछे गए कुछ प्रश्न इस प्रकार हैं कि ''पिछले 12 महीनों के दौरान, क्या कोई ऐसा समय था, जब पैसे या अन्य संसाधनों के अभाव में: आप इस बात के लिए चिंतित थे कि आपके पास खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं होगा? क्या आपने जितना सोचा था, उससे कम खाया?

भारत का कहना है , 'यह स्पष्ट है कि इस तरह के प्रश्न सरकार द्वारा पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने और खाद्य सुरक्षा के आश्वासन के बारे में प्रासंगिक जानकारी के आधार पर तथ्यों की पड़ताल नहीं करते हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि भारत सरकार दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'भारत जोड़ो यात्रा' के पद यात्रियों के करंट लगा

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आज कर्नाटक के बेल्लारी जिले में उस समय एक बड़ी घटना होते होते बच गई जब यात्रा में शामिल कुछ यात्रियों को अचानक बिजली का करंट लग गया।

गांधी ने फेसबुक पर यह जानकारी देते हुए कहा , आज यात्रा के दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। हमारे कुछ दोस्तों को झंडे को पोल से बांधते समय बिजली का झटका लगा। उन्हें सिविल अस्पताल, न्यू मोका, बेल्लारी में भर्ती कराया गया है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं आई है और उनका मनोबल ऊंचा बना हुआ है।

- **कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रविवार को कर्नाटक के बेल्लारी जिले में उस समय एक बड़ी घटना होते होते बच गई जब यात्रा में शामिल कुछ यात्रियों को अचानक बिजली का करंट लग गया।**

उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में भी भारत जोड़ो यात्रा की भावना ने अहम भूमिका निभाई। घायलों की तुरंत मदद की गई और सभी ने उनका ध्यान रखा और उनकी देख रेख की। यात्रियों ने भी अपने घायल साथियों की तरफ से भी घायल साथियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता दी गई।

कांग्रेस नेता ने कहा , मैं इस अवसर पर यात्रा में शामिल सभी लोगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीबीआई ने सिसोदिया को फिर तलब किया

## सिसोदिया ने कहा,अब उन्होंने मुझे कल सुबह 11 बजे सीबीआई मुख्यालय बुलाया है। मैं जाऊंगा और अपना पूरा सहयोग दूंगा

नयी दिल्ली 16 अक्टूबर। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कहा कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं की चल रही जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें तलब किया है।

सिसोदिया ने ट्वीट कर लिखा,मेरे घर पर 14 घंटे तक सीबीआई की छापेमारी की गई, कुछ भी नहीं निकला। मेरे बैंक लॉकर की तलाशी ली, उसमें कुछ नहीं निकला। उन्हें मेरे गांव में कुछ नहीं मिला।

सिसोदिया ने कहा,अब उन्होंने मुझे कल सुबह 11 बजे सीबीआई मुख्यालय बुलाया है। मैं जाऊंगा और अपना पूरा सहयोग दूंगा। सत्यमेव जयते। आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने कहा कि अगर सिसोदिया सीबीआई मुख्यालय जाएंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, कल मनीष सिसोदिया अगर सीबीआई मुख्यालय जाएंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आज तक सीबीआई यह नहीं बता पाई है कि सिसोदिया के पास से क्या मिला?

उन्होंने कहा, सीबीआई-ईडी ने फर्जी घोटाले की जांच के लिए 400-500 अधिकारियों को लगाया है, लेकिन उन्हें एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं मिला है।

- **हाल ही में सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में अनियमितताओं में यू.पी. के गाजियाबाद में सिसोदिया के पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर की तलाशी ली थी।**

उन्होंने कहा, यह आबकारी नीति की बात नहीं है, गुजरात में चुनाव हैं और भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ सिसोदिया जी की रैली के बाद गिरता है। मैं भाजपा को चेतावनी देती हूं, अगर सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया तो आप का ग्राफ तेजी से बढ़ेगा। हाल ही में सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सिसोदिया के पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर की तलाशी ली थी।

## बाइडन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की आलोचना की

वाशिंगटन, 16 अक्टूबर (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस का विवादास्पद कर कटौती कार्यक्रम एक 'गलती' है।

बाइडन ने शनिवार को लिज ट्रस की योजना के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, मैं अकेला नहीं हूं जिसने सोचा कि यह एक गलती थी। मैं इस नीति से असहमत था, लेकिन इस पर ग्रेट ब्रिटेन को निर्णय लेना है, मुझे नहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अमेरिकी डॉलर की मजबूती के बारे में चिंतित हैं, बाइडन ने कहा कि वह चिंतित नहीं हैं।

- **बाइडन ने शनिवार को लिज ट्रस की योजना के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ''मैं अकेला नहीं हूं जिसने सोचा कि यह एक गलती थी। मैं इस नीति से असहमत था, लेकिन इस पर ग्रेट ब्रिटेन को निर्णय लेना है, मुझे नहीं''**

उन्होंने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था आतंरिक रुप से काफी में मजबूत है, मुद्रास्फीति दुनिया भर में है। यह अमेरिका की तुलना में हर जगह खराब है। आर्थिक विकास दर की कमी और ठोस नीतियों की कमी अन्य देशों की समस्या है ,हमारी नहीं।

गौरतलब है कि शुक्रवार को क्वासी क्वार्टेंग ने ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## 'ताइवान के लिए बल प्रयोग भी मंजूर'

बीजिंग 16 अक्टूबर। चीन ने कहा है कि ताइवान उसका अभिन्न अंग और इससे संबंधित मुद्दे को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का हर संभव प्रयास करेगा लेकिन जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग करने के अधिकार को वह कभी भी नहीं छोड़ेगा।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को एक प्रमुख पार्टी बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा,ताइवान के मुद्दे को हल करना चीनी लोगों पर निर्भर है और चीन बल प्रयोग के अधिकार को कभी नहीं त्याग करेगा, लेकिन शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रयास करेगा।

- **राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि ताइवान के मुद्दे को हल करना चीनी लोगों पर निर्भर है और चीन बल प्रयोग के अधिकार को कभी नहीं त्याग करेगा।**

ताइवान, जिसे चीन अपने क्षेत्र के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों पर हिंदी थोपना नुकसानदेह'

चेन्नई, 16 अक्टूबर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के हालिया प्रयासों का हवाला देते हुये कहा कि हिंदी थोपना अव्यावहारिक और विभाजनकारी चरित्र का है।

स्टालिन ने कहा कि यह देश की अखंडता के लिए हानिकारक होगा और गैर-हिंदी भाषी लोगों के लिए कई मायनों में बहुत ही नुकसानदेह साबित होगा। स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में कहा कि यह केवल तमिलनाडु को स्वीकार्य नहीं होगा बल्कि किसी भी उस राज्य को स्वीकार्य नहीं होगा जो अपनी मातृभाषा का सम्मान करता है और उसे महत्व देता है। इस पत्र की प्रतियां आज यहा मीडिया को जारी की गयी। उन्होंने आधिकारिक भाषा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट का जिक्र करते हुये कहा कि तमिल सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं को बराबर का सम्मान दिया जाना चाहिये, यह अनेकता में एकता का मूल सिंद्धान्त है। रिपोर्ट में केन्द्र सरकार के सभी शैक्षिणक संस्थानों में हिन्दी को अनिवार्य किये जाने की सिफारिश की गयी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार में सभी भाषाओं को राजभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए।

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भाजपा सरकार के हालिया प्रयासों का हवाला देते हुये कहा कि हिंदी थोपना अव्यावहारिक और विभाजनकारी है।**
- **स्टालिन ने कहा कि यह देश की अखंडता के लिए हानिकारक होगा और गैर-हिंदी भाषी लोगों के लिए कई मायनों में बहुत ही नुकसानदेह साबित होगा।**
- **स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में कहा कि यह केवल तमिलनाडु को स्वीकार्य नहीं होगा बल्कि किसी भी उस राज्य को स्वीकार्य नहीं होगा जो अपनी मातृभाषा का सम्मान करता है और उसे महत्व देता है।**

साथ ही उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में अनुशंसित विभिन्न तरीकों से हिन्दी थोपने को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिये और भारत की एकता की गौरवमयी ज्वाला हमेशा ऊंची रखना चाहिये। स्टालिन ने कहा कि समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ संबंधित विशिष्ट भाषाई स्वाद भारतीय उपमहाद्वीप का गौरव और ताकत है। विश्व में भारत एक बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी के लिए एक चमकदार उदाहरण के रूप में खड़ा है।

# झांसी की रानी को ग्वालियर के राजमहल में मिली प्रतिष्ठा

## प्रथम स्वाधीनता संग्राम के इतिहास ने करवट ली है और झांसी की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सिंधिया राजवंश के महल में एक महान योद्धा के रूप में प्रतिष्ठित हुईं

ग्वालियर, 16 अक्टूबर। उत्तर भारत में मराठा साम्राज्य के सबसे बड़े गढ़ रहे ग्वालियर में आज भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के इतिहास ने करवट ली और तमाम पूर्व धारणाओं को तिरोहित करते हुए झाँसी की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सिंधिया राजवंश के महल में एक महान योद्धा के रूप में प्रतिष्ठित हुईं।

सिंधिया राजवंश के उत्तराधिकारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर उनके विशाल जय विलास महल में छत्रपति शिवाजी महाराज वंश परंपरा, सिंधिया राजवंश के महान पराक्रमी महाराजा महादजी सिंधिया और भारत के स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले मराठा वीरों को समर्पित एक कलावीथिका गाथा स्वराज की का देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकार्पण किया।

- **रानी लक्ष्मीबाई को लेकर अपने पूर्वजों पर 164 साल पहले लगे लांछन को बहुत ही गरिमामय तरीके से दूर करने की पहल की है जो अंततः मराठा हिन्दवी स्वराज के गौरव को और उज्ज्वल बनाएगा।**
- **सबको पता है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई की शहादत को लेकर सिंधिया राजवंश डेढ़ सदी से लगातार आलोचना झेलता आ रहा है। देश की आजादी के बाद महाराजा जीवाजी राव सिंधिया, राजमाता विजया राजे सिंधिया और श्रीमंत माधवराव सिंधिया भी उन धारणाओं को दूर करने की पहल नहीं कर पाये।**

ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने और मेला ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद शाह ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ जय विलास महल पहुंचे जहां प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया, महाआर्यमन सिंधिया, मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री सुयशोधरा राजे सिंधिया ने उनका, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का भव्य स्वागत किया। मध्य प्रदेश सरकार में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री आशुतोष भी थे।

देश में मराठा शासकों का बड़ा योगदान रहा है। देश में हिन्दवी साम्राज्य की स्थापना को लेकर शिवाजी महाराज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

कर्म, ज्ञान और भक्ति- ये तीनों जहाँ मिलते हैं वहीं सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ जन्म लेता है। -अरविंद

# भारत में बेरोज़गारी : इस नज़र से भी देखें!

बेरोज़गारी भारतीय समाज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। आज़ादी के बाद से बनने वाली हर सरकार ने इस समस्या को दूर करने के, या कम करने के प्रयास किए हैं। लेकिन उन सब प्रयासों के बाद भी यह समस्या जस की तस बनी हुई प्रतीत होती है। भारतीय समाज में विद्यमान बेरोज़गारी का एक पक्ष यह भी है कि हमारे अधिकांश युवा रोज़गार को सरकारी नौकरी का पर्याय मानते हैं। अगर सरकारी नौकरी मिल गई तो वे बा-रोज़गार हो जाते हैं और जिन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती है, वे ठीक-ठाक कमा लेने के बाद भी ख़ुद को बेरोज़गार ही मानते हैं। सरकारी नौकरी के प्रति ज़बर्दस्त आकर्षण का एक बड़ा कारण उसके द्वारा मिलने वाली सुरक्षा है। आप एक बार नौकरी में घुस गए तो फिर रिटायर होकर ही बाहर निकलेंगे। सरकारी नौकरी आपको काफी लम्बे समय, लगभग तीस-पैंतीस साल के लिए आश्वस्त कर देती है। न केवल इतने बरसों के लिए, इनके बाद भी पेंशन के रूप में आपको निश्चिंतता प्रदान करती है। स्व रोज़गार में यह सुविधा कहां? इसके अलावा, हमारे यहां जो व्यवस्था बन गई है उसके अनुसार एक बार सरकारी नौकरी पा लेने के बाद इस बात की कोई ख़ास ज़रूरत नहीं रह जाती है कि आप अपनी दक्षता को बढ़ाएं। बल्कि उसको बनाए रखने की ज़रूरत भी बहुतों को महसूस नहीं होती है। ये सारी बातें करने का एक ख़ास प्रसंग है।

पिछले दिनों किसी संदर्भ में लगभग एक सौ ऐसे युवाओं से संवाद करने का मौका मिला जो राज्य के विविध सरकारी या निजी विद्यालयों में हिंदी या हिंदी साहित्य पढ़ा रहे हैं। इनमें से कुछ प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक थे तो कुछ माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के। इनके अलावा कुछ युवा ऐसे भी थे जो कहीं भी नियोजित नहीं थे। एक बात सबमें समान थी कि ये हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त थे, कुछेक तो पी.एच.डी. प्राप्त भी थे। इनसे बात करके मुझे जो बात सबसे खराब लगी वह यह कि बावज़ूद साहित्य की विधिवत पढ़ाई करने और उसी के बलबूते पर नौकरी पाने या नौकरी पाने की इच्छा रखने के इनका साहित्य से कोई सजीव और सक्रिय रिश्ता नहीं था। एम.ए. करते वक़्त जो इन्होंने पढ़ा, वही इनके पढ़ने का इत्यलम था। पढ़ाई छोड़ने और अध्यापन करने के पांच-दस बारह-पंद्रह वर्षों में इन्होंने कुछ भी नया नहीं पढ़ा। न केवल नया नहीं पढ़ा, जो पहले पढ़ा था उसे भी याद रखने का कोई ख़ास प्रयास इन्होंने किया हो, ऐसा नहीं लगा। और तब जो पढ़ा, वह साहित्य के आनंद के लिए नहीं, परीक्षा की वैतरणी पार करने के लिए ही पढ़ा। पास बुक्स वगैरह से जैसे तैसे जो पढ़ा, उससे परीक्षा पास कर ली, नौकरी हासिल कर ली, और बस। यह जानना बहुत दुखद था कि ऐसे युवाओं में से अधिकांश ने शायद ही पाठ्यक्रम में सम्मिलित किसी कृति को उसके मूल रूप में पढ़ा हो।

जब बात को आगे बढ़ाते हुए मैंने यह जानना चाहा कि बाद के वर्षों में इन्होंने कुछ भी क्यों नहीं पढ़ा, तो एक सामान्य उत्तर यह मिला कि वे दूर-दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं और वहां इन्हें कोई साहित्यिक सामग्री सुलभ नहीं है। इस बात से असहमत भी नहीं हुआ जा सकता। हमारे शैक्षिक संस्थानों और गांवों में पुस्तकालय या तो हैं ही नहीं और अगर हैं तो निहायत ही कुप्रबंधित हैं। ग्रामीण क्षेत्र में किताबों की दुकान की तो कल्पना ही फ़िज़ूल है। लेकिन क्या हमारे युवाओं को अन्य किसी भी तरह से पठनीय साहित्यिक सामग्री सुलभ नहीं है?

उनसे यह सुनकर मेरे मन में एक सवाल उठा कि ग्रामीण क्षेत्र में सेवा रत रहते हुए क्या वे कभी आस-पास के किसी बड़े शहर में नहीं जाते हैं? क्या उनकी सारी ज़रूरतें अपने गांवों से ही पूरी हो जाती हैं? अगर वे अपनी रोज़मर्रा की अन्य बहुत सारी ज़रूरतों की चीज़ें अपने ग्रामीण इलाके से बाहर के बाज़ार से जुटाते हैं तो पढ़ने-लिखने की सामग्री क्यों नहीं जुटा सकते? क्या इस सवाल का यह जवाब सही है कि इनमें पढ़ने की कोई ललक ही नहीं है? इन्होंने पढ़ाई किसी आनंद के लिए नहीं, नौकरी पाने के लिए की थी। वह मिल गई तो अब पढ़ने की ज़रूरत ही क्या है? यह बात इसलिए भी विश्वसनीय लगती है कि अगर ललक हो तो ई कॉमर्स सेवाओं या अन्य किसी विधि से भी किताबें-पत्रिकाएं प्राप्त की जा सकती हैं। कुछ लोग ऐसा करते भी हैं। जो लोग नौकरी कर रहे हैं वे यह भी नहीं कह सकते कि ऐसा करने में उनकी आर्थिक स्थिति बाधक है। अगर मन हो तो अपने शौक के लिए कुछ खर्चा किया ही जा सकता है। इसलिए यह कहना बेमानी होगा कि किताबें या पत्रिकाएं खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। और चलिये तर्क के लिए यह भी मान लेते हैं कि जेब ऐसा करने की अनुमति नहीं देती। उस अवस्था में एक विकल्प इण्टरनेट का भी है। अब तो इण्टरनेट के विभिन्न मंचों पर विपुल साहित्यिक सामग्री सुलभ है, और उसमें से अधिकांश निशुल्क है। कविता कोश, गद्य कोश, हिंदी समय, रेख़्ता, हिंदवी और न जाने क्या-क्या! इण्टरनेट अब हमारे जीवन का ऐसा अभिन्न अंग बन चुका है कि ये युवा भी उससे वंचित नहीं होंगे। जो युवा वॉट्सएप, फ़ेसबुक वगैरह का खुलकर इस्तेमाल करते हैं वे इस माध्यम से साहित्य भी पढ़ सकते हैं, अगर चाहें। बहुत सारी पत्रिकाएं निशुल्क ऑनलाइन मिल जाती हैं। उन्हें पढ़ा जा सकता है। नॉट नल जैसे ठिकानों पर हिंदी की अधिकांश पत्रिकाएं सुलभ हैं। ई-पुस्तकालय जैसे ठिकानों पर पीडीएफ रूप में अनगिनत पुस्तकें निशुल्क सुलभ हैं। कहने का आशय यह कि ग्रामीण क्षेत्र में होना या आर्थिक साधनों का सीमित होना अब न पढ़ सकने का वैध व स्वीकार्य कारण नहीं रह गया है।

**विशेष रूप से मानविकी और कला के विभिन्न विषयों में, जहां हर पल परिदृश्य बदलता है, यह बहुत ज़रूरी है कि जिन्हें इनमें से किसी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना है वे अद्यतन के सम्पर्क में रहें, और न केवल आज रहें, हमेशा रहें। तभी वे ठीक से अपना कर्तव्य निर्वहन कर सकेंगे। इस दिशा में सक्रिय, संगठित और सामूहिक प्रयास बहुत ज़रूरी हैं।**

ये सारी बातें मैं साहित्य के प्रचार-प्रसार के मक़सद से नहीं कर रहा हूं। मेरी चिंता यह है कि जो युवा अगली पीढ़ी को साहित्य पढ़ाने का दायित्व अपने कंधों पर उठाये हुए हैं वे ख़ुद अगर उससे दूरी बरत रहे हैं तो उनसे किस तरह के कर्तव्य पालन की उम्मीद की जाए? सीधी बात यह कि वे ठीक से अपना कर्तव्य पालन नहीं कर रहे हैं। इस बात को बेरोज़गारी के मुद्दे के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। सरकारी नौकरी, अर्थात अपना काम ठीक से न करने की आज़ादी! क्या इसीलिए हम सरकारी नौकरी चाहते और उसके न मिलने पर हाय तौबा मचाते हैं? जो हाल इन सेवारत युवाओं का है, उनसे बहुत भिन्न हाल उनका नहीं है जो किसी सेवा में प्रवेश पाने के लिए प्रयत्न रत हैं। ऐसे ही लोग, जो किसी भी तरह अपने को योग्य प्रमाणित नहीं कर पाते हैं, नौकरियों और चयन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बातें करते हैं। मैं नहीं कहता कि सब कुछ सब जगह साफ़ सुथरा है। लेकिन जो इस तरह के दोषारोपण करते हैं उन्हें ख़ुद अपने गिरेबां में भी झांक कर देखना चाहिए। आप नौकरी में आना चाह रहे हैं या नौकरी कर रहे हैं तो आप निरंतर कुछ पढ़ते क्यों नहीं हैं? बिना पढ़े आप अपने काम के साथ न्याय कैसे कर सकते हैं? अगर आपको अपने विषय से कोई लगाव नहीं है तो आप अपने काम के साथ क्या न्याय कर रहे हैं? अगर आप शिक्षक हैं तो अपने विद्यार्थियों को क्या दे पा रहे हैं? क्या इस तरह एक पीढ़ी का निकम्मापन दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित नहीं हो रहा है? और जो अभी नौकरी की तलाश में हैं, वे अगर अभी भी नहीं पढ़ रहे हैं तो नौकरी मिल जाने के बाद पढ़ लेंगे, यह तो सोचना ही व्यर्थ है!


ये सारी बातें करने का मेरा मक़सद हमारी युवा पीढ़ी की मानसिकता के एक अंधेरे पक्ष को उजागर करने का है। बेशक यह पीढ़ी अपने लिए जीवन में बेहतर चाहती है, लेकिन उस बेहतर के लिए किसी भी तरह का प्रयत्न करने से बचती है। हो सकता है उन्हें इसके लिए किसी ने कोई राह न बताई हो। अगर ऐसा है तो यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यहीं यह भी कि मैंने तो चर्चा साहित्य की की है, लेकिन अन्य विषयों में अपने लिए रोज़गार की सम्भावनाएं तलाश करने वाले युवाओं की हालत भी इनसे बहुत अलग नहीं है। विशेष रूप से मानविकी और कला के विभिन्न विषयों में, जहां हर पल परिदृश्य बदलता है, यह बहुत ज़रूरी है कि जिन्हें इनमें से किसी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना है वे अद्यतन के सम्पर्क में रहें, और न केवल आज रहें, हमेशा रहें। तभी वे ठीक से अपना कर्तव्य निर्वहन कर सकेंगे। इस दिशा में सक्रिय, संगठित और सामूहिक प्रयास बहुत ज़रूरी हैं। ये प्रयास विभिन्न सरकारी संस्थानों के साथ-साथ सम्बद्ध विषयों के स्वैच्छिक संगठनों, ग़ैर सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और रुचिवान एवं दृष्टि सम्पन्न अकादमिकों द्वारा किए जा सकते हैं। जो हालात हैं हम उनके मूक दर्शक नहीं बने रह सकते!

यहां मैंने जो बातें कही हैं वे मुख्यत: अध्यापन के संदर्भ में है। बहुत सारी नौकरियां ऐसी हैं जिनमें अद्यतन के सम्पर्क में रहना इस तरह ज़रूरी नहीं होता है। अगर आप लिपिक हैं, प्रशासनिक दायित्व निबाह रहे हैं या ऐसा ही कोई अन्य काम कर रहे हैं तो आपसे उस दायित्व की अपेक्षाएं भिन्न होती हैं। लेकिन समय जिस तेज़ी से बदल रहा है उसमें हर दायित्व के संदर्भ में नया जानना और उसको बरतने की दक्षता प्राप्त करना ज़रूरी होता जा रहा है। दुर्भाग्य से, यह प्रवृत्ति हमारे समाज में बहुत कम देखने को मिल रही है।


**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

## 205वें जन्म दिवस पर विशेष

# महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद एवं साम्प्रदायिक एकता के प्रतीक 'सर सैयद अहमद खां'



यादरामसिंह यादव



सर सैयद अहमद खां

■ **अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में सूडान, ईरान, फिलीस्तीन, जोर्डन, थाईलैण्ड, कीनिया, नेपाल, बंगलादेश आदि देशों के छात्र भी अध्ययन करने आते हैं**

आधुनिक भारत के नव निर्माण एवं विकास में सर सैयद अहमद खां का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अलीगढ़ में 1875 में स्थापित एक मदरसे से शिक्षा की शुरूआत कर 'मुहम्मडन एंग्लो ओरियन्टल कॉलेज' खोलकर एवं बाद में इसी को सन् 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम से विकसित एवं स्थापित किया था। जिसमें देश-विदेश की अनेकों प्रसिद्ध हस्तियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर निकली थी।

सर सैयद अहमद का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा फारसी, अरबी तथा अंग्रेजी में हुयी। कानून की परीक्षा 1941 में उत्तीर्ण करने के बाद उत्तरप्रदेश के शहर मैनपुरी में न्यायाधीश के पद पर नियुक्त हुए। सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आन्दोलन के समय सर सैयद अहमद खां बिजनौर में नियुक्त थे। इन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों से बहुत दुखी होकर एक पुस्तक 'अतबाबे बगांवते हिन्द' लिखी, जिसमें अंग्रेजी कम्पनी की नीतियों की निन्दा करते हुए इस आन्दोलन का कारण स्वयं अंग्रेजों को बताया था। उन्होंने राजा राममोहन राय, केशवचन्द्र सैन तथा देवेन्द्रनाथ टैगोर के द्वारा किये गये सामाजिक सुधारों का अध्ययन व अनुभव से प्रेरणा लेकर, देश के सामाजिक ढांचे में परिवर्तन करने का संकल्प लिया। उनकी सोच एवं विश्वास था कि पाश्चात्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा शिक्षा द्वारा ही मुसलमानों में सुधार हो सकता है।

सर सैयद अहमद खां ने सन् 1864 में सर्वप्रथम गाजीपुर में पहला मदरसा खुलवाया। इसके बाद मुरादाबाद, बिजनौर, फतेहपुर सीकरी, दिल्ली व बनारस आदि स्थानों जहां-जहां वे नौकरी में रहे, में मुस्लिम शिक्षा के लिए मदरसे खुलवाये। उन्होंने अंग्रेजी भाषा के ज्ञान-विज्ञान के खजाने को उर्दू भाषा में लाने के लिए 1864 में 'सांइटिफिक सोसायटी' की स्थापना की। उन्होंने 'अलीगढ गजट' नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया।

सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त करके उन्होंने ऑक्सफोर्ड एवं कैम्ब्रिज जैसी यूनीवर्सिटीज़ की शिक्षा व्यवस्था-संसाधनों के अध्ययन हेतु 1869 में इंग्लैण्ड की यात्रा की। यूरोप में हुए शिक्षा एवं साहित्य के विकास का वर्णन एवं स्वयं के अनुभवों को अपने अखबार में प्रकाशित करते थे। इसके अलावा पत्र में मजदूर किसानों को यूरोप के समान अधिकार दिलाने की अंग्रेजों से मांग करते थे। भारत लौटकर सन् 1875 में एक मदरसा 'तुल-उलूम' स्थापित किया और इसके उपरान्त 18 जनवरी 1877 को 'मुहम्मडन-एंग्लो ओरियन्टल कॉलेज' का नाम दिया। इस कॉलेज के निर्माण में हिन्दुओं ने भी दिल खोलकर दान दिया। कॉलेज की स्थापना में सर सैयद अहमद खां ने अपनी समस्त जमा पूंजी/संसाधन लगा दिये थे। हिन्दुओं से प्राप्त दान के बारे में कहा कि, मैं अपने उन हिन्दू भाईयों के अहसान से कैसे मुक्त हो सकता हूँ, जिन्होंने अपने मुस्लिम भाईयों की दुर्दशा पर विचार कर इस कॉलेज के निर्माण में हजारों रूपयों की सहायता की है।

उन्होंने सन् 1870 में 'तहजीबुल अखलाक' नामक उर्दू में तथा 'निशान्त' हिन्दी में एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन किया था। वह उर्दू को भारतीय भाषा के रूप में मानते थे। उन्होंने 27 जनवरी 1883 को पटना में भाषण देते हुए कहा था कि यह मुल्क हिन्दुतान ही हम दोनों का वतन है। इसकी सेवा से ही हम दोनों जीते हैं। पवित्र गंगा-जमुना का पानी पीते हैं। हिन्दुस्तान की पैदावार हम दोनों खाते हैं। मरने-जीने में हम दोनों साथ हैं। यहां रहते -रहते हम दोनों की रंगत तथा खून एक जैसा हो गया है। मुसलमानों ने हिन्दुओं की सैंकड़ों रस्में अख्तियार की है और हिन्दुओं ने भी मुसलमानों की सैंकड़ों आदतें अपनायी हैं। हम दोनों ने एक नयी जबान उर्दू पैदा कर डाली है।

उन्होंने कौमी एकता के गुरूदासपुर की सभा में 27 जनवरी 1884 को दिये गये अपने भाषण में कहा कि हे हिन्दु-मुसलमानों क्या तुम हिन्दुतान के सिवाय और किस मुल्क के रहने वाले हो, तथा तुम इसी जमीन पर दोनों नहीं बसते, क्या इसी जमीन पर तुम दफन नहीं होते या इसी जमीन के घाट पर जलाये नहीं जाते हो। इसी पर मरते हो और इसी में खाक हो जाते हो। याद रखो हिन्दु-मुसलमान एक मजहबी लफ़्ज़ है। हिन्दु-मुस्लिम व ईसाई जो इस मुल्क में रहते हैं एक ही कौम है।

सर सैयद अहमद खां ने मुख्यत: मुस्लिम स्त्रियों को ऊँचा उठाने के लिए 'पर्दा प्रथा' समाप्त करने तथा स्त्रियों की शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बहु विवाह एवं तलाक की भी निन्दा की। सर सैयद अहमद खां को देश में ''शिक्षा का महात्मा गांधी'' कहा जाता है।

उन्होंने अलीगढ़ कालेज के दरवाजे हिन्दुओं की शिक्षा के लिए भी उदारता पूर्वक खोल दिये। सन् 1920 में स्थापित मुहम्मडन एंग्लो ओरियन्टल कालेज ही मुस्लिम यूनीवर्सिटी के रूप में विकसित-परिवर्तित हुआ था। इस विश्वविद्यालय की प्रथम चांसलर एक मुस्लिम महिला 'सुल्तान जहां बेगम' बनायी गयी, जो विश्व की पहली महिला चांसलर थी। इस विश्वविद्यालय में लगभग बीस हजार छात्र-छात्राऐं छात्रावासों में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें भारत के अलावा सूडान, ईरान, फिलीस्तीन, जोर्डन, थाईलैण्ड, कीनिया, नेपाल, बंगलादेश आदि विदेशी छात्र भी अध्ययन करने आते हैं।

सर सैयद अहमद खां की निर्माण प्रतिभा का प्रतिफल, आज का यह जीता जागता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय है, जिसमें हर जाति, धर्म, सम्प्रदाय व देश के छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यहाँ से शिक्षा प्राप्त करने वाले कुछ छात्रों व अध्यापकों का उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है। रफी अहमद किदवई, शेरे-ए-कश्मीर-शेख अब्दुला (स्वतंत्रता सेनानी), पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन, अहमद सईद सत्तारी, अब्दुल गफूर (राजनीतिज्ञ) वसीद अहमद सिद्की, डी. डी. कौसाम्बी, प्रोफेसर मो. हबीब, प्रो. नुरूल हसन, सैयद हामिल अली आदि राही मासूमरजा, सहादत हसन मिन्टो, इस्मत चुगताई, कुर्रतुलऐन हैदर (प्रसिद्ध साहित्यकार) हसरत मोहानी, सुहैल इकबाल, लाला अमरनाथ, मुस्ताक अली, गोविन्दा, ध्यानचन्द शकूर, जफर इकबाल तथा गौस मोहम्मद (प्रसिद्ध खिलाड़ी), एन्टार्टिका महादीप की खोज कर सर्वप्रथम तिरंगा झण्डा फहराने वाले जहूर कासिम, नेशनल ओसीनोग्राफी के निदेशक एच.एच. सिद्की (भटनगर पुरस्कार प्राप्त) फिल्म निर्देशक-तनवीर अहमद, मुजफर अली, फिल्म कहानीकार जावेद अखतर, राही मासूमरजा, संगीतकार तलक महमूद तथा अभिनय में बेगम पारा, नैना, रेणुका देवी, सैयद जाफरी, खुर्शीद तब्बसुम, नसीरूद्दीन शाह, सलीम जावेद आदि देश की महान हस्तियाँ इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर निकले हैं।

उनका निधन 27 मार्च 1898 को अलीगढ़ में 81 वर्ष की आयु में हो गया था। उनकी दिव्यज्योति शिक्षा के रूप में आज भी अमर है। उर्दू के मशहूर शायर 'अल्लाम इकबाल' का लिखा एक शेर उस महान व्यक्तित्व के सम्मान में सटीक बैठता है।

**''हजारों साल नर्गिस, अपनी बेनूरी पे रोती है,**
**बड़ी मुस्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा।''**

सर सैयद अहमद खां ने जो भारत की एकता, ज्ञान विज्ञान, अंग्रेजी शिक्षा, देश का नवनिर्माण तथा धार्मिक सद्भाव में सबसे महत्वपूर्ण योगदान किया है। वह एक प्रखर राष्ट्रवादी एवं सच्चे देशभक्त थे। उनकी शिक्षा की ज्योति से सभी वर्ग रोशन हुए हैं। वह शिक्षा ज्योति उनके स्थापित अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी के द्वारा आज भी अमर है एवं हमेशा जलती रहेगी।

**यादरामसिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार**



**ऑपरेशन राजौरी रक्षक जम्मू एवं कश्मीर के तहत सूबेदार राजेंद्रप्रसाद भांबू जम्मू कश्मीर के राजौरी में उग्रवादियों से को लोहा लेते हुए 11 अगस्त 2022 वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी बहादुरी के लिए उनकी पत्नी तारमणि देवी एवं छोटे भाई राजेश भांबू को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा इंडिया गेट दिल्ली में सम्मानित किया गया। शहीद राजेंद्र प्रसाद भांबू झुंझुनूं जिले के मालीगांव के निवासी हैं। वर्तमान में उनका पूरा परिवार, छोटे भाई राजेश भांबू के साथ में श्रीगोपाल नगर सिरसी रोड जयपुर में झोटवाड़ा विधानसभा में रहता है। शहीद राजेंद्रप्रसाद भांबू के पिता बदरुराम भांबू भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। शहीद राजेंद्रप्रसाद भांबू के दो बेटियां और एक बेटा हैं। बड़ी बेटी प्रिया एमएससी बीएड कर रही है।**

## बिजली चोरों पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया

**बयाना, (निसं)।** कस्बे में लगातार हो रही विद्युत चोरी की घटनाओं को लेकर विद्युत विभाग की टीम ने सतर्कता दल का गठन कर कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में रविवार की अलसुबह कार्रवाई करते हुए 11 स्थानों पर छापे मारे। जहां बिजली चोरी को पकड़ कर बिजली चोरों के खिलाफ बीसीआर भरते हुए ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

विद्युत निगम के एक्सईएन विवेक शर्मा ने बताया कि लगातार बढ़ रही बिजली चोरी की समस्या से परेशान विद्युत निगम ने टीम गठित कर शनिवार की रात एवं रविवार की अलसुबह कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 11 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ कर बिजली चोरों के खिलाफ ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए अवैध कनेक्शनों को काटा है। विद्युत निगम के दस्ते में सहायक अभियंता प्रमोद शर्मा, कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह, ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 35 यात्रियों के साथ जैसलमेर पहुंची पैलेस ऑन व्हील्स

■ **देशी-विदेशी सैलानियों के साथ इस ट्रेन का जैसलमेर पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ**

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पहियों का महल कही जाने वाली शाही ट्रेन रविवार को पहले फेरे में स्वर्णनगरी जैसलमेर पहुंची। 35 देशी-विदेशी सैलानियों के साथ इस ट्रेन का जैसलमेर पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ।

यात्रियों की राजसी ठाठ-बाट और अत्याधुनिक सुविधाओं का एक साथ अहसास कराने वाली ''पैलेस ऑन व्हील्स'' रविवार को जब साल के पहले फेरे में जैसलमेर पहुंची तो उसके अंदाज में आमूल बदलाव नजर आये। 35 देशी विदेशी सैलानियों के साथ जैसलमेर पहुंचने पर शाही रेल का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

जैसलमेर की परंपरा के अनुसार सभी यात्रियों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

भव्य स्वागत देख सभी यात्री अभिभूत हो गये। यात्रियों का कहना है कि हमारा सफर काफी आनन्दमय है। 7 सितारा होटल जैसा अनुभव हमे इस रेल में मिल रहा है।

यहां का खाना बहुत ही स्वादिष्ट और लाजवाब है और स्टाफ काफी मनमोहक है। सभी यात्रियो ने दिन भर शहर का भ्रमण किया शाम को सम के मखमली धोरों का लुत्फ उठाया।



**पहियों को महल कही जाने वाली शाही ट्रेन जैसलमेर पहुंची।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 17 अक्टूबर, 2022**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र मंगलवार प्रात: 5:12 तक, शिव योग सांय 4:12 तक, बव करण प्रात: 9:30 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:28 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कार्तिक संक्रांति, सूर्य तुला में रात्रि 7:22 से प्रवेश करेगा। पुण्य काल दिन 12:58 से आरम्भ होगा। आज कालाष्टमी, अहोई अष्टमी और अरूणोदय काल में मथुरा के राधा कुण्ड में स्नान है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:56 तक, शुभ 9:22 से 10:47 तक, चर 1:37 से 3:03 तक, लाभ-अमृत 3:03 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:53

### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### मिथुन
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### सिंह
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कन्या
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला
नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### धनु
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### मीन
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आज, राजस्थान में कुल 414 मतदाता

## राघवेंद्र मिर्धा नहीं करेंगे मतदान, वहीं निर्वाचन अधिकारी बनाए जाने के कारण जुगल प्रजापति महाराष्ट्र में करेंगे मतदान

- खड़गे की ओर से 4, थरूर की ओर से 6 पोलिंग एजेंट संभालेंगे जिम्मेदारी
- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक डाले जा सकेंगे वोट, वोटर के लिए परिचय पत्र और वैध आईडी होना जरूरी

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सोमवार 17 अक्टूबर को मतदान होगा। इसके लिए मतपेटियां और मतपत्र रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंच गए हैं। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसमें 414 डेलीगेट्स बैलेट पेपर के जरिए गुप्त मतदान करेंगे। पीसीसी में मतदान के लिए 2 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें एक बूथ पर 200 जबकि दूसरे बूथ पर 214 डेलीगेट्स अपने मत का प्रयोग करेंगे।

वोटिंग में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डेलीगेट्स बारकोडिंग परिचय पत्र से मतदान करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने खड़गे के लिए 4 नसीम अख्तर इंसाफ, रामसिंह कस्वां, ललित तूनवाल, मुमताज मसीह जबकि शशि थरूर के लिए 6 पोलिंग एजेंट रामेश्वर विजय, अविनाश थानवी, डॉ दीपक चौधरी, आदित्यनाथ शर्मा, अमन जैन, अशोक कुमार सोनी बनाए हैं। राजस्थान के कुल 414 वोटों में से नागौर के पीसीसी सदस्य राघवेंद्र मिर्धा मतदान नहीं करेंगे। इस बारे में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सूचित किया है कि उनकी माताजी के निधन के चलते 17 अक्टूबर को उनके गांव में शोक सभा रखी गई है। इसके चलते हुए मतदान में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वहीं एक अन्य सदस्य पाली के जुगल प्रजापत को महाराष्ट्र का निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है इसलिए वह अपना मतदान महाराष्ट्र में ही करेंगे। वहीं कुछ अन्य नेता भी प्रदेश के बाहर पार्टी के काम के लिए गए हुए हैं। इसलिए वह भी अपना मत उन्हीं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में डालेंगे जहां कि उन्हें जिम्मेदारी दी गई है।

वोटिंग के बाद प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर एजेंट की मौजूदगी में मत पेटियों को सील कर दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। इसके बाद 19 अक्टूबर को दिल्ली स्थित एआईसीसी ऑफिस में मतगणना होगी और उसी दिन रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि यहां मतदान से पहले ही खड़गे के पक्ष में एक तरफा वोटिंग होने के आसार जताए जा रहे हैं। वहीं रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर मत पेटी और मतपत्र पहुंच गए। मतपत्र पर दोनों प्रत्याशियों मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के नाम लिखे गए हैं। वोटिंग के लिए बनाए गए बारकोडिंग परिचय पत्र डेलीगेट्स को साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा डेलीगेट्स को अपने साथ पहचान के लिए सरकारी फोटो, आईडी कार्ड भी साथ लाना होगा।

आईसीसी के सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री की देखरेख में राष्ट्रीय अध्यक्ष के पूरे चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में बैलेट पेपर भी उन्हीं के हस्ताक्षर के साथ जारी हुए हैं। बैलेट पेपर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का नाम, मेंबर का नाम, मेंबर का सीरियल नंबर और जगह भी लिखना होगा, जिसे बैलेट बॉक्स में डालने से पहले ही अलग कर लिया जाएगा।

# पंडित भंवर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित



पूर्व कैबिनेट मंत्री और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित भंवर लाल शर्मा के निधन पर रविवार शाम को विद्याधर नगर स्थित राजस्थान ब्राह्मण महासभा भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**जयपुर**। राज्य सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित भंवर लाल शर्मा के निधन पर रविवार शाम को विद्याधर नगर स्थित राजस्थान ब्राह्मण महासभा भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर समाज के विभिन्न वर्गों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राम धुनी के बाद हरि नाम संकीर्तन किया गया।

पंडित भंवर लाल शर्मा की आत्मा को सद्गित देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पंडित भंवर लाल शर्मा के पुत्र केसरी शर्मा, भतीजे कुलदीप शर्मा, पौत्र निखिल शर्मा, दामाद पवन शर्मा सहित परिवार के अन्य लोगों एवं बडी संख्या में रिश्तेदारों ने शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पंच खंड पीठाधीश्वर स्वामी सोमेंद्र महाराज, शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला, सांसद रामचरण बोहरा, पत्रकार गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री शैलेंद्र जोशी,पूर्व सांसद अश्क अली टाक, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, रीको के चेयरमैन सीताराम अग्रवाल, सांगानेर के जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज, जाट समाज के अध्यक्ष राजाराम मील, राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष अजीत सिंह मामडोली सहित बडी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर ऑल इंडिया ब्राहमण फेडरेशन के सचिव मोहन प्रकाश शर्मा, अखिल भारतीय हरियाणा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदी चंद शर्मा, गौड ब्राह्मण महासभा के संरक्षक नटवरलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल, विप्र सेना के अध्यक्ष सुनील उदिया, गायत्री परिवार के नेतराम शर्मा, गौड विप्र समाज जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा,राजस्थान ब्राह्मण महासभा सुभाष पाराशर, एसडी शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज, अश्वनी तिवारी, विपिन शर्मा, राजेंद्र शर्मा, उमाकांत दवे, धर्मेंद्र शर्मा, रमेश ओझा, अखिल शुक्ला, सुरेश जोशी, केदार शर्मा, आर एस जैमिनी, दीक्षांत शर्मा, ललित शर्मा, रोशन लाल शर्मा, सोहन लाल शर्मा, बाला सहाय शर्मा, पार्षद करण शर्मा, पूर्व पार्षद सुशील शर्मा सहित बडी संख्या में लोगों ने पंडित भंवर लाल शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इससे पूर्व सुबह हरिद्वार में पंडित भंवर लाल शर्मा की अस्थियां विसर्जित की गई।

# 'फॉसिल फ्यूल इंडस्ट्री में कम कार्बन व्यवस्था का रोडमैप जरूरी'

- एपीजी इंडिया के तत्वावधान में जयपुर में जियो इण्डिया 2022 सम्पन्न
- कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिनिधियों और 600 भू वैज्ञानिकों ने भाग लिया

**जयपुर**। तीन दिवसीय दक्षिण एशियाई भूविज्ञान सम्मेलन जियो इण्डिया-2022 रविवार को जेईसीसी सीतापुरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मेगा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिनिधियों और 600 भू वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने फॉसिल फ्यूल, डीकार्बोनाइजेशन और चेंजिंग एनर्जी डायनेमिक्स पर अपने विचार साझा किए।

ओएनजीसी के सीएमडी और मुख्य संरक्षक एपीजी इंडिया राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जियोइंडिया-2022 ने सभी को एक मंच पर जोड़ा है, जिसमे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन जैसी डाउनस्ट्रीम कंपनियों ने भी इस बार भाग लिया है। दुनिया भर के तेल और गैस विशेषज्ञों ने इस आयोजन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में भाग किया और संदर्भित विषयों पर चर्चा की। इन तीन दिनों में विचार मंथन से कई सारगर्भित बिंदु सामने आए। सबसे अहम बात जो सामने आई वह थी कि फॉसिल फ्यूल इंडस्ट्री में कम कार्बन व्यवस्था का रोडमैप जरूरी है।

विशेषज्ञों कहना था कि ऊर्जा मिश्रण में परिवर्तन एक वास्तविकता है, लेकिन इतिहास में ऐसे पहले के परिवर्तनों को देखते हुए, वर्तमान में इस परिवर्तन में समय लगेगा। हालांकि परिवर्तन के बाद भी ऊर्जा स्त्रोत पूरी तरह से नहीं जाएंगे, इसलिए, जीवाश्म ईंधन लंबे समय रहेगा और उद्योग अधिक पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी होने के लिए तैयार है।

इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (अन्वेषण और उत्पादन) हृदेश बैनडेल ने कहा कि तेल और गैस कारोबार में भूविज्ञान के समग्र अनुप्रयोग के लिए ऊर्जा कंपनियों का एकीकरण आवश्यक है।

इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान एक बात यह भी सामने आई कि वर्तमान में हरित स्वच्छ ईंधन के लिए और तकनीकी विकास की आवश्यकता है और भारत आकर्षक सरकारी नीतियों के साथ प्रौद्योगिकी के नए मोर्चे प्रदान करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। चचाओं में ऊर्जा क्षेत्र में डिजिटलीकरण की बहुत बड़ी भूमिका बताया गया। हालांकि, डिजिटलीकरण को केवल तकनीक आधारित समाधान के रूप में देखने की अपेक्षा, इसे पूरे संगठन में परिवर्तनों के साथ कुल व्यावसायिक परिवर्तन के रूप में देखने की आवश्यकता बताई जिसमें नजरिया, प्रणाली, प्रक्रियाएं, लोग, मानसिकता और संस्कृति शामिल हैं।

चचाओं की यह भी निष्कर्ष रहा कि विभिन्न तकनीकी समाधान जैसे कि बुनियादी ढांचे में उन्नित के साथ-साथ फ्लेयरिंग को कम करना, कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एण्ड स्टोरेज (सीसीयूएस), कृषि-आधारित अर्थव्यवस्थाओं और शैवाल (एलगी) आधारित बायोगैस, मीथेन पायरोलिसिस, सौर ऊर्जा के साथ वृद्धि में हरित हाइड्रोजन का उपयोग, इलेक्ट्रिक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए हाइड्रोकार्बन के सतत उत्पादन के साथ इंजन और कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण आवश्यक होगा।

इसके साथ ही कई रणनीतिक निर्णयों और पहलों की भी आवश्यकता है जैसे कि एनर्जी चेन को अपस्ट्रीम से डाउनस्ट्रीम में एकीकृत करना, अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) के माध्यम से उच्च उत्सर्जन के क्षेत्रों का पता लगाना, सभी हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण जैसे परिवहन, इन्फ्रा सेक्टर, उपयुक्त वित्तीय और बाजार की स्थिति वर्तमान समय की आवश्यकताएं है। इस दिशा में, ओएनजीसी जैसी राष्ट्रीय तेल कम्पनियां कार्बन डाइऑक्साइड के उपयोग की ओर बढ़ रही हैं, और एक सीसीयूएस पायलट प्रोजेक्ट विचाराधीन है। अगली एपीजी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2024 में आयोजित की जाएगी।

## भाजपा का किसान सम्मेलन लक्ष्मणगढ़ में आज

**जयपुर**। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने बताया कि कांग्रेस सरकार से बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीद की मांग को लेकर सीकर के लक्ष्मणगढ़ में आज पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा का किसान सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया संबोधित करेंगे।

सम्मेलन में बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीद, किसान कर्जमाफी, सुचारू बिजली इत्यादि विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई जाएगी। रणवां ने कहा कि, भाजपा के विशाल किसान सम्मेलन को लक्ष्मणगढ़ में सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद सुमेधानंद सरस्वती इत्यादि संबोधित करेंगे।

## आई बैंक ने 11,600 लोगों को रोशनी का उपहार दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी ने अपनी स्थापना के 20 वर्ष 7 महीनों में राजस्थान तथा अन्य राज्यों के 20 शहरों में रहने वाले 1 ध 1600 लोगों को रोशनी का उपहार देकर उनके जीवन में उजाला लाने का काम किया है। इस अवधि में 17500 कॉर्निया एकत्रित किए गए। यह जानकारी आज यहां वानिकी प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित आई बैंक सोसाइटी की 22 वीं वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष बी.एल. शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि करोना काल के बावजूद सोसाइटी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के प्रयासों से गत 4 वर्षों में सितंबर 2022 तक कूल 6300 कॉर्निया एकत्रित किए गए जबकि 4,262 दृष्टि बाधितों के आखों में कोर्निया प्रत्यारोपित कर उनके जीवन में उजाला लाने का काम किया गया है। यह उपलब्धि एक रिकॉर्ड है। इस अवसर पर हुए एक वर्चुअल समारोह मे पेटीएम के वाइस प्रेसिडेंट कम कमर्शियल ओपरेशन हेड धर्मेन्द्र झाब ने अंधता उन्मूलन कार्यक्रम के लिए आम लोगों तथा संस्थाओ से पेटीएम के कोलोबरेशन से वित्तीय सहयोग जुटाने की योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाटा इन्फोसिस के प्रमुख अजय डाटा ने की। साधारण सभा की बैठक मे संपन्न आई बैंक सोसाइटी के चुनाव में पूर्व आई.ए.एस. बी.एल. शर्मा पुनः अध्यक्ष तथा पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी कपिल गर्ग एवं पूर्व आई.एफ.एस. अधिकारी वी.सी. संचेती उपाध्यक्ष, पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी ललित कोठारी सचिव, उषा बापना संयुक्त सचिव, एच.पी. शर्मा कोषाध्यक्ष, तथा कमल पनगडिया, शोनू जैन, अंजु जैन,कर्नल एल.पी. शुक्ला, गोविन्द गुरबानी आत्माराम सिंघल, तथा लक्ष्मण बोलिया, कार्य समिति सदस्य चुने गए। सभा में गत वर्ष सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए जयपुर चेप्टर को एम.एल. मेहता पुरस्कार तथा कोटा चेप्टर को प्रथम एवं अजमेर चेप्टर को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

## सहकार दीपोत्सव मेले का उद्घाटन आज

- 17 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगा मेला

**जयपुर**, (का.सं.) । सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना सोमवार को सायं 5 बजे यहां भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन उपहार केन्द्र पर सहकार दीपोत्सव मेले का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी रजिस्ट्रार, सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने रविवार को दी।

अग्रवाल ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं कॉनफैड के संयुक्त तत्वावधान में नवजीवन सहकार उपहार केन्द्र में मेला 17 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जयपुरवासियों को दीपावली के त्यौहार की सभी आवश्यक वस्तुयें उचित मूल्य पर एक ही छत के नीचे उपलब्ध करायी जायेगी । मेले में प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक खरीददारी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जयपुर शहर में उपभोक्ता संघ तथा जिलों में जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार व सहकारी विपणन समितियों द्वारा दीपोत्सव मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

उपभोक्ता संघ के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा ने बताया कि दीपावली पर आयोजित इन मेलों में स्वदेशी शिवाकाशी (तमिलनाडू) के अच्छी किस्म के ग्रीन पटाखे मंगाये गये हैं। वहीं एम.एम.टी.सी. (भारत सरकार के उपक्रम) के चाँदी के सिक्के एवं बर्तन आकर्षक के केन्द्र होंगे। उन्होंने बताया कि दीपावली पूजन सामग्री, पटाखे, मिठाइयां, सूखे मेवे, परिधान, बैडशीट्स, धनतेरस के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं उपयोगी वस्तुएं भी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## मॉडल उप पंजीयक कार्यालय जल्द खुलेंगे

**जयपुर**। राजस्थान में पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर मॉडल उप पंजीयक कार्यालय जल्द शुरू होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 कार्यालय खोलने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

# संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर राज्य के संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग की है।

डॉ. सतीश पूनियां ने अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कहा कि, आपका ध्यान राज्य में सेवारत संविदाकर्मियों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ, जिनके लिए कांग्रेस के घोषणापत्र-2018 के पेज नं. 15 के पैरा 3 और पेज नं. 34 के पैरा 5 में उल्लिखित है कि संविदाकर्मियों और पंचायत सहायकों आदि के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं का यथोचित समाधान कर नियमित किया जाएगा।

लेकिन कांग्रेस की राज्य सरकार के लगभग 4 वर्ष के शासनकाल में संविदाकर्मियों के नियमितीकरण को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है, जबकि राज्य सरकार ने कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला की अध्यक्षता में सब कमेटी गठित होने के बाद भी संविदाकर्मियों को नियमित नहीं किया। बल्कि राज्य सरकार की कैबिनेट ने भी संविदाकर्मियों को नियमित करने के बजाए संविदाकर्मियों की भर्ती से लेकर नौकरी से हटाने तक के प्रावधान कर दिए और यह भी निर्णय किया कि किसी भी संविदाकर्मियों को 5 वर्ष से अधिक समय के लिए नहीं रखेंगे और कॉन्ट्रेक्ट खत्म होते ही नियुक्ति समाप्त मानी जाएगी। जबकि राज्य सरकार 2018 में घोषणापत्र में किये गए वादे से मुकर रही है और लाखों संविदाकर्मियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिससे ना केवल संविदाकर्मी बल्कि इनसे जुड़े हुए लाखों परिवार प्रभावित हो रहे हैं।


**तीये की बैठक**



हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमति गुणवन्ती देवी** (आशा) पत्नी स्व. श्री नानकराम आसवानी का स्वर्गवास 15.10.2022 को हो गया। तीये बैठक 17.10.2022, को सांय 5 बजे झूलेलाल मन्दिर शिवपार्क सैक्टर-11, मालवीय नगर पर होगी। यह अन्तिम बैठक होगी।

**शोकाकुल-** हेमन्त- पल्लवी, धर्मेन्द्र (जानू)- रेनू (पुत्र- पुत्रवधु), जतीन (पौत्र), तोलाराम (जेष्ठ), टीकमदास-शोभा (देवर- देवरानी), सोनिया (आशा)- बन्सीलाल, जयमाला- रामचन्द्र, नीतू- जेठानन्द, वीनू- रमेश, भाविका- पंकज (पुत्री- दामाद) एवं समस्त आसवानी परिवार। 9549370609



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया भाभी जी **द्रोपती देवी** धर्मपत्नी स्व. गुलाब चंद का स्वर्गवास 1510.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 17.10.2022 को सांय4:00 से 5:00 बजे तक निवास- 2657, चौकड़ी तोपखाना हजूरी, सोगरान, कोठी कोलियान, जयपुर पर होगी। शोकाकुलः- केवल चंद- कमला देवी (देवर- देवरानी), तेजकरण- यशोदा (पुत्र- पुत्रवधू), प्रवेश, मोहित (पौत्र) दीक्षा (पौत्री) एवं समस्त सोगरान परिवार- मो. 9983807079

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# विशेषज्ञों ने मनोचिकित्सा से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर की परिचर्चा

**जयपुर**,(कासं)। जयपुर में चल रही भारतीय मनोचिकित्सा परिषद नार्थ जोन की 47 वीं दो दिवसीय वार्षिक कॉफ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान टेली साइकाइट्री व मनोचिकित्सा के जुड़े समसामयिक मुद्दों पर बहुत ही गंभीर परिचर्चा की गई।

आयोजक समिति के महासचिव और सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. ललित बत्रा ने बताया कि कार्यशाला का समापन परिषद के अध्यक्ष डॉ. एन एन राजू की अध्यक्षता में हुआ। इससे पहले आज लगभग 75 शोध-पत्रों का प्रस्तुतिकरण शोध विद्यार्थियों द्वारा देश विदेश से आये विशेषज्ञों के समक्ष किया गया।

वहीं डॉ. गुंजन सोलंकी व डॉ. अखिलेश जैन के नेतृत्व में मेडिकल क्विज का आयोजन किया। इसमें डॉ. हादिया व डॉ. अविजीत विजयी रहे। कॉफ्रेंस के अंतिम दिन लगभग 20 से अधिक शोध पोस्टर प्रदर्शित किए गए। डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. नरेश नेभीनानी व डॉ. सिद्धार्थ सरकार ने शोधपत्रों के प्रकाशन की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली व इस दौरान आने वाली चुनौतियों पर बारीकी से विचार रखे। वहीं टेली साइकाइट्री व मनोचिकित्सा के जुड़े समसामयिक मुद्दों पर बहुत ही गंभीर चर्चा परिचर्चा की गई।




जयपुर के एक होटल में दो दिन से चल रही भारतीय मनोचिकित्सा परिषद नार्थ जोन की 47वीं वार्षिक कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया।

समापन समारोह में हैदराबाद से आए भारतीय मनोचिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ एन एन राजू ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला आज के वक्त में बहुत ही आवश्यक हैं। इनके माध्यम में चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रही नई शोध व नई पद्धितयों के बारे व्यापक बहस होती हैं। साथ ही उसकी उपयोगिता के बारे में अन्य लोगों को भी आवश्यक जानकारी प्राप्त होती हैं।

इस अवसर पर डॉ. अब्दुल माजिद, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. आलोक त्यागी, डॉ. शिव गौतम, डॉ. आर के सोलंकी, डॉ. संजय जैन, डॉ. आई डी गुप्ता, डॉ. आर के सोलंकी, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. योगेश सतीजा, डॉ. गुंजन सोलंकी, डॉ. राजेश शर्मा सही अनेको मनोचिकित्सक उपस्थित रहे।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या-9, क्षैत्रफल 388.88 वर्गगज, गुरू जम्बेश्वर नगर-बी, क्वीन्स रोड, गॉंधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर का मालिक हाजी मुश्ताक अहमद पुत्र करीम बक्श थे। उनका फरवरी 1984 में तथा उनकी पत्नि श्रीमती सकीना का 26.10.1974 को देहान्त हो गया है। इनका एक मात्र वारिस डा.हबीब पुत्र हाजी मुश्ताक अहमद ही है। अन्य कोई वारिस नहीं है। डा.हबीब को उक्त भूखण्ड किसी भी प्रकार से हस्तान्तरित करने का हक है।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-16/10/22 मो.-8824515124

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.नं.2305, सर्वे नं.3576 क्षैत्रफल 92.61 वर्गमीटर, दो मन्जिला, स्थित बालजी की कोठी का रास्ता, तकिया यकीन शाह, चौकडी तोपखाना हुजूरी, जयपुर में श्रीमती फर्रो बैगम पत्नि स्व.कदीर अली, अपना बिला बटा 2/3 भाग मस्जिद को वक्फ-उल-अल्लाह करना चाहती है। किसी को आपत्ति हो तो तीन दिन में बताये
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-16/10/22 मो.-8824515124

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य श्रीमती वीना सिंह पत्नी श्री कप्तान सिंह निवासी ग्राम बरहद, विजैगढ, अलीगढ, उत्तरप्रदेश ने श्री नवनीत सिंह चौहान पुत्र श्री हरी सिंह चौहान निवासी प्लाट नम्बर 34, अरावली हिल्स योजना, जगतपुरा, जयपुर (राज.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति फ्लेट नम्बर एस-3, सैकिण्ड फ्लोर, प्लाट नम्बर 34, अरावली हिल्स योजना, जगतपुरा, जयपुर (राज.) जिसका बिल्टअप एरिया 1506.20 वर्गफीट है तथा सैकिण्ड फ्लोर के ऊपर की पश्चिमी ओर की बाउण्डेड ओपन छत जिसका क्षेत्रफल 1090 वर्गफीट है एवं ग्राउण्ड फ्लोर पर स्थित ओपन कार पार्किंग सहित को खरीद करने का इकरार किया है तथा उक्त सम्पति को खरीद करने का इकरार किया है तथा उक्त सम्पति को खरीदने के लिए मेरी अभिभाष्या एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण प्राप्त करना चाहती है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त विक्रय से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति मय आपत्ति सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद मेरे अभिभाष्य उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवा लेगी तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
दिनांक-16/10/2022 मो.नं.9829218044

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं।
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100670 15948 | भारत बैंकिंग ओवरड्राफ्ट एफडी आधारित | 1. मै.गोयल पेपर कॉरपोरेशन 2. सौरभ गोयल 3. मोहन लाल गोयल | 04.10.2022 | 1,22,35,380.92/- | फ्लैट नं. केके-1/103, पहली मंजिल कुल क्षेत्रफल 1871 वर्गफिट, कृष्ण कृपा-1, प्लाट नं. 1, सुभाष नगर, जयपुर जिसमें 3 बैडरूम, 1 ड्राइंग रूम, किचन रूम, 1 डाइनिंग हाल, तीन टायलेट, लाबी, बालकनियाँ तथा खुली छत है, का पूरा व प्रत्येक भाग, फ्लैट जिस प्लाट पर निर्मित है उसकी सीमायें है-पूर्व-पेट्रोल पम्प, पश्चिम-प्लाट नं. 2, जो कृष्ण कृपा-।। के नाम से जाना जाता है, उत्तर-नाला, दक्षिण-18 मीटर चौडी रोड |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक- 17.10.2022 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
स्थान- राजस्थान (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. के नाम से जाना जाता हैं)

# उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर हादसे में पति-पत्नी सहित तीन की मौत

## गलत साइड से पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर

■ एक वृद्ध का हाथ कट कर हुआ अलग, मौके पर ही हुई मौत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर परसाद क्षेत्र में रविवार अपरान्ह हुए भीषण सड़क हादसे में हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। कार में एक ही परिवार के पांच लोग नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन कर शादी के निमंत्रण कार्ड बांट गुजरात वापस लौट रहे थे। इसी दौरान परसाद के समीप बारां के भागला घाट पर पीछे से आई पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत के साथ कार चला रहे पिता, 17 साल का बेटा व पिकअप चालक भी घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार हाईवे पर हादसा रविवार को करीब 3 बजे हुआ। परसाद गांव के पास पिकअप गलत साइड से ओवरटेक करने से हादसा हुआ। मृतकों में 2 महिलाएं और एक पुरूष हैं। दोनों ही गाडयिों की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर से कार में आगे बायीं ओर बैठे 55 वर्षीय बुजुर्ग का हाथ कट गया। सिर और छाती में गंभीर चोट लगने से दम तोड़ दिया। वहीं पीछे बैठी उसकी पत्नी और भतीजे की पत्नी की सिर में चोट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गुजरात के नड़ियाद में वल्लभनगर निवासी प्रमीत पुत्र नरेश पटेल उसकी पत्नी हीरल बेटा सुकेत चाचा हेमेश पटेल और चाची राजुल के साथ नाथद्वारा गए थे। दर्शन के बाद रविवार को लौट रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार घायल प्रमीत और उसके बेटे सुकेत को परसाद अस्पताल पहुंचाया। पिकअप चालक को भी गंभीर चोटें आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे उदयपुर के एमबी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। हेमेश पटेल गुजरात में एलआईसी में रीजनल मैनेजर है। एक महीने के बाद बेटे की शादी थी। उसी के कार्ड बाटने नाथद्वारा गए थे फिर दर्शन कर लौट रहे थे।

## कृष्णा पेपर मील की मशीनों में लगी आग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती केशवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित कृष्णा पेपर मिल में रविवार को अचानक आग लग गई। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। 5 माह पहले भी इसी पेपर मिल के वेयर हाऊस में आग लगी थी, लेकिन प्रबंधन ने आगजनी रोकने के समुचित प्रबंध नहीं किए। आगजनी की वजह फैक्ट्री संचालन के दौरान अचानक से चिंगारी निकलना बताया जा रहा है। फायर ऑफिसर सुरेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चिंगारी की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते मशीन आग की लपटों से घिरना शुरू हो गई। चारों तरफ धुंआ ही धुंआ हो गया। कार्मिकों ने फैक्ट्री में मौजूद फायर सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश जारी रखी। सूचना पर कोटपूतली, बहरोड़ व नीमराणा से दमकल पहुंची और आग पर चंद मिनटों में पानी डालकर काबू पा लिया गया।

# गुजरात पुलिस के दो हैडकांस्टेबल 1.10 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## प्रकरण से नाम हटाने के एवज में पीड़ित से मांगी थी रिश्वत



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर यूनिट ने गुजरात पुलिस के दो हैडकांस्टेबलों को गिरफ्तार किया।

**उदयपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर यूनिट ने रखियाल जिला गांधीनगर गुजरात पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण से नाम हटाने के एवज में पीड़ित से 1 लाख 10 हजार रूपये रिश्वत लेते गुजरात पुलिस के दो हैडकांस्टेबलों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।


एसीबी के महानिदेशक भगवानलाल सोनी नेबताया कि एसीबी की स्पेशियल यूनिट उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि पुलिस थाना रखिरयाल जिला गांधीनगर गुजरात पर दर्ज प्रकरण में परिवादी का नाम हटाने की एवज में पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल महेशभाई चौधरी व भरत भाई पटेल द्वारा परिवादी से 2 लाख रूपये रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी उदयपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल सुपरवीजन में एसीबी स्पेशल यूनिट उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में शिकयत का सत्यापन किया गया। रविवार को पुलिस निरीक्षक रतनसिंह राजपुरेहित एवं उनकी टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए वासना चौधरी तहसील दहेगाम गांधीनगर हॉल हेडकांस्टेबल महेश भाई चौधरी पुत्र गुणवंत भाई चौधरी एवं भरत भाई पुत्र मणा भाई पटेल को परिवादी से 1 लाख 10 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम एन के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# 10वीं कक्षा के छात्र को स्कूल में टीचर ने पीटा

■ परिजनों ने कोतवाली झुंझुनूं में दर्ज करवाया मामला

■ शहर की एसएस मोदी विद्या विहार स्कूल की घटना

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्कूल के वॉशरूम में एक पत्थर टूट जाने पर एक छात्र की बुरी तरह से पिटाई गई है। जिसके बाद छात्र डरा सहमा हुआ घर पहुंचा है। मामले को लेकर कोतवाली में आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित बच्चे की मां अंजू सैनी ने बताया कि उसका बेटा शहर की रोड नंबर दो पर स्थित एसएस मोदी विद्या विहार स्कूल में कक्षा 10 में पढता है। कल स्कूल समय में कुछ बच्चों से वॉशरूम का एक पत्थर टूट गया था। उसका बेटा युग जादम भी वहां पर खड़ा था। जब वह क्लासरूम में आया तो स्कूल के टीचर दीपक कुमार ने बिना कुछ जाने और पूछे उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसे हाथों, लात, मुक्कों से पटक-पटक कर मारा। उसने अपनी मां की सौगंध भी खाई कि उसने पत्थर नहीं तोड़ा फिर भी आरोपी शिक्षक नहीं रूका और लगातार पिटता रहा।




छुट्टी होने पर जब उसका बेटा घर आया तो वह डरा और सहमा हुआ था। जब उसे इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके साथ शिक्षक ने मारपीट की। इस मामले में परिजनों ने कोतवाली में आरोपी शिक्षक के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी है। वहीं मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन से भी प्रतिक्रिया लेनी चाही पर कोई भी संपर्क नहीं हो सका । आए दिन हो रहे बच्चों के साथ मारपीट के मामलों और मामलों में हो रही कार्रवाई के बाद भी स्कूलों के शिक्षक अपना आपा खो रहे हैं । जो बड़ा चिंतनीय विषय है।

# सड़क किनारे खुले में फेंका जा रहा कचरा

## आग लगाने से फैल रहा है धुआं, लोगों को हो रही समस्या



चाकसू कस्बे में खुले में फेंका जा रहा कचरा।

■ कचरा डंपिग के लिए अभी जगह खोज रही नगर पालिका

**चाकसू, (निस)।** कस्बे में डंपिग यार्ड के नहीं होने से सड़क किनारे फेंका जा रहा कचरा व इससे उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं।

फिलहाल स्टेट हाईवे 20 फागी रोड स्थित नप की भूमि में कचरा डंप किया जा रहा है इससे पूर्व विभिन्न सड़क किनारे, श्मशानों एवं फागी रोड पर कचरा फेंका जाता था लेकिन आमजन की ओर से विरोध के स्वर उठने के बाद केवल फागी रोड किनारे ही कचरा फेंका जाने लगा। यहां कचरा के निस्तारण की बेहतर व्यवस्था नहीं होना कस्बे की स्वच्छता पर भारी पड़ रहा है। बार-बार विरोध के स्वर उठने के बाद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मौका मुआयना एवं डंपयार्ड बनाने की घोषणा के बावजूद भी नगर पालिका अभी तक समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पाई है और सड़क किनारे ही कचरे को डंप किया जाता है। समय-समय सड़क पर फेंके गए कचरे में आग लगा दी जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के दौर में भी नपा द्वारा खुले में कचरा डंप किया जा रहा है जबकि पास में ईदगाह, सामने आई ओ सी, रेलवे स्टेशन, कॉलोनियों सहित फागी सहित विभिन्न गांवों में जाने का प्रमुख रास्ता है जहां से हजारों यात्री प्रतिदिन निकलते हैं।

अब तो स्थिति यह है कि शौचालयों को खाली करने वाले टेंकर भी यहां सरे आम खाली होते नजर आते हैं। नगरपालिका के कई पार्षदों ने भी कचरे को यहां डालने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है ओर क्षेत्र में निश्चित स्थान पर डंपिंग यार्ड बनाने की मांग की है।

## लूट की घटना का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** चिकसाना थाना पुलिस ने गोपाल नगला निवास पर हुई लूट के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जनवरी में लूट की थी और मार्च में भी असफल प्रयास किया था। इस घटना में मौके पर 4 आरोपियों को पकड लिया गया था। वहीं फरार हुए 5 आरोपियों को पुलिस ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश में जगह जगह दबिश डालकर पकड़ा। 11 अक्टूबर को जरिये क्यूएसटी कन्ट्रोल रूम भरतपुर से सूचना मिली कि श्यामवीर ठेकेदार कच्चा बाग के घर में चोर घुस गये हैं। पुलिस जाप्ता पहुंचा तो ग्रामीणों ने वहां 4 आरोपियों को पकड़ रखा था।

इस घटना को लेकर श्याम सिंह निवासी कच्चा बाग थाना चिकसाना द्वारा रिपोर्ट दी । इस प्रकरण में मौके से पकड़े गये 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं एक बाल अपचारी को सरंक्षण में लिया गया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की तलाश के लिए हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर दबिश दी। मौके से फरार हुऐ आरोपियों में विशाल पुत्र सुनील निवासी माताबाला मौहल्ला पलवल, अभिषेक पुत्र सुजान सिंह निवासी नगला लोधा थाना चिकसाना, रिंकू उर्फ लुक्का पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी हरदुआगंज थाना हरदुआगंज जिला अलीगढ़ , मकेश पुत्र खेमचन्द निवासी धोलागढ़ थाना पलवल जिला पलवल व सुन्दरपाल उर्फ बुद्धा निवासी अभयपुर थाना सोहना सदर जिला गुडगांव हरियाणा को को दस्तयाब किया।

# लुटेरों ने 21 मिनट में लूटा एटीएम

## पूरी वारदात एटीएम के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हुई

■ एटीएम के कैश बॉक्स को काटा और उसमें रखे 13 लाख रुपए ले उड़े

■ हथियारबंद महिला समेत 5 बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**अलवर, (निसं)।** एक्सिस बैंक में हथियारबंद महिला समेत 5 बदमाश 21 मिनट में बदमाशों ने गैस कटर से एटीएम के कैश बॉक्स को काटा और उसमें रखे 13 लाख रुपए ले गए । लूट की पूरी वारदात एटीएम बूथ के बाहर एक शॉप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना अलवर जिले के खेडली में कठूमर रोड पर रविवार तडके 3 बजे हुई। खेडली इंचार्ज महावीर कुमार ने बताया कि 5 बदमाश रविवार तडके 3 बजे कार से आए थे। उनके चेहरे ढके हुए थे।

उन्होंने एक्सिस बैंक के एटीएम के कैश बॉक्स को गैस कटर से काट दिया। बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक एटीएम में करीब 13 लाख रुपए थे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी करेंगे । एटीएम पर लगे सीसीटीवी पर लुटेरों ने ब्लैक स्प्रे कर दिया था, लेकिन पास की शॉप के बाहर लगे सीसीटीवी में लुटेरों की हरकत कैद हो गई। इनमें हाथ में बंदूक लिए एक महिला भी नजर आई। सुबह 5 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने एटीएम को कटा हुआ देखा तो सूचना दी। पुलिस ने नाकाबंदी कराई, लेकिन लुटेरे हाथ नहीं लगे। यह इलाका हरियाणा से लगता हुआ है। ऐसे में आशंका है कि वारदात को अंजाम देकर लुटेरे दिल्ली या हरियाणा की तरफ भाग गए। खेडली के मुख्य बाजार में कठूमर रोड पर लगे एटीएम पर रात में कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था।

## घर में घुसे कोबरा को पकड़ा

**पाली, (नि.सं.)।** मानपुरा भाकरी में डूंगाराम कीर के घर में एक कोबरा साँप घुस आया। मोहल्ले वालों नें भी साँप को बाहर निकालने के लिए कई तरह के जतन किये लेकिन साँप ने घर नही छोड़ा और अंत मे साँप को कुछ भी खाने को नही मिला तो वो घर के अंदर बनी एक दीवार के छेद में गुस गया तब तक शाम हो चुकी थी परंतु साँप को घर से बाहर निकालना बहुत जरूरी हो गया था तब पाली जिले के सर्प मित्र गजेंद्र सिंह मण्डली को सूचना देकर बुलाया गया गजेंद्र सिंह मण्डली नें आते ही कुछ ही पलों में साँप को दीवार से बाहर निकाल दिया और घर के बाहर लाकर उसे अपने काबू में किया और फिर दूर जंगल मे ले जाकर छोड़ दिया।

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश

■ 20 लाख रूपए कीमत की शराब और मशीनें की जब्त

■ फैक्ट्री के करीब पांच किलोमीटर इलाके में कोई घर या बस्ती नहीं है

■ खेत में बन रही थी नकली शराब, फरार फैक्ट्री मलिक की हो रही तलाश

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में आबकारी विभाग ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नकली शराब की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। यहां से अलग-अलग कंपनियों के लैबल लगाकर आधी कीमतों में महंगी ब्रांड्स की शराब को गुजरात समेत कई जगह भेजा जा रहा था। यह फैक्ट्री उदयपुर-मावली मार्ग पर कुंडाल गांव के पास एक खेत में चल रही थी।

आबकारी दल ने मौके से 350 लीटर में स्प्रिट, दो ड्रमों में भरी 450 लीटर शराब के साथ 38 पेटियों में भरी शराब बरामद की है। पांच हजार ढक्कन, पव्वे और लेबल्स भी मिले। देर रात करीब 1 बजे टीम ने यह कार्रवाई की, तब मौके पर कोई मौजूद नहीं था। बरामद मशीनरी और शराब की कीमत करीब 20 लाख रूपए से ज्यादा बताई गई है। आबकारी थाने की टीम अब फैक्ट्री चलाने वाले नारायण डांगी की तलाश कर रही है।

दरअसल, त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग सतर्क है। इसी बीच शनिवार को अतिरिक्त आयुक्त श्वेता फगेड़िया के निर्देश पर टीम ने मावली और डबोक इलाके में निगरानी रखी। सहायक आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि शाम को पॉवर हाउस के पास नाकाबंदी के दौरान इनोवा कार से नकली शराब के साथ दो युवकों को पकड़ा। कार में अलग-अलग ब्रांडस के कार्टून शराब थी। आबकारी अधिकारियों से पूछताछ में सुखला डांगी और बलवंत सिंह ने बताया कि आधी कीमत पर शराब के कार्टन नारायण डांगी से खरीदे हैं । इस पर टीम ने प्लानिंग के बाद नारायण की फैक्ट्री पर रैड का प्लान बनाया।

देर रात को एक खेत में फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। एक खेत में झोपड़ी बनाकर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। उस फैक्ट्री को नारायण डांगी चला रहा था। हालांकि छापेमारी के वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था। उस खेत के करीब पांच किलोमीटर इलाके में कोई घर या बस्ती नहीं है, ऐसे में नारायण आसानी से फर्जी लैबल्स लगाकर बोतलों में शराब भरकर सप्लाई कर रहा था। दीपावली को लेकर बड़ी डिमांड पर उसने हाल में बड़ी खेप को सप्लाई करने की प्लानिंग कर रखी थी। नारायण धडल्ले से नकली शराब को आधी कीमतों पर फोन के जरिए तस्करों से बात कर बेच रहा था।

# सांसद ने बंधाया ढांढस



सांसद राजौरिया ने परिवारजनों के साथ दुख साझा किया।

**सपोटरा, (नि.स.)।** क्षेत्रीय सासंद रविवार को सपोटरा पहुंचे, जहां उन्होंने गत दिनों मेदपुरा गांव में मिट्टी कि ढाय ढहने से 6 लोगों की मुत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को ढांढस बंधाते हुए राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया।

क्षेत्रीय सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने सपोटरा पंचायत समिति के ग्राम मेदपुरा ग्राम पंचायत सिमिर में गत् दिनों मिट्टी ढ हने से 6 लोगों की मृत्यु होने के उपरांत उनके घर जाकर पीड़ित परिजनों को सांत्वना प्रदान की।सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने बताया कि उन्होनें जिला प्रशासन से बात कर पीड़ित परिजनों को संविदा पर नौकरी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इनके मकानों का शीघ्र निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सांसद के साथ प्रधान सपोटरा प्रतिनिधि हंसराज बालौती, प्रहलाद मीना दीवानपुरा, हाडौती मण्डल अध्यक्ष चन्द्रकला मीना, लक्ष्मण सिंह जादौन,सपोटरा मण्डल अध्यक्ष सीताराम शर्मा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रताप पाकड, खेम सिंह चौहान आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## ग्रुप-बी की परीक्षा संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत रविवार को ग्रुप-बी में सम्मिलित विषय भूगोल तथा अर्थशास्त्र की परीक्षा संपन्न हुई।

भूगोल विषय की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित की गई। इसमें 61349 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 38708 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में 8255 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4710 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस प्रकार अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत भूगोल विषय में 63.09 तथा अर्थशास्त्र में 57.06 रहा। सोमवार से आयोग द्वारा ग्रुप-सी की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 अक्टूबर को ग्रुप-सी में सम्मिलित विषयों के सभी अभ्यर्थियों के लिए सुबह 9 से 10.30 बजे तक जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी दिन दोपहर 2 से 5 बजे तक राजनीति विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों की परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। इतिहास एवं केमिस्ट्री विषय की परीक्षा 18 अक्टूबर को तथा सोशियोलॉजी, ड्राइंग, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षा 19 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।

# जलदाय विभाग की लाइनों में हुए रिसाव से एक दर्जन से अधिक मकानों में आई दरारें

## विधायक ने मकानों का जायजा ले जिला कलेक्टर व एसडीएम को कराया अवगत

■ डिग्गी मंदिर से महज 30 मीटर की दूरी पर मकानों में आई दरारें

**मालपुरा, (निसं)** धर्म नगरी डिग्गी में जलदाय विभाग द्वारा बिछाई गई पेयजल लाईनों में हुए भारी रिसाव के चलते कल्याणजी मंदिर के पिछवाडे महज 30 मीटर की दूरी पर एक दर्जन से अधिक आवासीय मकानों में चार से छः इंच की भारी दरारें आ जाने से मकान गिरने व बडा हादसा होने की संभावना बन गई है ।

मामले के अनुसार डिग्गी कल्याणजी के मंदिर के पिछवाडे बनी आवासीय कॉलोनी में लगभग 20 साल पूर्व बिछाई गई पेयजल लाईनों में लम्बे समय से हो रहै रिसाव से मकानों में आ रही दरारों को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को अवगत कराया गया लेकिन विभाग ने समस्या समाधान को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया।

सूचना के बाद जलदाय विभाग अभियंता व सहायक अभियंता सहित थानाधिकारी मौके पर तो पहुंचे लेकिन मौका देख उच्चाधिकारियों को जानकारी देने का आश्वासन दे चले गये। ग्रामीणों की शिकायत पर डिग्गी पहुंचे विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा ले मौके से ही जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व एसडीएम रामकुमार वर्मा को अवगत करवा क्षतिग्रस्त हुए मकानों का सर्वे करवा सिफ्टिंग व मुआवजा राशि स्वीकृत करने व जलदाय विभाग के दोषी अधिकारी व कर्मचारियो पर कार्यवाही कर क्षतिग्रस्त लाईनों को बदलवाने की मांग की।

विधायक ने पेयजल लाईनों में बढ़ते रिसाव से डिग्गी कल्याणजी मंदिर को भी क्षति पहुंचने का अंदेशा जताया। ग्रामीणों ने समय रहते कार्यवाही नही करने पर जल्द उग्र आंदोलन किये जाने की भी चेतावनी दी।




विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने डिग्गी पहुंच लोगों से समस्या के बारे में जानकारी ली।

# जयपुर में 8 महिलाओं समेत 23 ड्रग्स माफिया गिरफ्तार

## पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शहर के 17 थाना क्षेत्रों में चलाया ''ऑपरेशन क्लीन स्वीप'' अभियान







-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट ने जयपुर शहर में अवैध मादक पदार्थ और शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसा है। रविवार को स्पेशल टीम ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 8 महिलाओं समेत 23 ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने इनके कब्जे से 5 किलो 514 ग्राम गांजा, 50.24 ग्राम स्मैक, 2 किलो 500 ग्राम डोडा-पोस्त चूरा, 12 हजार 512 प्रतिबंधित टेबलेट्स, देशी-अंग्रेजी शराब के 1542 पव्वे, बीयर की 80 बोतल तथा बिक्री राशि के 32 हजार 280 रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त दो दुपहिया वाहन जब्त किए है।

- **आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 514 ग्राम गांजा, 50.24 ग्राम स्मैक, ढाई किलो डोडा-पोस्त चूरा, 12,512 प्रतिबंधित टेबलेट्स, देशी-अंग्रेजी शराब के 1542 पव्वे, बीयर की 80 बोतल जब्त**

डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने गलता गेट, ब्रह्मपुरी, जवाहर नगर, तूंगा, ट्रांसपोर्ट नगर, खो नागोरियान, प्रताप नगर, सांगानेर, कानोता, मुरलीपुरा, विश्वकर्मा, सेज, करधनी, सोडाला, श्याम नगर, मुहाना एवं शिप्रापथ थाना इलाकों में कार्रवाई को अंजाम दिया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गीता सांसी (50), जीशान खान (23), दानिश कुरैशी उर्फ अनिस (21), सुशीला (54), हंसा (29), उम्मेद राम (45), वर्षा सांसी (20), रवि कुमार सांसी (29), गणपत लाल मीणा (75), रोहित बिडावत उर्फ राहुल (21), आरती सांसी (25), करण सिंगीवाल (25), बबलू कुरैशी (19), सोहेल कुरैशी (19), मोहम्मद मुजाहिद (24), रामराय (25), सुनिता (28), नैना सांसी (19), कैलाश मीणा(37), सलोनी सांसी (25), वर्षा (19), राम प्रसाद मीणा (35) और बसरूद्दीन (51) को गिरफ्तार किया।

## एस.एम.एस. स्टेडियम में कई लोगों की जेबें कटी

**जयपुर** (कासं)। सवाई मानसिंह स्टेडियम में ग्रामीण ओलंपिक का उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में चोरी और जेबकतरी की वारदातें हुई। इस समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मुख्य सचिव और राजस्थान के शासन और प्रशासन के आला मंत्री और अधिकारी मौजूद थे।

उद्घाटन समारोह के दौरान जयपुर के उप जिला प्रमुख मोहन डागर का आईफोन-12 फोन चोरी हो गया। जिसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों के साथ मोहन देर रात तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में अपना मोबाइल ढूंढते नजर आए। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जेब से पैसे निकाल लिए गए।

इस दौरान मीडियापर्सन के बैग से भी हेडफोन चोरी हो गए। जबकि एसएमएस स्टेडियम में बड़ी संख्या में जयपुर पुलिस का जाब्ता तैनात था। ऐसे में प्रदेश के मुखिया की मौजूदगी में पुलिस महकमे की इतनी बड़ी लापरवाही को लेकर अब विभाग के आला अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है।

ज्ञात रहे कि ग्रामीण ओलिंपिक का फाइनल मुकाबले आज से शुरू हो गए है। तीन दिवसीय फाइनल मुकाबले की शुरुआत मुख्यमंत्री गहलोत ने की। इस दौरान राजस्थान के 33 जिलों की 330 टीमों के 3 हजार 696 खिलाड़ी मौजूद रहे। 3 दिन तक चलने वाले फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता टीमों को 7 लाख 20 हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके बाद शहरी ओलिंपिक 26 जनवरी से शुरू किया जाएगा।

## नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो बदमाशों ने युवक के घर पहुंचकर पथराव किया

**जयपुर** । खोह नागोरियान इलाके में बदमाशों ने नशे के लिए पैसा नहीं देने पर एक घर पर जमकर पथराव किया। इस संबंध में करीम नगर विस्तार निवासी फारुख कुरैशी ने नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। फारुख कुरैशी ने बताया कि उनका 19 साल का लड़का अमन कुरैशी कॉलेज में पढ़ाई के लिए जाता है। आए दिन असलम टूटी, वसीम, रफीक उसे उसकी पॉकेट मनी से नशे के लिए पैसा लाने के लिए बोलते हैं। अमन ने उन्हें पैसा देने से मना कर दिया तो उनके साथ कई बार बदमाशों ने झगड़ा भी किया।

- **खोह नागोरियान क्षेत्र की घटना, सीसीटीवी कैमरों में वारदात कैद**
- **दो कार व 6 बाइक पर पहुंचे थे आरोपी**

यह बदमाश शनिवार शाम 6 बजे फारुख कुरैशी के छोटे भाई वकील कुरेशी की जिम भी पहुंचे। बदमाशों ने वहां पर वकील कुरैशी को जिम चलाने के लिए पैसा मांगा और धमकी देकर गए कि अगर जिम चलानी है तो उन्हें पैसा देना पड़ेगा। यह सभी बदमाश रात करीब 11 बजे फारुख कुरैशी के घर रात 11 बजे दो कार और आधा दर्जन बाइकों में सवार होकर आए। बदमाशों ने फारुख कुरैशी के घर पहुंच कर वहां पर पथराव कर दिया। फारूक ने बताया कि उनके घर पर इन बदमाशों के द्वारा फायरिंग भी की गई है। पथराव के बाद पुलिस को जानकारी दी गई जिसके बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश के लिए रवाना हुई। लेकिन अभी तक पुलिस बदमाशों को नहीं पकड सकी हैं। कुरैशी ने शिकायत में बताया कि असलम टूटी, वसीम, रफीक खान नशे के लिए इलाके के लोगों को जबरन परेशान करते हैं। वहां पर पिछले कई समय से गुंडागर्दी कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर बदमाशों ने रात को घर पर पथराव कर दिया। इस मामले में खोह नागोरियान थाना पुलिस ने फारुख कुरैशी की रिपोर्ट पर नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के बाद से बदमाश फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## पीआरएन के लिए 747 करोड़ रुपये की पेयजल योजना मंजूर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर के पृथ्वीराज नगर और इसके आस-पास के क्षेत्र को बीसलपुर बांध आधारित पेयजल परियोजना से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फेज-प्रथम (स्टेज द्वितीय) एवं फेज-द्वितीय के कार्यों के लिए 747.08 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा इस निर्णय से 145 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल में वितरण तंत्र स्थापित किया जाएगा। इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सांगानेर, विधानसभा क्षेत्र झोटवाडा एवं विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर का आंशिक क्षेत्र सम्मिलत होंगे।

इस परियोजना में 2500 किलोमीटर एचडीपीई पाइप लाइन, 210 कि.मी. डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्य, 46 उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य और पम्पिंग मशीनरी एवं इन्टूमेन्टेशन का कार्य होगा। गौरतलब है कि पहले चरण (फेज-प्रथम, स्टेज-प्रथम) में 563.93 करोड रूपये की लागत के कार्य शुरू हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## शहर में अमिताभ के सुपरहिट तराने गूंजे

**जयपुर** । मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन के 80वें जन्म दिवस पर उन्हें समर्पित कार्यक्रम तुम जिया हजारों साल रविवार को यहां बिड़ला सभागार में आयोजित किया गया।

अनेक कलाकारों ने अरे दीवानों मुझे पहचानों..., कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है..., ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना..., देख के तुम को दिल डोला है..., चलतेक-चलते मेरे ये गीत याद रखना...जैसे गीतों से समां बांध दिया। बिग बी के प्रशंसक और गायक सुनील नाटाणी ने रविवार को सुधीर नाटाणी के संयोजन में हुए रंगारंग कार्यक्रम का लाफ्टर चैलेंज फेम अहसान कुरैशी की मौजूगी खास रही।


## 26 फीट ऊंची दीवार से नीचे गिरने से युवक मरा

### परकोटे की दीवार पर शनिवार रात को शराब पीकर सोया था मृतक

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ इलाके में परकोटे की 26 फीट ऊंची दीवार पर से नीचे गिरकर शराबी युवक की मौत हो गई। मृतक का शव रविवार सुबह स्कूल परिसर में मिला, तो इलाके में सनसनी फैल गई। वह शनिवार रात को परकोटे की दीवार पर सोया था, करवट बदलने से 26 फीट नीचे जमीन पर आ गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक सुभाष अजमेरा (40) पुत्र बनवारी लाल फतेहराम का टीबा नाहरगढ़ का रहने वाला था। वह मजदूरी कर जीवन यापन करता था और शराब पीने का आदी था। शनिवार रात को शराब के नशे में आनंदगढ़ के परकोटे में पहुंचा था। शराब के नशे में रात को वह परकोटे की दीवार पर सो गया। दीवार एक तरफ से डेढ़ फीट और दूसरी तरफ 26 फीट ऊंची है। सोते समय देर रात करवट बदलने पर वह 26 फीट नीचे स्कूल परिसर में जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह करीब 8 बजे स्कूल परिसर में लहूलुहान हालत में युवक का शव पड़ा मिला। लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मौका-मुआवना कर सिटी एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक शराब के नशे में था। रात को दीवार पर सोते समय युवक राइट हेड के बल नीचे गिरा। जिससे उसका हाथ टूट गया और लहूलुहान होने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से शव को हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया।

## मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल

**मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर शनिवार रात 11 बजे मॉक ड्रिल हुई। यहां मेट्रो स्टेशन परिसर से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने, यात्रियों को रस्सी के माध्यम से प्लेटफार्म से सीधा नीचे उतारने, घायल यात्रियों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने, ध्वस्त हुए ढांचे में दबे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के साथ-साथ मेट्रो डी-रेल ( पटरी से उतारने ) एवं डी-रेल ( पटरी पर पुनः चढाने ) का भी अभ्यास किया गया। मेट्रो सीएमडी कुंजीलाल मीणा ने बताया कि एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के तत्वाधान में यह पहली मॉक ड्रिल थी। ताकि आपात स्थिति में यहां बचाव कार्य किया जा सके। इस मॉकड्रिल में जयपुर मेट्रो, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ, जयपुर मेट्रो पुलिस, सिविल डिफेंस, अग्निशमन और 100 एंबुलेंस के कर्मचारियों के साथ-साथ करीब 200 लोगों ने भाग लिया।**

## सार-समाचार

### संविधान कथा का आयोजन होगा

**जयपुर** । डॉ.बी.आर.अम्बेडकर जयन्ती समारोह समिति की कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष पूर्व आईएएस एल.सी. असवाल द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कहा गया कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक कहा था कि - अनुसूचित जाति ही नहीं सम्पूर्ण समाज जब मुख्यधारा में रहेंगें तब तक ही उनको देश को आगे ले जाने में कामयाबी मिलेगी, अगर समाज को सम्पूर्ण जातियों में बांट दिया तो समाज को प्रगति करने में बाधा पैदा होगी। समिति ने बैठक में निर्णय लिया कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी की 66वी पुण्यतिथि के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति ''डॉ. अम्बेडकरकृत संविधान कथा'' का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें गरीब, काश्तकार, युवा उनसे प्रेरणा लेकर ''बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर को शत्-शत् नमन करेंगें। यह आयोजन डॉ. अम्बेडकर सर्किल के सामने आयोजित किया जाएगा। ''संविधान कथा'' का वाचन नागपुर महाराष्ट्र के कथाकार ''श्री अनिरूद्ध शैवाले'' द्वारा विद्यालय आंदोलन, जल आंदोलन, मंदिर आंदोलन एवं सुरक्षा और सम्मान के साथ सामाजिक समानता के बिन्दुओं पर दृष्टिपात रखते हुए ''संविधान कथा'' का वाचन किया जाएगा जिससे संविधान के बाबत अधिक से अधिक लोगों को जानकारियां प्राप्त हो सके।

### राजीव सक्सेना को अवार्ड मिला




**जयपुर** । दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केंद्र, सभागार में समर्पण संस्था द्वारा प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना को ''डॉ. विधान चंद्र राय समर्पण समाज गौरव - 2022'' अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वोपरि, उल्लेखनीय, विशेष उपलब्धियों तथा सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, विगत 30 वर्षों से होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### नरेंद्र कविया फिर बने अध्यक्ष



**जयपुर** । जयपुर जिला पटवार संघ के चुनाव रविवार को जिला कलेक्ट्रेट जयपुर स्थित पटवार संघ कार्यालय में संपन्न हुए। चुनाव में नरेंद्र सिंह कविया एक बार फिर निर्वाचित घोषित किए गए। साथ ही कविया का पूरा पैनल भी विजयी हुआ। पैनल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुमार जाट, महामंत्री महेश सोनी, संगठन मंत्री हेमराज चौधरी, संयुक्त मंत्री लक्ष्मण कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर मुखराम सारण निर्वाचित हुए। जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित पटवार संघ कार्यालय में संपन्न हुए चुनावों में कुल 138 में से 124 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर नरेंद्र सिंह कविया को 95 वोट प्राप्त हुए।

### वारदात की फिराक में घूमता चोर पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट पुलिस ने चोरी करने की फिराक में घूम रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। थानाधिकारी रामकिशन विश्नोई ने बताया गिरफ्तार शातिर चोर हसनेन निवासी यूपी हाल राजीव नगर हटवाडा को मुखबिर की सूचना पर सुशीलपुरा नाला के पास अजमेर रोड से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से मंदिर से चुराए गए सामान बरामद किए गए है।

### वर्ल्ड स्पाइन डे पर जागरूकता सेमिनार

**जयपुर** । राजधानी में वर्ल्ड स्पाइन डे पर ए क्यू हेल्थ केयर की ओर से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमे आजकल बढ़ रही कमर एवं गर्दन के दर्द की समस्याओं पर चर्चा हुई। सेमिनार की शुरुआत डॉ. आशीष अग्रवाल ने स्पाइन की संरचना से की जिसमे उन्होंने बताया की स्लिप डिस्क या साइटिका कैसे होता है, कैसे हमारी मांसपेशियों में असंतुलन के कारण रीढ़ की हड्डी टेढ़ी होने लगती है। उन्होंने बताया कि 70 प्रतिशत से अधिक लोग कमर या गर्दन दर्द से पीड़ित है और 90 फीसदी मरीजों में इसे बचाया जा सकता है । डॉ. अग्रवाल ने बताया की थ्री पी का ध्यान रखकर हम अपनी स्पाइन को स्वस्थ रख सकते है। इसमें प्रिवेंशन, पोस्चर एवं फिजियोथेरेपी का बहुत महत्वपूर्ण रोल है।

### विद्युत भवन पर प्रदर्शन आज

**जयपुर** (कासं)। विद्युत निगमों में पुरानी पेंशन लागू करने और तमाम निजीकरण को बंद करने की मांग को लेकर सोमवार को राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ विरोध प्रदर्शन करेगा। मीडिया प्रभारी यतेन्द्र कुमार ने बताया कि विद्युत भवन पर होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में पांचों कंपनियों के कर्मचारी शामिल होंगे।

## रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म

### आज सुबह 8 बजे से सभी रेजिडेंट्स काम पर लौटेंगे




**जयपुर**, (कासं)। नई बॉन्ड नीति में संशोधन करने सहित अन्य मांगों को लेकर एसएमएस सहित उससे जुड़ें अस्पतालों में चल रही रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल रविवार शाम को सरकार के साथ वार्ता में सहमति बनने खत्म हो गई। इसके बाद जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सोमवार सुबह 8 बजे से काम पर लौट आने की घोषणा की।

एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष डॉ. नीरज डमोर ने बताया कि राजस्थान के रेजिडेंट डॉक्टर पिछले कई दिनों से बॉन्ड नियमों में शिथिलता प्रदान करने और इन सर्विस डॉक्टर्स को भी एसआर शिप का अवसर दिलाने की मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। रविवार शाम को चिकित्सा विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गलरिया, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा और अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. बी. एल. कुमावत की उपस्थिति में जार्ड के पदाधिकारियों से वार्ता हुई। इस दौरान अधिकांश मांगो पर सहमति बन गई।

- **रविवार शाम को चिकित्सा विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गलरिया, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा और अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. बी. एल. कुमावत की उपस्थिति में जार्ड के पदाधिकारियों से वार्ता में मांगों पर सहमति बनी।**

उन्होंने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर्स के चिकित्सा विभाग के तहत सर्विस बॉन्ड को बोर्ड व सुपरस्पेशियलिटी प्रवेश बैच 2019-20, 2020-21 व 2022 के लिए शिथिलता प्रदान करते हुए बॉन्ड राशि 10 लाख रुपए या समयावधि 2 वर्ष की गई है। इसको एक साल समयावधि या 5 लाख की राशि में प्रतिवर्ष के हिसाब से इन्हीं बैचों के लिए बांटा जा सकेगा। वहीं सीनियर रेजिडेंट के पदों पर सभी नियुक्त हुए रेजिडेंट को सीनियर रेजिडेंट के वर्तमान वेतन के अनुसार डीए व एचआरए दिए जाने की अनुशंसा की जाएगी। बॉड पॉलिसी पर प्रभावी नीति बनाने के लिए तथा सीनियर रेजिडेंट की नियुक्ति में पारदर्शिता लाने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें जार्ड के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। रेजिडेंट डॉक्टर्स को बॉड के तहत सीनियर रेजिडेंटशिप देने के लिए प्रक्रिया में एसआर की पोस्ट पीजी सीट्स के अनुपात में बढ़ाने की प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को जल्द नियुक्ति दी जाएगी। इसके अलावा अन्य मांगों पर भी सरकार के साथ सहमति बनी है। डॉ. डामोर ने बताया कि मरीज हितों को देखते हुए रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कार्य बहिष्कार खत्म करने का निर्णय लिया गया है। सोमवार सुबह आठ बजे से सभी रेजिडेंट काम पर लौटेंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा ने जयपुर में पकड़ा जोर




**जयपुर** । राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना के लिए तथा बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में राहुल गांधी की कन्या कुमारी से कश्मीर तक ''भारत जोडो यात्रा'' चल रही है। उसी कडी में जयपुर में पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना के नेतृत्व में सात सप्ताह पूर्व से इस प्रकार की भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन जयपुर शहर की विभिन्न विधान सभा क्षेत्र में किया जा रहा है। जयपुर में इस साप्ताहिक यात्रा ने अब काफी जोर पकड़ लिया है। बाफना ने बताया कि आगामी 30 अक्तूबर की पद यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी सम्मिलित रहेंगे।

सयोजक रुपिन काला एडवोकेट ने बताया कि आज इसी कडी भारत जोडो यात्रा अंबेडकर सर्किल से स्टेच्यू सर्किल होती हुई पांच बत्ती तक की रखी गई। काला ने बताया कि आज राजीव अरोडा चेयरमैन राजस्थान लघु उद्योग निगम ने अंबेडकर सर्किल स्थित भीम राव अंबेडकर की स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर यात्रा प्रारम्भ की। पद यात्रा में सम्मिलित सभी तिरंगा झण्डा, बैनर, फ्लैगमार्क लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे।

## आर्टिस्ट मुकेश प्रजापति ने पिता के अक्स में पिरोया श्रद्धा भाव



**जयपुर** । एक हुनरमंद कलाकार बेटे की अपने मरहूम गुरु पिता को इससे अच्छी श्रद्धांजलि क्या होगी, जो बरसी पर उनके अक्स को अपनी कला बानगी में पिरोकर एक यादगार पल में बना दे। देश-दुनिया के मकबूल पद्मश्री शिल्पकार मरहूम अर्जुन प्रजापति के आर्टिस्ट बेटे मुकेश अर्जुन प्रजापति ने फकत दो घंटे में बनाई आदमकद मूर्तिशिल्प में अपने पिता को हूबहू क्ले मॉडल में उत्कीर्ण कर श्रद्धा भाव को दर्शाया है। गौरतलब है कि पिछले साल कोरोना से अपने फन के आला शिल्पी अर्जुन प्रजापति का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए मुकेश अर्जुन प्रजापति ने अपने गुरु पिता से सीखे सबक और टेक्निक की खूबसूरत मिसाल पेश की है। आर्टिस्ट मुकेश प्रजापति ने बताया कि पिता की बरसी 11 नवंबर को है। इस मौके पर वे भजन संध्या का आयोजन करेंगे। इसमें वे इस मूर्तिशिल्प को श्रद्धांजलि स्वरूप लोगों के समक्ष रखेंगे ताकि उनके पिता की कला विरासत से रूबरू करा सकें।

## मंदिरों को पुनर्स्थापित करने की मांग उठाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मेट्रो स्टेशनों के निर्माम के लिए छोटी और बड़ी चौपड़ क्षेत्र से अस्थाई रुप से हटाये गये प्राचीन मंदिरों को उनके मूल स्थान पर पुन स्थापित करवाये जाने, इन मंदिरों के स्थानान्तरण एवं पूर्नस्थापन के लिए जिला प्रशासनके द्वारा पूर्व में गठित की गयी समितियों को भंग करवाये जाने तथा सभी मंदिरों का प्रबंधन देवस्थान विभाग के जिम्मे किये जाने की मांग को लेकर छोटी चौपड़, बड़ी चौपड मंदिर प्रकरण संघर्ष समिति जयपुर काप्रतिनिधि मंडल सोमवार को जिला कलैक्टर जयपुर को ज्ञापन प्रस्तुत करेगा।

संयोजक रणजीत मोदी ने बताया कि छोटी चौपड़ क्षेत्र से 6 मंदिरों तथा बडी चौपड क्षेत्र से 7 मंदिरों को उनके मूल स्थान से हटाकर पुराने आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, तंवर जी का नोहरहा, त्रिपोलिया बाजार और माणक चौक स्कूल के पीछे देवस्थाान विभाग मंदिर की जमीन स्थानों पर अस्थाई रुप से स्थानान्तरित कर सरकार ने निर्णय लिया था कि मेट्रो स्टेशनों के निर्माण के पश्चात इन मंदिरों को उनके मूल स्थान पर पुर्नस्थापित कर दिया जायेगा। इनमें से रोजगारेश्वर महादेव मंदिर को उसके मूल स्थान पर पुर्नस्थापित किया जा चुका है। अब शेष मंदिरों को स्थापित करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे।



## International Day for the Eradication of Poverty

Poverty has many faces, whether it be starving children in Africa or India or whether it be a struggling single Mother crying in the supermarket as her children look on confused. The UN has declared Fighting Poverty to be one of the cores of their Millennium Development Goals. With rising awareness in recent decades there are now more steps than ever being taken towards the eradication of poverty and the assistance and inclusion of those struggling with poverty towards being a part of the solution.



#J'ADORE

# Ace the Style for Diwali Week

There's no doubt, Indian outfits are the go-to Diwali clothing and all of us want to wear our best Indian attire.

With Diwali fast approaching, everything is soon going to be bright and festive and festivals are a perfect excuse to dress up your best and look exceptional. Diwali is a festival that lasts for more than a week.

We are sure you are looking for Diwali dress for women that will have you dressed to perfection and looking phenomenal.

Now, when it comes to ethnic wear, women have the luxury of a lot of options. But having more Diwali dress ideas usually leads to a lot of confusion. Jaipur markets are all stuffed up with exclusively festive and designer collections of Diwali dress for women in leheriya and bandhani. Be it lehengas, Ghararas, or the Indo western attires to make you shine this Diwali.

Read on to know about the latest fashion dresses to try for this festive season.

### Forever Favourite Lehenga



Dress up to look your best with all-time festive Lehengas as they make for excellent Diwali dress ideas. Traditional lehenga and Chaniya Choli are considered some of the most extravagant of Indian clothes that balance that yesteryear charm with the modern style of today. Lehenga enhanced with embellishments contributes a lot in making it truly beautiful. Floral prints and Silk Fabric are very much in vogue nowadays.


### Appealing Anarkali Style



There are a few women who love to wear everything minimal and not too glitzy or glittery. For them, we have picked up this Jaipur Stuff Kurti set that will make you stand out and look classy. Sport this three-piece Kurti set and go ahead and turn some heads.

### Traditional Silk Sarees

The very essence of India lies entwined in the folds of this



beautiful Indian garment. This may sound cliché, but a traditional silk saree is indeed that versatile garment that can make that head-turning style statement on a myriad of occasions. Nowadays silk salwar suits are also a hot trend for festive wear.

### Trendy Ruffle Sarees



It is now the time to make a transit ahead of the conventional sarees and spice up your ethnic wardrobe collection with trendy ruffles. A stylish ruffle saree is amongst the best Diwali outfits that remained in trend last festive season and are sure to be the top outfit option this festive season too.

### Traditional Gharara Dress For A Royal Touch



Last but not the least is a traditional gharara dress that is amongst the top Diwali dress ideas you can flaunt this festive season. A traditional gharara dress gets recognised as a sister outfit of a sharara dress, but it comes with a twist.

### Trendy Crop Top Sets



Opt for trendy crop tops and add a touch of modernity with your traditional attire. The fad for palazzo pants has been overwhelming and embellished crop tops look so amazing when combined with a flared skirt or flowy palazzo made from fancy fabrics. The magical part about this style is that they can be both worn together or even separately.

#THIS DAY, THAT YEAR

# No Paper... So Messages On Chapattis...

Packets and Dakotas daily air dropped stores of every kind on the DZ, everything that the army thought would be required by 7 Bde. Aatta, Rice, Sugar, Salt, Besan….etc in 55 kg double lined jute bags were free dropped, kicked out of the aircraft in lots of six sacks at a time. Rum in 24 ltr jerry cans, 52 kg boxed ammunition for 303 rifles, Smith & Wesson pistol, these were para dropped. Large 300 mtr rolls of Cortina barbed wire, sand bags, were brought to Guwahati from Agra or Lucknow ASC large scale procurement depos by Packets, some of which were broken down and repacked for air drop from Dakotas at Guwahati.





Wg Cdr Unni Kartha (Retd)

*aka Cyclic is a retired IAF pilot with a penchant for storytelling*

At sunrise on 16 Oct 62, at 04.45 IST, it began to cast a reddish glow on eastern horizon over the 16,000 feet Karpo La-1 range. Within half an hour it would be bright enough to see at Tsangdhar and Thagla ridge, but it would be dark down in Namka Chu till seven or eight in the morning.

At the eastern end of a rock strewn 800 x 600 mtr. sloping Tsangdhar Dropping Zone (DZ) at 14,500 ft, about ten km north of Karpola-I as a crow would go, on top of the bleak rocky mountain range adjoining the Namka Chu valley, what was left of the 'E' Troop, of 52 Parachute Field Battery (PFB), shook and shivered in the bitter cold in their make shift shelters. 12 out of them, including few of their older supervisory gun battery JCOs and NCOs, had to be evacuated to the ADS at Lumpu, by Williams in his 'Machar' (Bell 47G3) helicopter due to Pulmonary Oedema. The serious stretcher cases, who could not sit up in the rear seat of the Bell, were given a large Morphine shot from the field dressing and tied down in 'paniers' (baskets) fixed on the landing skid on either side, outside the helicopter. If they woke up in flight and tried to jump off, Williams had no option but to bash them on their head with a stick to knock them unconscious once again!

### Fortification

As the sun rose further, it was time for E Troop to make tea, change guards over their two motley 3.75" field gun emplacements with 80 odd rounds of gun ammunition, and clear the ice inside the gun barrels. Just as they did during previous days, today they would have to once again go searching for the balance of two guns and 800 rounds of ammunition that had been airdropped by Dakotas from Guwahati, brought on pallets by 'Packet' aircraft from Agra. They also had to collect more rocks and pile them up around the gun pits to create a fortification, besides sitting their MMGs at 'Black Rock', a bleak feature 800 metre towards the west, from where the PLA would come, if they came. They had no digging implement other than their bayonets and in any case the ground was frozen solid and rocky to dig trenches or defences like battle of Somme and Flanders in World War-I.

E-Troop of 52 PFB with 2 x world war vintage 3.75" field guns and 80 rounds of ammo were the only artillery that was available to 7 Bde at Namka Chu, on that day, and the ensuing days. If or when war came, they would have to make each round count. And exposed as they were, they would be an easy target to pick by PLA's larger field guns, with greater punch and longer range, now visible on Thagla massif.

The Namka Chu rivulet, where 7 Bde HQ was located, was about 4 or 5 km away to north, about 6000 feet below, in total darkness. When the sun rose further, E-Troop would have complete aerial view of Namka Chu frontage of 7 Bde deployment, 7 or 8 km wide, west to east from Tsangle to Kenzemane, just as the PLA observation posts would also have, sitting on the Thagla massif at 16,000 feet, north of them. Namkachu and the Bde HQ, at the bottom of the valley, now lay smothered in fog and darkness. The sun was yet to light up 7 Bde and fighting locations of its lodger units.

21 yr old Lt AJS Behl, 'Gun Position Officer' of E-Troop 52 PFB tried to burrow himself deeper under his horse hair blanket, in his makeshift rocky ledge covered with a parachute salvaged from the DZ. He slept in fits and starts, on the rocky ground, with all his clothes and boots on to ward off the teeth chattering cold, right next to a log fire. He still shivered continuously out of cold and fear. The previous day he had seen the PLA coming down the Thagla massif to reposition their artillery and mortars, aimed at 7 Bde locations. His 3.75"guns could not reach them. He needed to contact his superior Capt HS Talwar, commanding 'E' troop 52 PFB, to brief him and ask for orders.

### Airdropped by Dakotas

Talwar had gone down to meet the BM of 7 Bde and had not come back. A cranking type, point to point field telephone that had been installed by Maj Ram Singh and his valiant men from Corps Signals, had some fault and Behl was out of touch with the Bde field exchange. The battery of the VHF radio set with Behl had no acid and hence was useless. The Monpa porters who had been hired from Towang to man pack the mountain of stores of 7 Bde and its lodger units, had emptied battery acid to make it lighter when they carried it up the Blue Mountain and hence 7 Bde HQ had to use runners to communicate with HQs of four battalions and dispersed companies under it, from Tsangle to Khenzemane.

There was nothing much that Behl could do, other than to wait for Talwar to come back to take charge, or rely on his young limited wisdom and the experience of the older JCOs and NCOs, to do whatever there was to be done. So he burrowed himself deeper under the horse hair blanket and went back to sleep, till someone came to wake him with an enamel mug of tea. 'Satsriyakal Saabji, Cha Pio, Dakota Dropping Shuru Ho Gaya Si', said his batman, inviting him for the daily ringside entertainment.



Tawang District in Arunachal Pradesh.


As he had been doing for past ten days, Flt Lt Sadatulla in his Dakota promptly came over head Tsangdhar at 0645 to do a weather reconnaissance and to do an air drop. None was allowed to go on the DZ when the drops were being done. E-Troop of 52 PFB sat around sipping tea and watched the air drop. Besides the air drops, the Machar helicopter flown by Williams that came from time to time bringing some one or the other from Tezpur or Zementhang, or to do a causality evacuation, were their only entertainment.

Packets and Dakotas daily air dropped stores of every kind on the DZ, everything that the army thought would be required by 7 Bde. Aatta, Rice, Sugar, Salt, Besan….etc in 55 kg double lined jute bags were free dropped, kicked out of the aircraft in lots of six sacks at a time. Rum in 24 ltr jerry cans, 52 kg boxed ammunition for 303 rifles, Smith & Wesson pistol, Sten gun, 7.62 submachine gun, LMG/MMG, belted ammo, hand grenades, antipersonnel mines, so on, kerosene and petrol in 200 ltr drums, Meat On Hoof (boxed live goats), these were para dropped. Large 300 mtr rolls of Cortina barbed wire, sand bags, so on, were brought to Guwahati from Agra or Lucknow ASC large scale procurement depos by Packets, some of which were broken down and repacked for air drop from Dakotas at Guwahati.

### A 'jugad' to Search

The Dakotas went round and round in tight circles, between 300-350 feet above the DZ at about 115 mph, dropped fairly in the centre of the DZ. But the Packet drops, in one or two pass at a higher speed, in much larger quantities, were wide spread and some even went floating towards the Chinese positions across the Namka Chu rivulet, towards Tseng Jong and fell into PLA hands. What 7 Bde required most, acid for batteries to operate radio communication sets, or run the field telephone exchange, these the AF would not carry since it was prohibited cargo.

On seeing that there may be a war in the offing, most of the Monpa tribal from Towang, hired as porters and pioneer for manual labour, ran off. So there was none to help collect the goods air dropped. Dalvi ordered a 'free for all', asking his unit commanders to depute fighting troops to go and collect whatever they required directly from the DZ. So, half the troops, who were yet to acclimatise to high altitude, were put to use as pioneers, instead of active patrolling and creating effective defences. The 200 ltr kerosene drums were too heavy to lift and there were no jerry cans to decant. Similarly the Cortina wire rolls and sand bags were too heavy to lift or carry. Out of necessity, soldiers found improvisation and 'jugad' to search and collect basic necessities. Aatta and Sugar bags were punctured with bayonets and their contents filled into back packs, pagaris of Sikhs or helmets, cooking oil in water bottles and so on.



Namka Chu valley.



Zemethang

### Uphill all the Way

In a day a soldier could only make one trip with 10-12 kgs of load at that altitude. The worst case were 9 Sikh deployed at Tsangle, they had to travel the longest, uphill all the way. Others, from 2 Rajput and Gorkhas walked along Namka Chu river, now almost dry, came to 7Bde HQ location and then climbed up to the DZ. Like rag pickers, they went around collecting this or that in piece meal, what they could carry back to their dispersed locations.

In the meanwhile, not aware of the ground situation, the IAF kept dropping tons of same stores every day. By 16 Oct, the whole DZ was littered with parachutes, almost ten feet high. In the next four ensuing days, till 20th Oct morning, they would continue to do the same, a complete waste and of little or no use to 7 Bde. It would later come as a great gift to PLA when they over ran 7 Bde.

The small makeshift Helipad, at 14,500 feet was near where E-Troop of 52 PFB was located, in the north eastern most corner of the DZ, about 200 yds away. Because of undulating terrain, big boulders, and sheer drops, which had to be circumnavigated, high altitude that effects breathing and saps energy, Namka Chu rivulet, location of 7 Bde HQ, near log bridge 4, was about 2 to 3 hrs walking distance from the helipad, depending on whether one was going up or downhill. E troop 52 PFB were the only troops deployed near the helipad and DZ, with a platoon of 1/9 GR east of them. Rest of 7Bde (9 Punjab, 2 Rajputs, Grenadiers, and balance of 1/9 GR) were the only fighting force under GoC4 Div, now located in Zementhang, 15- 20 minutes by 'Machar' helicopter, and 2 days walking distance with a night halt in the open near Hathungla pass.

> Not aware of the ground situation, the IAF kept dropping tons of same stores every day. By 16 Oct, the whole DZ was littered with parachutes.



'Machar' (Bell 47G3) helicopter.

More forces were arriving by train at Tezpur from the plains of Punjab and Deccan, all of them in summer clothing and un-acclimatised to high altitude. They were then rushed up by 4 Corps across the Bhramaputra in steamers to Tezu and Walong, and others pushed forward up the blue mountain to Tawang and some to Zementhang, partly by road, partly on foot and a few using the newly arrived six Mi-4s of 110 HU stationed at Tezpur. 105 HU operating at Jorhat with Bell 47 G3s (Machar) and two S-55s had been split into two. A flight was sent to Leh and B Flight was moved as a detachment under a TAC and co located with 4 Div at Zementhang. Though everyone could fly upto Tawang / Zementhang / Walong as well as Ladhak in the Mi-4, only the Bell 47G3 was capable of going to Tsangdhar, flown by just one pilot, very experienced Williams who was a Bahai, zestful in causality evacuation, but totally disinterested in the war efforts, which was against his faith as a Bahai.

### Communication Blackout


The acute lack of communication between 4 Div, with 7 Bde and sub units of 7 Bde, was pragmatically resolved by venerable Col Tiwari and Maj Ram Singh of Corps Signal Unit, by physically laying a 40 km long, point to point, shielded cable hung on trees. However, there was severe limitation on the manually switched telephone exchanges at both ends, too many callers, and too short talk time, book a call and wait.

Lt Behl of E Troop 52 PFB (PoW, later Brig) recalls, 'éveryone in the Bde cranked, yelled, was connected to the brigade communication post, asked for individuals and was patched in to talk for a few minutes at a time, turn by turn. Fire support to the entire brigade frontage by the two howitzers was to be managed by us in this primitive way. At that time I was quite sure that in the heat of the battle, I may never have communication, may have to think 'two up' with no formal instructions and hence made my own adhoc orders for my gun crew to do independent targeting of likely enemy approaches, if the battle brought them across the Namka Chu rivulet'. Lt Behl was correct in his assessment. Before striking 7 Bde, the Chinese cut the telephone cables, and there was total communication blackout in 7 Bde due to over dependence on field cable relay and no radio.

On 16th evening, Dalvi sent a message for all his unit commanders to gather in Bde HQ at 1000 hrs next morning for strategizing on a defensive plan if the Chinese attacked. By the farthest stretch of his imagination and military acumen, he could not think of a way to attack or counter attack the PLA as directed by GoI, Kaul's orders. Dalvi couldn't withdraw either till ordered by Kaul or Niranjan Prasad. So it had to be a fight to the last bullet and last man that he had to urge his unit commanders to do. The message for the meeting was sent through runners, written on 'Chapathis'. There was no paper, ink or pen, but they had Chapathis, courtesy the zestful air drops.

writetoarbit@rashtradoot.com

> The small makeshift Helipad, at 14,500 feet was near where E-Troop of 52 PFB was located, in the north eastern most corner of the DZ, about 200 yds away. Because of undulating terrain, big boulders, and sheer drops, which had to be circumnavigated, high altitude that effects breathing and saps energy, Namka Chu rivulet, location of 7 Bde HQ, near log bridge 4, was about 2 to 3 hrs walking distance from the helipad, depending on whether one was going up or downhill.



16,000 feet Karpo La-1 range.



Dakotas daily air dropped stores of every kind.

#COVID-19

# Booster Shots For Oldies

When blood samples were again taken and tested 14 to 30 days after a booster shot, antibody levels for older adults matched those in the younger group. A third dose also eliminated disparities between males and females within the same age group.



COVID-19 booster shots are essential for maintaining long-term immunity against infection, particularly among older adults, a new study shows.

The findings in Clinical Infectious Diseases directly support the CDC vaccination guidelines recommending COVID-19 boosters, the researchers say.

A previous study documented a significant decline in protective antibody response among all vaccine recipients six months after an initial two-dose series of mRNA vaccines, particularly in older adults whose immune systems weaken with age and respond less efficiently to viral and bacterial infections.

These previous studies also showed a sharper decline in immune response in men compared with women in adults over 74 years.

For the new study, investigators tested COVID-19 antibody levels in blood samples from more than 80 adults ages 75-98 who had two initial doses of the mRNA vaccines made by either Pfizer or Moderna and no known history of COVID infection.

As a comparison group, researchers also tested the blood of 84 adults under 75 years old with the same vaccination and infection history.

When blood samples were again taken and tested 14 to 30 days after a booster shot, antibody levels for older adults matched those in the younger group. A third dose also eliminated disparities between males and females within the same age group.

"The data support the CDC guidelines for COVID-19 vaccination and affirm that the vaccine is initially able to mount a good antibody response," says Sean Leng, a professor of medicine who specializes in geriatric medicine at the Johns Hopkins University School of Medicine.


But, he adds, older people need to be especially encouraged to get the vaccine and boosters to keep them protected from breakthrough infections as immunity wanes.

The study also underscores the importance of continued research on factors that may affect immunity, such as type of vaccine, age, sex, and frailty.

Additional co-authors are from Johns Hopkins and Rensselaer Polytechnic Institute.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कॉपीराइट एक्ट के मामले में वकील गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

## फैक्ट्री में दबिश देकर एडवोकेट को किया गिरफ्तार, ब्रांडेड कंपनियों के लोगो व कपड़े जप्त

**अजमेर, (कास)।** पुलिस ने अलकनंदा कॉलोनी में स्थित एक फैक्ट्री में दबिश देकर ब्रांडेड कंपनी के नाम एवं लोगों का उपयोग कर नकली शर्ट बनाने के मामले में फैक्ट्री मालिक एडवोकेट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने फैक्ट्री को सीज करते हुए बड़ी कंपनी के भारी मात्रा में कपड़े पर टैग जप्त किए हैं। आदर्श नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श नगर थाना प्रभारी सुगन सिंह ने बताया कि अजमेर शहर में ब्रांडेड कपड़ों के नाम की आड़ में नकली कपड़ों पर ब्रांडेड कम्पनी के टैग लगाने का गोरखधंधा चल रहा था। जिसकी सूचना पर सीओ दक्षिण सुनील सिहाग के नैतृत्व में टीम का गठन किया। रविवार को टीम अलखनन्दा कॉलोनी मकान न. 7 पर पर पहुचीं। जहां नकली कपड़े बनाने वाली फेक्ट्री पर दबिश देकर चैक किया तो फेक्ट्री मालिक एडवोकेट जमील अहमद ( 32) पुत्र शकील अहमद को मौके से गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में खुद को टीवाई शर्ट फैक्ट्री इंडिया का मालिक होना बताया ।



नकली शर्ट बनाने के मामले में फैक्ट्री मालिक एडवोकेट को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि फैक्ट्री में तलाशी के दौरान हॉल से कुल 11 सिलाई मशीनें अलग-अलग प्रकार की मिली। साथ ही तैयार कपड़े प्लास्टिक थैलियों में पैक मिले। इसमें कुछ कम्पनियों के लेबल, बटन, रॉ-मटिरियल पड़ा मिला। कपड़ों को चैक किया तो जारा, यूर, यूएसए, मेक्स मेडन और पॉर्च्यूगल लेबल के कुल 60 शर्ट, 30 टेग, 50 लेबल व यूएस पोलो के कुल 31 शर्ट, 500 टेग एवं लिवाइस लेबल के कुल 15 शर्ट, 380 रेड टेग लेबल, 750 कॉलर लेबल, 550 टेग तथा लिवाइस मार्का के शर्ट बटन पैकिट में मिले। जिन्हें जप्त किया गया व फैक्ट्री मे रखी कुल 11 सिलाई मशीनें जिनमें 9 मशीने जैक कंपनी तथा 2 मशीनें जूकी कम्पनी की जो काफी बड़ी होने के कारण हॉल के अन्दर ही सुरक्षित रखवा कर फेक्ट्री को सीज किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी जमील अहमद ने कॉलोनी व आस-पास के लोगों में रुतबा व धोंस जमाने के लिए फैक्ट्री के बाहर बड़े अक्षरों में जमील अहमद तथा एडवोकेट का बड़ा लोगों लगा रखा था। जिससे लोगों को शक नहीं हो और वह अनावश्यक रूप से कोई पूछताछ नहीं कर सके।

- **मामले में कई दुकानदार पुलिस की रडार पर हैं**

आरोपी एडवोकेट नकली शर्ट पर ब्रांडेड कंपनियों के लोगों को टेग लगाकर कहां-कहां सप्लाई कर रहा था। इसे लेकर क्लॉक टावर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस मामले में कई दुकानदार पुलिस की रडार पर हैं। आरोपी के पूछताछ के बाद कई दुकानों पर भी पुलिस दबिश देगी।

आदर्श नगर थाना प्रभारी सुगन सिंह ने बताया कि आरोपी जमील ने लॉकडाउन के बाद 6 महीने से नकली शर्ट पर ब्रांडेड कंपनियों का लोगो व टेग लगाने का गोरखधंधा कर रहा था। वह कई लोगों को कपड़े बेचकर कमाई कर रहा था। आरोपी एडवोकेट जमील मूल रूप से जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पिछले 4 साल से अजमेर के अलकनंदा कॉलोनी में प्लॉट लेकर स्वयं की सिलाई की फैक्ट्री खोल रखी है। पुलिस इस संबंध में अनुसंधान कर रही है कि उत्तर प्रदेश में भी ऐसा कोई अवैध धंधा तो नहीं कर रहा था आरोपी।

# एक देशी पिस्टल सात जिंदा कारतूस सहित कुलदीप उर्फ केडी गिरफ्तार

## आरोपी पर पहले से तीन मामले दर्ज हैं

**खेतड़ी नगर, (निसं)।** केसीसी प्रोजेक्ट के पीछे बनवास की तरफ रविवार देर शाम को एक युवक बड़ा वारदात को अंजाम देने की फिराक में एक लोडेड देशी पिस्टल लेकर घुम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर ने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा ने निर्देश पर अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी के चलते डीएसटी टीम के सुरेश व महेंद्र को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की केसीसी प्रोजेक्ट के पीछे की तरफ बनवास खदान के रास्ते पर एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। जो बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर के नेतृत्व में राकेश स्वामी, मनीष, दिपक, डीएसटी के शशिकांत शर्मा, सुरेश, महेंद्र, प्रदीप, हरीश कुमार, विक्रम, विकास मौके पर पहुंच कर देखा तो पहाड़ियों क बीच में एक युवक घुम रहा था। जिसकों घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ की तो उसने हीरामल की ढाणी तन टीबा निवासी कुलदीप उर्फ मंदारी उर्फ केडी पुत्र भोलाराम गुर्जर होना बताया। तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्टल मिली। जिसमें सात जिंदा कारतूस लोडेड थे। पूछताछ करने पर युवक ने हथियार के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर देशी पिस्टल व सात जिंदा कारतूस जब्त कर लिए। थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि हथियार कहां से लेकर आया और किस काम में प्रयोग करने वाला था। आरोपी के खिलाफ तीन मारपीट के मामले दर्ज है।



लोडेड पिस्टल लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर सुखेर थाना पुलिस ने पीड़ित ठेका कंपनी का काम नहीं कर ठेकेदार कंपनी कर्मियों के खिलाफ लाखों की नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सावरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी सावरिया एनक्लेव खेलगांव निवासी दीपक कुमार पुत्र बाबुलाल तेली ने आरोपी चाथ माला देवनंछन पंलाटीना करेली चन्द्र लोडिया अहमदाबाद निवासी जुली प्रकाश मिश्रा, रकेश मिश्रा, राजु मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2020 में आरोपियों को आबूरोड साईड पर फायर सेफ्टी का काम करने का ठेका दिया तथा बदले में 26 लाख रूपये का भुगतान किया। कुछ समय बाद आरोपियों ने काम नहीं किया। इस पर मेरी कंपनी ने अपनी व्यवस्था से काम करवा आरोपियों से नकदी की मांग की तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

# ट्रेलर-कार की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** श्रीगंगानगर मार्ग पर पजेरो और ट्रेलर में आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गंभीर घायल हो गया। दोनों मृतकों में एक झुंझुनूं व दूसरा रतनगढ़ का रहने वाले था। जबकि घायल बीकानेर के खारा गांव का रहने वाला है।

मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गए हैं। देर रात हुए इस हादसे में पजेरो और ट्रेलर में आमने-सामने की भिड़ंत हुई थी। इसमें झुंझुनूं के रामपुरा बेरी का 32 वर्षीय युवक राजेश सिंह और दूसरा रतनगढ़ के लथासर गांव का तीस वर्षीय प्रभु सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे।

घटना के बाद बीछवाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों को बाहर निकाला। रात के अंधेरे में ही इनके शवों को बाहर निकाला गया। काफी जबर्दस्त टक्कर होने के कारण शव क्षत विक्षत हो गए। इसी हादसे में खारा गांव का विक्रम सिंह गंभीर घायल हो गया। उसे पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ट्रेलर ने उत्तराखंड नंबर की पजेरो के बीच में टक्कर मारी जिससे ड्राइवर से दूसरी साइड में जबर्दस्त टक्कर लगी। ऐसे में पजेरो पलटती हुई दूर जा गिरी। इसी दौरान इसमें सवार तीनों युवक चपेट में आ गए। दो की मौत हो गई जबकि ड्राइवर घायल हो गया। अनियंत्रित होकर ट्रेलर भी पलट गया।

## दुष्कर्म का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** पीड़िता ने युवक के खिलाफ अपहरण कर बलात्कार करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी पनवाड़ी निवसी गणेशलालपुत्र हमेरा गमेती के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी से मेरा परिचय होने से वह मुझे 14 अक्टूबर को बहला फुसला कर कार में अपने साथ ले गया। जहां उसने कार में मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसका विरोध कर चिल्लाने पर आरोपी मुझे छोड़ कर फरार हो गया।

# फसल व चारे में आग लगाने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाने के गांव हरपालू सांवल निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक आरोपी के खिलाफ खेतों में पड़ी फसल में आग लगाने का मामला दर्ज करवाया।

थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि सोमबीर पुत्र डालूराम उम्र 38 साल जाति जाट निवासी हरपालू सांवल तहसील राजगढ (चूरू) ने इस आरोप की रिपोर्ट पेश की है कि हरपालू सांवल की रोही में उनकी कृषि भूमि है, जिसमें करीबन 25 हजार पूलों के बाजरे की सीटियों को खेत में दो जगह इक्कठा किया कर रखा था, तथा 1० अक्टूबर 2022 को समय करीबन 10 पी.एम. पर उसे सूचना मिली कि उनके खेत में रखे बाजरे की सीटियों सहित पूलों में आग लगी हुई है। जिस पर वह अपने परिवार एवं आस पडौस के व्यक्तियों को लेकर मौके पर पहुंचा तो देखा कि पूलों में आग लगी हुई थी, उसे बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी सीटियां आग बुझाने तक जल कर राख हो गई।

मालू करने पर पता लगा कि राकेश पुत्र इन्द्रसिंह जाति जाट निवासी हरपालू सांवल को उनके खेतो में जाते हुए देखा था तथा उसी समय राकेश ने उनके खेत पडौसी जयसिंह पुत्र फूलाराम जाति जाट निवासी हरपालू सांवल व प्रताप पुत्र भोलाराम जाति जाट निवासी हरपालू सांवल के खेत में पडे ग्वार व मूँग के फूस व न्यार व अन्य खेती का सामान जला दिया। जब उन्होंने इसके बारे में राकेश से पुछताछ की तो उसने इनके साथ गाली गलोच किया तथा धमकी दी कि अगर आपने इस बारे में उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही की तो वह उसे जान से मार देगा। आरोप है कि आरोपी राकेश ने उनके खेत में रखी सीटियों सहित पूलों को आग लगाकर उन्हे करीबन बीस हजार रूपये, जयसिंह को करीबन अस्सी हजार रूपये व प्रताप को करीबन पचास हजार रूपये का नुकसान पहुंचाया है।

# ब्लैकमेल कर युवती से दुष्कर्म, 3.20 लाख रूपये ऐंठे

- **युवती की शादी के बाद भी बलैकमेल किया**

**नोखा, (कासं)।** एक निजी कम्पनी में कार्यरत कार्मिक द्वारा एक विवाहिता को नशा देकर दुष्कर्म करने व अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला नोखा थाने में दर्ज हुआ। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल कर 3 लाख 20 हजार रुपए भी ले लिए है। जिसका मुकदमा शनिवार रात को नोखा थाने में दर्ज हुआ है। पीड़िता ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कर बताया कि वह 2019 में सुजानगढ़ रोड़ स्थित निजी कम्पनी में कार्यरत थी। तभी वहां का एक अन्य कार्यरत कर्मचारी हरियाणा महेन्द्रगढ़ जिले के मोहम्मदपुर प्रीतम सिंह में कार्यरत था। धीरे-धीरे उसके साथ बोल चाल शुरू की और उससे घुलता मिलता गया। उसने अपनी बातों में इस तरह फंसा लिया। अपनी व अपने परिवार की मजबूरियां दिखाकर उसे भावनात्मक रूप से अपने प्रभाव में ले लिया।

3 मार्च 2020 को प्रीतम सिंह ने उसे अपने जन्मदिन की पार्टी का कहकर अपने साथ अपने कमरे जो कि हरिराम मन्दिर नोखा के पास था में ले गया। उसे नशीला पेय पदार्थ पिलाकर अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रूपये मांगे। डर के मारे 3 लाख 20 हजार रूपये दे भी दिए। पैसे देने के बाद आरोपी ने ब्लैकमेल कर 4 बार रेप किया और फोटो व वीडियो भी डिलीट नहीं किए। 7 मई 2021 को शादी हो गई तथा ससुराल चली गई। फिर भी उसने धमकी देनी जारी रखी तथा कहा कि खाते में रूपए नहीं डालेगी तो मैं तेरी फोटो तेरे ससुराल वालों को भेज दूंगा व सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लाखों के आभूषण व एक लाख नकद चोरी

**अजमेर, (कास)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक सूने मकान से लाखों के जेवरात व एक लाख नकद चोरी करने मामला सामने आया है। चोर ताले तोड़कर अन्दर घुसे और वारदात कर फरार हो गए। सुबह जब घर के दरवाजे टूटे मिले तो पता चला।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फूस की कोठी सरक्युलर रोड अजमेर निवासी राजेन्द्र कुमार अरोडा पुत्र रुपलाल अरोडा ने रिपोर्ट देकर बताया कि पिछले दो दिन से उनकी 80 साल की बुजुर्ग माता लाजवन्ती अरोडा को लेकर अपने भाई के घर गए हुए थे। उनके भाई टीकमचद का फोन आया कि उनके घर का दरवाजा टूटा हुआ है और जब घर जाकर देखा तो पाया कि कमरे का दरवाजा व एक अलमारी का लाकर टूटा हुआ मिला। जिसमें से लगभग 8 तोला सोना एवं एक लाख रुपए व नकद गायब मिले।

# राजपूत समाज ने खेतड़ी नरेश अजीत सिंह की जयंती मनाई

## अजीत सिंह की मदद से स्वामी विवेकानंद ने दिलाई थी विश्व में भारत को पहचान

**खेतड़ी, (निसं)।** राजोता स्थित विवेकानंद संस्थान परिसर में रविवार को राजा अजीत सिंह की 161वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोकसिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि मोहनसिंह निर्वाण, सुरेंद्र सिंह फौजी, सुमित सिंह थे। जबकि अध्यक्षता नरेन्द्र सिंह नंगली ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने राजा अजीत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक सिंह शेखावत ने कहा कि खेतड़ी नरेश अजीत सिंह का भी नाम जब भी आता है तो स्वामी विवेकानंद का नाम अवश्य आता है। वह दोनों अजीज मित्र व गुरु शिष्य थे। स्वामी विवेकानंद को नरेंद्रनाथ दत्त से स्वामी विवेकानंद खेतड़ी नरेश ने ही बनाया था।



खेतड़ी के पूर्व राजा अजीत सिंह की जयंति के अवसर पर लोग मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि राजा अजीत सिंह ने आगे की सोचते हुए तत्कालीन समय में शिक्षा और चिकित्सा का विस्तार किया उनकी सोच काफी दूरदर्शी थी। राजा अजीत सिंह और स्वामी विवेकानंद का गहरा नाता था। स्वामी विवेकानंद खेतड़ी नरेश के आग्रह पर तीन बार खेतड़ी आए थे। उन दोनों महान विभूतियों की यादों में केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से अजीत विवेक संग्रहालय बनाया गया है। जिसमें अनेक सैलानी आने लगे हैं। अब खेतड़ी पर्यटक नगरी के रूप में विकसित होगी। यह खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह की ही देन है। शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भेजने का पूरा खर्च राजा अजीत सिंह ने ही उठाया था और स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जो भी मैं भारत के कल्याण के लिए थोडा बहुत कर पाया हूं वह नहीं कर पाता, यदि मेरी भेंट खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह से नहीं हुई होती।

इस दौरान राजपूत समाज की बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें समाज में आवश्यक सुधार व समाज की एकता को बनाए रखने पर चर्चा की गई। इस मौके पर कैप्टन धर्मपाल सिंह, कुंदन सिंह, ओमवीर सिंह, विजय सिंह, रविंद्र सिंह, उम्मेद सिंह, अजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गिरवर सिंह, जितेंद्र सिंह, इंद्र सिंह, कैप्टन सुरेंद्र सिंह शेखावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बाइक चोर को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की शाहपुरा पंचायत समिति के नई राज्यास गांव में ग्रामीणों ने एक बाइक चोर को पकड़ लिया और उसके भागने की संभावना में उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। आरोपी के पास से गांव वालों ने चोरी की बाइक भी बरामद की। गांव में चोर पकड़ने की सूचना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने के बाद फुलिया कलां पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी के हाथ पैर खोलकर उसे हिरासत में लिया। बाद में उसे शाहपुरा पुलिस को सुपुर्द किया गया जहां से उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया है।

फुलिया कलां थाना प्रभारी दलपत सिंह के अनुसार क्षेत्र में नई राज्यास के ग्रामीणों ने एक बाइक चोर को पकड़ने की सूचना दी थी। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध रखे थे। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और थाने लेकर आई। उसके पास चोरी की बाइक थी जिसे भी थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान खामोर निवासी घनश्याम सोनी बताई। उसने बताया कि शनिवार दोपहर को उसने शाहपुरा के सरकारी हॉस्पिटल से बाइक चोरी की थी। इससे पहले भी उसने वहां से तीन बाइक चोरी कर रखी थी। उसे शाहपुरा पुलिस को सौंप दिया गया है। बताया गया है कि पकड़ा गया चोर स्मेक सेवन का आदी होने से पैसे की किल्लत में चोरी की वारदातें को अंजाम देता है। फिलहाल उसे चिकित्सालय ले जाया गया है।



राज्यास गांव में पकड़े गए चोर की लोगों ने धुनाई कर दी।

## कलैक्टर ने हाइवे पर जाम का जायजा लिया

**उदयपुर, (कासं)।** गत कई दिनों से उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर लगते जाम के मद्देनजर जिला कलेक्टर निरंतर स्थिति को सुधारने हेतु प्रयासरत हैं। रविवार को कलेक्टर ताराचंद मीणा बलीचा स्थित निर्माणाधीन पुल का कार्य देखने पहुंचे एवं जाम का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान समाज सेवी भीम सिंह चुंडावत ने कलेक्टर से मिल कर यहाँ आमजन को आ रही परेशानी से अवगत कराया।

युवा उद्यमी भीम सिंह चुंडावत ने कलेक्टर मीणा को इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले कई दिनों से उत्पन्न हो रही स्थितियों की जानकारी दी और अवगत कराया कि पिछले कई दिनों से इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबे-लंबे जाम की स्थितियां बन रही है। इस जाम के कारण बडी संख्या में रोगी वाहन, प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थी और नियमित आवागमन करने वाले कर्मचारी व आम लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने की जरूरत हैं।चुंडावत ने बताया कि एनएचएआई द्वारा इस मार्ग पर लोगों को मुआवजा दिए बगैर दूरदर्शिता विहीन निर्माण से यह स्थिति पैदा हुई है। कलेक्टर ने इस स्थिति पर एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद किया।

# 'कांग्रेस सरकार चौथी वर्षगांठ मनाने की तैयारी में वहीं किसान बदहाली को लेकर परेशान'

## भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की

- **चतुर्वेदी ने कहा कि बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद की मांग को लेकर भाजपा आज लक्ष्मणगढ़ में किसानों की हुंकार रैली करेगी**
- **सीकर, चूरू और झुंझुनूं के हजारों किसान भाग लेंगे**

**सीकर, (निसं)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार अपनी चौथी वर्षगाँठ मनाने की तैयारी कर रही है जबकि दूसरी तरफ राज्य के किसान अपनी बदहाली को लेकर पूरी तरह से परेशान है। राजस्थान सबसे अधिक बाजरे का उत्पादन करने वाला राज्य है ऐसे में बाजरे की खरीद समर्थन मूल्य पर हो इस विषय को लेकर किसान और किसानों ने लगातार सरकार से मांग की है। वे रविवार को सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने अभी तक बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद की कोई घोषणा नहीं की है जबकि पड़ौसी राज्य हरियाणा सरकार ने 2350 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरे की खरीद की घोषणा कर खरीद प्रारंभ भी कर दी है। लेकिन भाजपा और किसानों द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद राज्य की कांग्रेस सरकार ने बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद की घोषणा नहीं की है। इसी विषय को लेकर भाजपा 17 अक्टूबर सोमवार को सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ कस्बे में किसानों की हुंकार रैली आयोजित करेगी। कहा कि यह रैली लक्ष्मणगढ़ के जिला स्टेडियम में सुबह 11.30 बजे आयोजित की जायेगी।

रैली में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां सहित केंद्र व प्रदेश स्तरीय नेता भी आएंगे। कहा कि रैली में सीकर, चूरू व झुंझुनूं के किसान एकत्रित होकर गुंगी, बहरी और सत्ता के संघर्ष में उलझी हुई सरकार को जगाने और झकझोरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी एक मांग ओर है कि पिछले बेसमय की बरसात के कारण हाड़ौती और भरतपुर के किसानों की फसल को अतिवृष्टि के कारण जो नुकसान हुआ और बाजरे की फसल चौपट हो गई है उसकी तुरंत गिरदावरी और राहत की घोषणा राज्य की कांग्रेस सरकार करें ताकि राज्य का किसान इस संकट से ऊबर सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा के क्षेत्र में रैली के माध्यम से सरकार को जगाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किसानों के हित में कई बेहतर निर्णय लेकर राहत प्रदान की है वहीं राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदना नहीं चाहती है। राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों से चुनावों से पूर्व किये गये सभी वादों से मुकरने का काम किया है। ऐसे अनेक विषयों को लेकर भाजपा किसानों की हुंकार रैली कर रही है। इस दौरान सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी पूर्व विधायक प्रेमसिंह बाजौर, रतनलाल जलधारी व बंशीधर बाजिया, जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा, मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**गोविंदगढ़/अलवर,** (निसं)। गोविंदगढ़ उपखंड में गोविंदगढ़ पुलिस द्वारा दीपावली के महोत्सव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना आमजन से थाना प्रभारी शिव शंकर शर्मा ने अपील की व भाईचारे से दीपावली के त्यौहार खुशी खुशी मनाएं जिससे क्षेत्र में भाईचारे का संदेश जाए मनाये। व्यापारियों से भी अपील की कि रास्ते पर अतिक्रमण न करें हर व्यक्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी राजस्थान पुलिस की है।

### गौशाला में जन्मदिन मनाया

**रींगस,** (निसं)। लंपी वारयरस से ग्रसित तथा उससे ठिक हुई गौवंशों की युवा अब अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। गौवंशों की मदद के लिए शहर के उद्यमी रवि बावडिका ने अपना जन्मदिन मनाया। रणवीर सिंह झाला ने बताया कि इस दौरान रवि बावडिका ने गौवंशों को चारा तथा गुड खिलाते हुए उनकी सेवा की। गौवंशों के चारे के लिए रवि ने 51 सौ रूपये भी भेंट किये। उन्होंने युवाओं को अपना धर्म याद दिलाते हुए कहा कि गायों में सभी देवताओं का निवास है। ऐसे में हर भारतीय अपना कर्तव्य निभाते हुए इनकी मदद के लिए आगे आये। इस दौरान ज्ञानप्रकाश प्रहलादका, मुरलीधर जोशी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### समस्याओं के निराकरण की मांग

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया के नेतृत्व में छात्रों के एक शिष्टमंडल ने क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रतिनिधि पीसीसी मेम्बर मधुर यादव से शिष्टाचार भेंट कर महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुए उनके निराकरण की मांग की। यादव ने समस्याओं का त्वरित समाधान किया। इस दौरान विजय सिंह आर्य, कपिल सिरोहीवाल, आशीष लुनिवाल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसजनों ने शोक प्रकट किया

**अलवर,** (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस नेता मुन्नी गुर्जर की धर्मपत्नी का देहांत हो गया था। आज तिजारा स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सीडब्ल्यूसी सदस्य, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भंवर जितेंद्र सिंह, तिजारा विधायक संदीप यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, भिवाडी नगर पालिका चेयरमैन शीशराम तंवर, तिजारा नगर पालिका चेयरमैन झब्बूराम सैनी, पीसीसी सदस्य संजय यादव, पीसीसी सदस्य शिवचरण सैनी, रिपु दमन गुप्ता, समसुद्दीन, प्रीतम मेहँदीरत्ता, विजय सिंह, तरुण गुप्ता,धर्मपाल गुर्जर, प्रीतम दायमा, नरेंद्र पटेल, हवा सिंह, अजहर शाह, उस्मान खान, शकील अहमद आदि ने शोक संवेदनाएं प्रकट की।

### कैप्टन सनवाल की मूर्ति का अनावरण

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा में समाजसेवी कैप्टन मामराज सनवाल व उनकी धर्मपत्नी गुलाब देवी की मूर्ति का अनावरण कांकरिया धाम सुजातनगर के महंत देवदत्त महाराज के कर कमलों से किया गया। महाराज श्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी व समाज को पुण्य आत्माओं के जीवन से प्रेरणा लेना आवश्यक है। इस मौके पर आयोजित भण्डारे में ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन के साथ मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान रामौतार, रामसिंह, राजेन्द्र, नरेन्द्र, प्रताप सनवाल, हेमंत धनकड़, महावीर यादव, विकास डोई समेत अन्य मौजूद रहे।

### सेवा भारती समिति की बैठक

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के बसंत प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर में रविवार को सेवा भारती समिति की बैठक जिलाध्यक्ष किशन शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें श्रीराम जानकी सर्वजातीय चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह आगामी 5 फरवरी को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रान्त सह मंत्री महेश गोयल, जिला संरक्षक शिवकुमार गोयल, जिला मंत्री महेश चन्द सैनी, सह मंत्री मुरलीराम गुर्जर, सुरेंद्र बालास्या, रतनलाल मोरिजावाला सहित अन्य मौजूद थे।

# ब्राह्मण समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में 75 प्रतिभाएं सम्मानित

- समाज के दानवीरों का भी किया गया सम्मान

**राजगढ़/अलवर,** (निसं)। ब्राह्मण समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह में 75 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की सेवा में अद्रणी एवं तत्पर रहने वाले दानवीरों का भी अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत स्वामी श्याम भारती महाराज, अमन भारती महाराज एवं अभिषेक मिश्रा सही तो ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों ने ब्राह्मण समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज को बल मिलता है, प्रतिभाएं प्रेरणा पाकर जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करती है। समाज की एकता एवं अखंडता के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर 75 प्रतिभाओं का सम्मान शील्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ किया गया। वही



ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

समाज के लिए हर क्षेत्र में आगे रहने वाले दान वीरों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने विगत 2 वर्ष से करुणा काल में समाज की ओर से किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की एकता एवं समर्थन से ही कोविड-19 में शिविरों का आयोजन, रीट परीक्षा के दौरान बाहर से आए परीक्षार्थियों की मेजबानी, एवं अन्य कार्य संभव हो सके। ठेकेदार ने विगत 2 वर्ष में असाध्य परिस्थितियों के बावजूद समाज हित में किए गए कार्यों के संपन्न में मिले समाज के सहयोग की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर अभिषेक मिश्रा की ओर से सभी प्रतिभाशाली प्रतिभागियों एवं अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सचिव प्रदीप शर्मा, मदन लाल शर्मा, संत ज्ञानेश्वर दयाल, दिनेश शास्त्री, राजेश शर्मा, किशोर मुखर्जी, मोहन बोहरा, पार्षद प्रीति शर्मा, राहुल दीक्षित, मनोज जैमन, मुकेश जैमन, अखिलेश वशिष्ठ, राजेश निहाला, प्रदीप दीक्षित, पंडित विनोदी लाल दीक्षित , सुरेश्वर दयाल शर्माअशोक पालीवाल, मुरारी लाल शास्त्री, एवं राजेश्वरी शर्मा सहित उपखंड क्षेत्र के ब्राह्मण समाज बंधु मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने ली विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

- बैठक में नवीन सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा की

**टोंक,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरयूआईडीपी एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुकिंग पैकेज को बढाएं। जिन चिकित्सालयों की पैकेज बुकिंग प्रगति कम थी,उस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ देवप्राज मीणा को चिकित्सा स्टाफ को योजना को लेकर बेहतर काउंसलिंग करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत सडकों के रिपेयर कार्य, पेचवर्क, नगर परिषद क्षेत्र टोंक में नवीन सडकों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर के गुप्ता को निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व टोंक शहर की जिन सड़कों का नवीनीकरण संभव न हो उन्हें पेचवर्क कराकर ठीक कराएं, ताकि त्योहार पर आमजन को असुविधा न हो। जिले की ग्रामीण क्षेत्र की डीएलपी, नॉन डीएलपी सडकों के रिपेयर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आरयूआईडीपी के अधिशासी अभियंता हरि सिंह मीणा को टोंक शहर में सीवरेज एवं जल वितरण लाइन के प्रगतिरत कार्य से क्षतिग्रस्त सडकों के रिपेयर कार्य एवं गड्ढों को पूर्ण रूप से भरने के लिए निर्देशित किया।

## खाद्य पदार्थो के नमूने लिये

**अलवर** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के विरूद्ध चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं सरस डेयरी के संयुक्त दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों के नमूनीकरण एवं निरीक्षण कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि मालाखेडा उपखण्ड अधिकारी धीरेन्द्र सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग एवं सरस डेयरी के संयुक्त दल द्वारा मालाखेडा क्षेत्रा में कार्रवाई करते हुए मैसर्स महालक्ष्मी जोधपुर स्वीट्स होम पुराना बस स्टैण्ड से कलाकंद का नमूना लिया एवं मैसर्स सैनी स्वीट्स अमृत नगर मालाखेडा व मैसर्स सैनी मिष्ठान भंडार श्याम गंगा से मावा का तथा मैसर्स सरिस्का मिल्ड प्रोडेक्टस सरस्वती कॉलोनी बुर्जा से बर्फी नमूना लेकर प्रयोगशाला में जांच हेतु भिजवाया गया तथा नमूना लेने के पश्चात 30 किलो दूषित मावा मिठाई नष्ट करवाई गई।

## किशनगढ़बास-खैरथल के लोगों को टोल फ्री रखने की मांग

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गोड ने टोल हटाए जाने को लेकर विधायक दीपचंद खैरिया को पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाम वकीलों की ओर से मांग पत्र सौंपा है। गौड़ ने पत्र में किशनगढ़ बास खैरथल रोड पर आरएसआरडीसी की ओर से लगे टोल पर खैरथल-किशनगढ़ बास के लोगों को टोल मुक्त कराए जाने की मांग की है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री भजनलाल जाटव के नाम विधायक दीपचंद खेरिया को सौंपे गए अभिभाषक संघ की ओर से पत्र में लिखा है कि किशनगढ़ बास और खैरथल के बीच की दूरी केवल 8 किलोमीटर की है। खैरथल किशनगढ़ बास तथा खैरथल बानसूर रोड पर केवल चार चार किलोमीटर की दूरी में दोनों तरफ टोल नाके लगाकर वाहनों से टोल वसूली की जा रही है। किशनगढ़ बास खैरथल दोनों नगर पालिका क्षेत्र की दूरी केवल 8 किलोमीटर की है। इस बीच किशनगढ़बास खैरथल के लोगों से टोल वसूली किया जाना उचित नहीं है। फिर भी अगर किसी परिस्थितियों से लगाया भी जाता है तो किशनगढ़बास खैरथल के लोगों को टोल मुक्त रखा जाए। किशनगढ़बास न्यायालय में बड़ी संख्या में खैरथल किशनगढ़ बास से अधिवक्ताओं का आना जाना होता है इसी प्रकार दोनों शहरों से लोगों का प्रशासनिक एवं कार्यों से आना जाना होता है। इसलिए आमजन की समस्या को ध्यान में रखते हुए खैरथल-किशनगढ़ बास के लोगों को टोल मुक्त किया जाना आवश्यक है। पत्र में लिखा है कि 31 अगस्त 2020 को विधायक दीपचंद खैरिया की और से प्रोजेक्ट निर्देशक यूनिट भरतपुर को किशनगढ़बास व खैरथल के लोगों को टोल मुक्त कराए जाने के लिए पत्र लिखा जा चुका है। विभाग की ओर से अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पहुंची विराट नगर

- कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर किया पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत

**विराटनगर,** (निसं)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया विराटनगर के प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत देर रात विराटनगर स्थित श्री पंच खंडपीठ स्थित पावन धाम पहुंची। कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को शाम चार बजे पहुंचना था लेकिन देरी होने के कारण वसुंधरा राजे रात्रि 10:30 बजे के करीब विराटनगर पहुंची। पूर्व सीएम ने आचार्य धर्मेंद्र महाराज जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति और राम मंदिर निर्माण में ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उन्होंने स्वामी सोमेंद्र महाराज को आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के पद चिन्हों पर चलकर विराट नगर स्थित श्री पंच खंडपीठ की गरिमा को आगे बढाने की बात कही। पूर्व सीएम के विराटनगर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, पूर्व संसदीय सचिव कैलाश वर्मा, जमवारामगढ पूर्व प्रधान रघुवीर चौधरी, पूर्व विधायक डॉक्टर फूलचंद भिंडा, देवआयुष सिंह, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, कविता मलिक, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, पूर्व सरपंच लाल सिंह शेखावत, पवन शर्मा जवानपुरा, विक्की सेन, इमरान खान, शक्ति सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच राजेश यादव, सीमा सैनी सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे व भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माला साफा चुनरी व तलवार देकर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# डीएसपी डॉ. संध्या यादव का स्थानान्तरण

**पावटा।** हाल ही में राजस्थान पुलिस महानिदेशक एम. एल. लाठर ने पुलिस विभाग का फेरबदल किया है। जिस दौरान कोटपुतली कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक डॉ. संध्या यादव का भी स्थानान्तरण हुआ।

ऐसे में पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, लालचंद मीणा, प्रमोद कुमार वशिष्ठ, गन्नीभाई, बलवंत सिंह, रघुवीर वर्मा, अजय कुमार ने वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली डॉ. संध्या यादव का स्वागत करते हुए उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए साफा पहनाकर व शॉल उढाकर व भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध का चित्र भेंटकर विदाई दी।



पावटा में डीएसपी डॉ. संध्या यादव को विदाई दी।

उल्लेखनीय है कि डीएसपी डॉ. संध्या यादव का स्थानान्तरण कर उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू में लगाया गया है। इस अवसर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत ने कहा की समाज के सभी वर्गों से मिलने वाले सम्मान व समर्थन से ही अधिकारियों का मनोबल बढता है। जिससे वो ओर भी ज्यादा मेहनत व अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित होते है। अच्छे अधिकारियों की कार्यशैली को हमेशा याद किया जाता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण (भारत) संघ के जयपुर जिला अध्यक्ष लालचंद मीणा व कोटपुतली जनहित मंच के सचिव प्रमोद कुमार वशिष्ठ सहित सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, लालचंद मीणा, प्रमोद कुमार वशिष्ठ, गन्नीभाई, बलवंत सिंह, रघुवीर वर्मा, अजय कुमार ने कहा की डीएसपी डॉ. संध्या यादव का कार्यकाल प्रंशषाजनक रहा, उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बहुत कुशलता से सम्भाला। क्षेत्र में चारों ओर उनकी कार्यशैली की प्रसंशा है।

# दिवाली त्यौहार के मध्यनजर टोंक शहर में निकाला फ्लेग मार्च

**टोंक,** (निसं)। दीपावली के त्यौहार पर टोंक शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के मध्यनजर पुलिस अधिकारियों व जवानों ने बाजार में रविवार शाम को फ्लेग मार्च निकाला।

दीपावली के त्यौहार को लेकर रविवार को शाम पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार

- कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के मध्यनजर फ्लेग मार्च किया

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक टोंक सलेह मोहम्मद के नेतृत्व में शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण, पुलिस थानाधिकारी पुरानी टोंक उदयवीरसिंह, उपनिरीक्षक सत्यनारायण चौधरी, यातायात प्रभारी भंवरलाल सहित पुलिस जवानों ने घंटाघर चौराहे से फ्लेग मार्च शुरु किया। दीपावली के



दीपावली के त्यौहार पर टोंक शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर फ्लेग मार्च निकाला।

त्यौहार पर कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस अधिकारियों व जवानों ने घंटाघर से सुभाष बाजार, पांच बत्ती, काफला, नोशे मियां का पुल, बडाकुंआ होकर सवाईमाधोपुर चौराहे तक फ्लेग मार्च निकाला।

## परामर्श शिविर आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक कोटपूतली व ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में ओम आयुर्वेदिक आई केयर सैन्टर गुरूग्राम के चिकित्सकों द्वारा रविवार को बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण ओम आयुर्वेदिक आई केयर सेन्टर गुडगांव ने मां भारती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर का आयोजन आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा आंखों की जटिल बीमारियों की जांच एवं चिकित्सा हेतु किया गया। रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण भी किया गया। डॉ. भारत भूषण ने मोबाईल व ईलैक्ट्रॉनिक डिवाईस के बढ़ते प्रयोग और इससे होने वाले नुकसान व समाधान की जानकारी दी। सहायक डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि शिविर मे कोटपूतली व आसपास के गांवों से 115 मरीज आये। इस दौरान अरुण कुमार सैनी, लक्ष्मण मीणा, चंद्रशेखर शर्मा, सुनील चौधरी, वेदप्रकाश, सचिन भरगड़, आशीष भारतीय आदि ने उपस्थित लोगों को नेत्र रोगों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार कराने की सलाह दी।

## सार-समाचार

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। भारतीय एकमात्र रक्षा मंत्री जिन्होंने भारत के रक्षा कवच रूपी सैनिकों के सम्मान में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया ऐसे महापुरुष के लिए बहरोड़ कस्बे में विधानसभा क्षेत्र सहित स्थानीय सर्वदलीय लोगों की उपस्थिति में सर्व सहयोग से एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बहरोड़ के प्रधान नेता व भारतीय किसान यूनियन के बस्तीराम यादव के द्वारा पहल करते हुए बहरोड़ की अहीर धर्मशाला में मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांठोस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रवादी लोकतांत्रिक पार्टी एवं आप पार्टी तथा सर्वजातियों के गणमान्य लोगों ने सैकड़ों की संख्या में भाग लेते हुए मुलायम सिंह यादव की उपलब्धियों एवं देश हित में दिए गए विशाल योगदान भारत के सैनिकों को जो सम्मान उन्होंने दिया उन शहीद सैनिकों के शव को घर पहुंचाने के निर्णय तथा गरीब असहाय लोगों को विशेष सराहनीय कार्य करने आदि देश को दिए गए अभूतपूर्व योगदान की चर्चा करते हुए महान नेता मुलायम सिंह यादव की अपूरणीय क्षित राष्ट्र के लिए हमेशा खलेगी। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में मुलायम सिंह के करीबी रहे समाजवादी महेंद्र सिंह, जनता दल यूनाइटेड के महेंद्र सिंह एडवोकेट माजरी, डॉक्टर आरसी यादव, पूर्व प्रधान रोहताश कुमार, जगमाल सिंह यादव, धर्मवीर आर्य, भाजपा के सुरेश यादव, नीलम यादव, देवेंद्र यादव, सुनील जिला पार्षद, अनिल यादव विश्व हिंदू परिषद, बसपा के महेंद्र सिंह, गंडाला जोगेंद्र सिंह सरपंच, सरपंच नरेश, रामानंद आर्य, राजेंद्र प्राचार्य, लीलाराम, सुमित्रा की टिकानियां व अमर सिंह पंचायत समिति सदस्य, डॉ रणजीत यादव, कर्नल अशोक यादव सहित बड़ी तादाद में स्थानीय पंच सरपंच तथा राजनीतिक परिदृश्य से जुड़े हुए लोगों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सैनिक सेवा से जुड़े हुए बड़ी तादाद में लगभग सभी गांवों के लोग उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**रींगस,** (निसं)। रोटरी क्लब रींगस की और से शहर के रामानन्द पाठशाला में 75 वां निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. भंवर सिंह ताखर ने बताया कि रोटरी का यह गोल्डन जुबली निशुल्क चिकित्सा शिविर था। रोटरी क्लब की ओर से रींगस में आयोजित शिविर में 8 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज किया जा चुका है जबकि हजारों लोगों का इलाज घरेलु नुस्खों से किया गया। रविवार को रामानन्द पाठशाला में आयोजित शिविर का उद्घाटन डॉ. विनोद गुप्ता, डॉ. भंवर सिंह ताखर, डॉ. अजय सक्सैना, डॉ. शुभ्रांशु ,पीएस राजपूत, डॉ. नेहा आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 67 मरीजो का इलाज कर दवा वितरित की गई। वहीं शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की आरे से 89 मरीजों की आंखों की जांच कर 42 मरीजों का आंखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान मुकेश, पूजा शिवानी, नेरश कुमार, सुमित काबरा, मोहित कुमावत, हिमांशु कुमावत, आर्यन चौधरी, मयंक मीणा, अभिजीत चौधरी, विरेन्द्र चौधरी झाबर मल निठारवाल आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन व ऑनलाईन के माध्यम से किया गया। सफल क्रियान्वय के संबंध में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के निर्देशानुसार स्थानीय पंचायत समिति मुख्यालय पर डोर स्टेप प्री काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता कृष्ण कुमार शर्मा उपस्थित रहे। उपस्थित पक्षकारान में आपसी सहमति से राजीनामा करवाने बाबत 12 तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष उपस्थित होने बाबत निर्देशित किया गया है। इस दौरान पक्ष काराण ने अपनी सहमति प्रकट की। इसके अनुपालन में पंचायत समिति पावटा मुख्यालय पर रामकिशन शर्मा एवं समर सिंह यादव उपस्थित रहे जिसमें पंचायत समिति मुख्यालय पर डोर स्टेप प्री काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया कल टोंक में

**टोंक** (नि.स.)। भारतीय जनता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया कल 18 अक्टूबर मंगलवार को टोंक जिले के दौरे पर रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया एक दिवसीय कार्यक्रम तहत जिले के दौरे पर रहेंगे। जहाँ डॉ. पुनिया द्वारा दोपहर 11.30 बजे अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे, भाजपा द्वारा घंटाघर चौक पर स्वागत किया जाएगा। 12 बजे जैन नसिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जायेगा। पराणा ने बताया कि 24 अक्टूबर को प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया व 18 अक्टूबर को टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया का जन्मदिन हैं, इस अवसर पर दोनों नेताओं का जन्मदिन कार्यकर्ताओं के बीच मनाकर 11000 बालिकाओ के सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलकर मनाया जायेगा। 1100 बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खुला कर डायरी वितरण की जाएगी।

## मंत्री जाटव ने ली अधिकारियों की बैठक

- दीपावली से पूर्व डीएलपी व नॉन डीएलपी सड़कों के पेचवर्क कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

**अलवर,** (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव ने रविवार को अलवर में जिला परिषद सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरडीसी, एनएच एवं रिडकोर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की।

सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री जाटव ने कहा कि आमजन को अच्छी सडकें मिल सके इसको दृष्टिगत रखते हुए पीडब्ल्यूडी के विभाग के अधिकारी सतर्कता एवं सजगता के साथ सडकों का निर्माण कार्य करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि विभाग की सड़कों के साथ रिडकोर की भी सडकों का नियमित निरीक्षण करे एवं मापदंड के अनुसार उनका रख रखाव सुनिश्चित करावें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं सडक निर्माण कार्य व पेच मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करावे। प्रगतिरत कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता गुणवत्ता नियंत्रक को निर्देश दिये कि प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यो के सैम्पल लेवें। साथ ही सुनिश्चित करावे कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण होवें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में सडक निर्माण कार्य में जिन ठेकेदारों द्वारा शिथिलता बरती गई हैं उन्हें नोटिस देकर उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने को निर्देश दिये कि जिले में डीएलपी व नोन डीएलपी सडकों के पेचवर्क कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि डीएलपी सडकों का नियमित निरीक्षण करते हुए उनका रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। नियमानुसार रख रखाव न करने वाले संवेदकों के विरूद्ध कार्रवाई करे। बैठक में रामगढ विधायक सफिया जुबेर खान, एडीएम प्रथम अखिलेश कुमार पिपल, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता मनोहर अली, अधीक्षण अभियन्ता गुणवत्ता रामेश्वर, अधिशासी अभियन्ता डीपी सैनी, श्रीराम मीना, फूलसिंह, अमरचंद मीना, भूरी सिंह एवं अधिशासी अभियन्ता एनसीआरपीबी रामगोपाल मीना सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### विकास के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी

**बोराज, (निसं)।** मुख्यमंत्री सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर की घोषणा की क्रियानवीति में जयपुर जिला कलेक्टर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोराज के खेल मैदान विकास के लिए 40 लाख 12 हजार रुपये राशि की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की। गौरतलब है कि छात्र-छात्राओं व युवाओं की मांग पर विधायक नागर द्वारा पूर्व में की गई घोषणा की मंशा के तहत वे विधायक नागर की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर ने विद्यालय के खेल मैदान विकास के लिए 40 लाख 12 हजार रुपये राशि की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी की गई है। विधायक नागर ने बताया कि योजना के तहत एक वर्ष में दूदू विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में छात्र-छात्राओं व युवाओं के लिए खेल मैदान विकसित किए जाएंगे और श्मशान कब्रिस्तान को सुरक्षित रखने के लिए चारदीवारी निर्माण कार्य करवाए जाएंगे जिससे क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के कार्य करवा कर विकास की गति को बढ़ाया जायेगा।

### मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा को गुडला चंदन के ग्रामीणों ने 6 सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रीय विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में इंदिरा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम गुडला चंदन पहुंची जहां पर ग्रामीणों ने स्वागत के बाद सभा मंच पर विधायक को लक्ष्मी नारायण मंदिर से पुलिया नंबर 8 तक सीसी रोड मय नाली निर्माण, गोदाम से श्मशान घाट तक सीसी रोड व डामरीकरण व शव दाहगृह व चारदीवारी निर्माण, ग्राम पंचायत बागडोली से गुडला चंदन तक सड़क मार्ग पर डामरीकरण, राजकीय प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने, गांव में पंच हताई पर सामुदायिक भवन निर्माण। एवं खाद्य सुरक्षा के लिए डीलर को ग्राम गुडला चंदन में ही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के एवं सामग्री वितरित करने की मांग शामिल की गई है।

### तापमान बढ़ने से ठंड ने दी दस्तक

**निवाई, (निसं)।** क्षेत्र में बरसात के थमने के साथ ही गुलाबी ठण्ड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह के समय लोगों को हल्की ठण्ड का अहसास होने लगा है। रात के समय ओस भी गिरने लगी है। रविवार की सुबह गुलाबी ठण्ड के साथ ही वातावरण में कोहरा छाया रहा। सुबह करीब 6 से 7 बजे तक क्षेत्र में धुंध की परत छाई रही। इस बार मानसून खूब मेहरबान रहा और औसत से अधिक बरसात हुई जिससे क्षेत्र के जल स्त्रोत लबालब हो गए। मानसून की विदाई के बाद क्षेत्र पिछले सप्ताह तेज बरसात होने से तापमान में गिरावट आ गई जिससे सुबह-शाम में ठण्ड बढने लग गई। दिन के तापमान के साथ ही रात के तापमान में भी गिरावट आने लगी हैं।

### तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई, (निसं)।** दीपावली पर्व के उपलक्ष में विद्युत लाइनों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 33 केवी रिको फीडर से निकलने वाले 11 केवी दशहरा एवं पहाड़ी फीडर से निकलने वाले हाईवे फीडर पर सोमवार को 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य को लेकर सोमवार को काली का बाग, कीर कॉलोनी, मालियों का मोहला, पहाड़ी चुंगी नाका, भर कुआ तालाब, जनता कॉलोनी, भरथल चौराहा एवं टोंक रोड के आसपास क्षेत्र में सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### गौ-सेवा करने का दिया संदेश

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर निवासी समाज सेवी भामाशाह नंदलाल गोवला ने अपने जन्म दिन पर गौसेवार्थ 51 हजार रूपये की राशि का चैक श्री हरि संत कृष्णादास गवाला बाबा को सौंप जन्मदिन पर फिजूल खर्च रोक गौसेवा के लिए आमजन को संदेश दिया जो कि शहर मे चर्चा का विषय रहा। चिन्ताहरण बालाजी मंदिर मे रामनाम संकीर्तन करवा हरि कृष्णादास गवाला बाबा के मुर्खाबिन्द से गौमाता की कथा सुनाई गई। इस दौरान 75 वर्षिय नन्दलाल गोवला ने अंजनी माता का मंदिर हाडोता चौमूं के श्री हरि महाराज को 51 हजार रूपये का चैक व चिन्ताहरण बालाजी मंदिर में 11 हजार रूपये की राशि भेंट कर सादगी से गौसेवा कर जन्मदिन मनाया गया।

# जाटव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**खैरथल, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है बिना शिक्षा जीवन में अंधकार है। वे यहां रविवार को जाटव समाज संस्थान की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के उपस्थिति जन समुदाय को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री

- **शिक्षा ही जीवन का आधार है : मंत्री जाटव**

टीकाराम जूली ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की पहली कड़ी बेटियों को शिक्षित करना है।

समारोह के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया ने शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार की ओर से किए गए विकास एवं सुविधाओं को देश भर में सर्वाधिक बताते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनका मनोबल बढ़ता है। आयोजन संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र रसगोन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति के प्रधान बी.पी. सुमन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमशंकर वर्मा, रमेश चन्द गांधी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगढ, डॉ, महेश बैरवा डिप्टी सीएमएचओ अलवर, रामचरण वर्मा सम्भागीय अध्यक्ष राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ जयपुर, डॉ. सुरेश कुमार पाटोदिया चिकित्सा अधिकारी किशनगढ़बास, खेमचन्द धामाणी एडवोकेट किशनगढ़बास, डॉ. छबील कुमार, कामरेड रामचंद्र जाटव, दौलत नागर, मास्टर मनोहर लाल, ठाकुर दास, कृष्ण कुमार, संदीप कुमार,परतिया राम, रघुवीर सिंह, मास्टर कर्मवीर सहित बड़ी संख्या में जाटव समाज के लोग मौजूद रहे।



सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया

## आगजनी से पीड़ित की मदद को भामाशाह आगे आये

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की नापाकावास ग्राम में अज्ञात कारणों से हुई आगजनी के बाद पीड़ित की मदद के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन एवं भामाशाह आगे आकर मदद कर सामाजिक सरोकार निभाने में लगे हुए हैं। आगजनी पीड़ित मनोहर प्रजापत के यहां आगजनी में हुए नुकसान के बाद उसका घर में रखा खाने-पीने ओढ़ने बिछाने सहित जेवरात एवं पशुओं का चारा इत्यादि जलकर नष्ट हो गया था।

आगजनी से पीड़ित की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण स्थानीय युवाओं एवं सामाजिक संगठनों सहित भामाशाह ने पीड़ित की मदद को आगे हाथ बढ़ाते हुए अन्य लोगों से भी सहायता करने की अपील की गई है। रामगढ़ पचवारा के धीरज फाउंडेशन द्वारा आगजनी पीड़ित को नगद सहायता राशी सोप कर मदद को आगे हाथ बढ़ाते हुए सामाजिक सरोकार निभाया गया है। गौरतलब है कि पीड़ित मनोहर प्रजापत के कच्चे छप्पर पोश में आगजनी से घर में रखा खाने पीने का सामान एवं पशुओं के लिए रखा चारा व कीमती आभूषण सहित करीब दो लाख कीमत का सामान जलकर नष्ट हो गए थे। वहीं ग्रामीणों द्वारा आगजनी से पीड़ित परिवार को जल्द ही आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है।

## शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे की द्वारका धर्मशाला में कंजूमर कनफेडरेशनऑफ इंडिया सीसीआई राजस्थान प्रदेश की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सीसीआई की सीकर जिला अध्यक्ष तृप्ति त्रिपाठी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अंनत शर्मा मुख्य अतिथि रहे व सीसीआई के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश वैष्णव व अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के पंकज शर्मा विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में राजस्थान के प्रमुख उपभोक्ता आंदोलनकारी सहित सभी जिलों के जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सहित संपूर्ण कार्यकारिणी उपस्थित रहे। समारोह में प्रदेश के उपभोक्ता आंदोलन की दशा एवं दिशा पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट के विरुद्ध एक देशव्यापी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता जागरण समिति सीकर के अध्यक्ष सत्यनारायण सिखवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कोमल खंडेलवाल, इंद्राज सैनी, कोटा से ज्योति गॉड, अंजना भदोरिया, बीकानेर से आशा स्वामी, विक्की सैनी जैसलमेर से, विजय सेन, भक्ति राम पांडे, संतोष सुथार, सतीश शर्मा, शिव भगवान सारस्वत, राजेश्वर, बबलू कुमावत खाटूश्यामजी, जोगाराम, रमेश ओझा, इंद्रसिंह राठौड़, एडवोकेट मुकेश सिखवाल, दीपेंद्र सिंह राजावत, आशा सक्सैना, डॉक्टर राम बहादुर कुलश्रेष्ठ, मोहित सिंह,मोहित अठावाल, सुरेश शर्मा, मदन लाल जी सोनी, दिनेश, भीमाराम आदि कार्यकर्ताओं ने सम्मिलित होकर श्याम बाबा के आशीर्वाद से उपभोक्ताओं के हितार्थ समर्पित होकर संघर्ष करने के लिए शपथ ग्रहण की।

# तीन घंटे में वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**चाकसू, (निसं)।** कस्बा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 3 घंटे में एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर पिकअप बरामद करने में कामयाबी हासिल की है

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि परिवादी सुरज्ञान सिंह ने नीलकंठ कांटे के सामने स्थित परिवादी के ऑफिस के सामने से अज्ञात चोर के द्वारा पिकअप वाहन चोरी कर ले जाने के संबंध में स्थानी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था जिस कस्बा क्षेत्र से बाइक चोरी होने की सूचना पर थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई और मात्र 3 घंटे में वाहन चोर को ढूंढ निकाल कर चोरी किया गया वाहन बरामद कर लिया गया।



चाकसू पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया।

थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम में शामिल मनमोहन, राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार और मुकेश कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त कालूराम गुर्जर निवासी दोताना जोला पुलिस थाना बरौनी जिला टोंक से पिकअप बरामद कर अभी तो गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी गई है अभी के गिरफ्तारी में टीम में शामिल राजेंद्र कुमार की ने सराहनीय भूमिका रही है।

# युवक पर बदमाशों ने फायरिंग की, मामला दर्ज

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी थाना क्षेत्र के खुर्रा ग्राम स्थित एक डेयरी पर दूध देकर लौट रहे युवक पर बदमाश युवक द्वारा उसके एक साथी के साथ दिनदहाड़े सामने से फायरिंग करने की सुचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मंडावरी थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया। साथ ही दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई गई।

- **फायरिंग में बाल-बाल बचा युवक**
- **मंडावरी थाना क्षेत्र के खुर्रा ग्राम का मामला**
- **ग्रामीणों ने फायरिंग की घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की**

वही दिनदहाड़े हुई फायरिंग के बाद लोगों द्वारा इसे बढ़ते अपराध का पर्याय बताते हुए पुलिस से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकने की मांग की है। यह फायरिंग की घटना उस वक्त की है जब युवक खुर्रा ग्राम स्थित दूध डेरी पर खुद के घरेलू पशु का दूध देने के बाद डेरी से निकल ही रहा था। पीड़ित युवक के परिजनों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फायरिंग की घटना करने वाला युवक देवेन्द्र कुमार गुर्जर स्थानीय है एवं उसकी पहचान कर ली गई है साथ ही फायरिंग करते कई लोगों द्वारा उसे देखा गया है।

बताया कि पीड़ित युवक से फायरिंग करने वाले युवक द्वारा एक मामले में मुखबिरी करने का दबाव बनाया जा रहा था। जहां युवक द्वारा किसी की मुखबिरी करने की मना करने के बाद गुस्साए बदमाशी युवक द्वारा जिस समय युवक दूध डेरी पर दूध देकर निकल ही रहा था सामने से जान लेने के राधे से उस पर फायरिंग कर दी गई। गनीमत रही कि बदमाश युवक द्वारा सामने से की गई फायरिंग का निशाना सटीक नहीं लगा और पीड़ित युवक बाल-बाल बच गया।

ग्रामीणों द्वारा फायरिंग की घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही मंडावरी थाना पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई है.. वही घटनाक्रम को लेकर मंडावरी थाना अधिकारी रामपाल मीणा द्वारा बताया गया कि घटना को लेकर पीड़ित युवक के पिता द्वारा देवेंद्र सिंह गुर्जर एवं एक अन्य के खिलाफ फायरिंग का मामला दर्ज कराया गया है। थाना अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मुआयना करने के दौरान फायरिंग होने के प्रमाण नहीं मिले है। वहीं मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# चिकित्सा मंत्री कई शिलान्यास करेंगे

**लालसोट, (निसं)।** स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा विधानसभा क्षेत्र लालसोट के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। जहां चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की सौगात मिलेगी। चिकित्सा मंत्री मीणा के निजी सहायक श्याम सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा मंत्री मीणा लालसोट विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

इसी के साथ चिकित्सा मंत्री कार्यक्रमों में जनसुनवाई भी करेंगे। जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री मीणा सोमवार को सुबह 10 बजे बगड़ी ग्राम स्थित नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र कुशलपुरा का दोपहर डेढ बजे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र गागल्यावास का व दोपहर 3 बजे नवीन स्वास्थ्य केंद्र

- **चिकित्सा मंत्री जनसुनवाई भी करेंगे**

भवन बिदरखा एवं साढे 4 बजे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन हेमल्यावाड़ा वह शाम साढे 5 बजे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन गोपालपुरा के नए बनने वाले भवन की आधारशिला रख शिलान्यास करते हुए भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

मंत्री मीणा मंगलवार को 11 बजे मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में स्वीकृत नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसी तरह शाम 4 बजे लालसोट नगर पालिका में स्वीकृत नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बनने वाले नए भवन का शिलान्यास करेंगे। मंत्री मीणा बुधवार को दोपहर 12 बजे पंचायत समिति लालसोट में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आम लोगों की जन सुनवाई करेंगे।

# किशनगढ़बास में केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक का अलवर भिवाड़ी हाईवे किशनगढ़ बास के गांव चामरोदा में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देख मंत्री का चेहरा खिल उठा और बोली महिलाएं अब पीछे नहीं रही है यह उपस्थिति बताती है।

मंत्री को एडिट योजना के अंतर्गत अलवर में दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरण वितरण के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। अलवर में 2 करोड़ 1 लाख के उपकरण दिव्यांग जनों को निशुल्क वितरण करने का कार्यक्रम है। मंत्री ने कहा राजस्थान में सरकार की क्या स्थिति है किसी से छुपी नहीं है। इस दौरान सांसद महंत बालक नाथ योगी भी मंत्री के साथ थे।

कार्यक्रम मे भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री पूजा कपिल अलवर उत्तर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष चित्रा शर्मा चैयरमेन तारामणी सतीश सिंघल, कोटकासिम पूर्व प्रधान सुनिता यादव खैरथल पूर्व चैयरमैन सुभाष जांगिड़ तिजारा पूर्व उप चैयरमेन व मंडल अध्यक्ष बनेसिह गुर्जर,भाजपा मंडल किशनगढ बास अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ कोटकासिम रामनिवास यादव मोठूका बलविंदर सिंह हरसोली, पूरण झाबूला खैरथल, प्रमिल जसोरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष छोटेलाल यादव सरपंच हनीफ खा ओमेश चौधरी, शेर मोहम्मद, रामप्रसाद यादव, कासम खां, पार्षद मीनाझी, मनोज मित्तल, मनीषा रोहित यादव ज्योति हैप्पी यादव विक्रम यादव हेमेंदर चोधरी मनीष लखयाणी शिव हरि गुर्जर पूर्व पार्षद जसवंत यादव पूर्व पार्षद विश्वास यादव प्रदीप संगवैया पवन चामरोदा सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ सहित अनेक लोग मोजूद रहे। कार्यक्रम मे तिजारा से ऐडवोकेट एंटू गुप्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्राहण की कार्यक्रम मे मंच संचालन राजेश बटवाडा ने किया।



केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक का चेयरमैन तारमणि सिंघल, पूर्व विधायक रामहेत यादव आदि ने स्वागत किया।

- **महिलाओं की उपस्थिति देख मंत्री का खिल उठा चेहरा**
- **पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में किया स्वागत**

## फरार स्थायी वारन्टी गिरफ्तार

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा वांछित अपराधियो व स्थाई वारन्टीयों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मनीष त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार आदेश की पालना में शकील अहमद खान वृत्ताधिकारी के निर्देश पर सोप थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि द्वारा टीम गठित कर व साईबर सैल टोंक से विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर खास व तकनीकी ज्ञान द्वारा महानिदेशक के निर्देशानुसार चलाये जा रहे वांछित अपराधियो व स्थाई वारन्टीयों की गिरफ्तारी के तहत वर्ष 2017 से फरार स्थायी वांरटी जेकी पुत्र अमर सिंह जाति कंजर उम्र 25 निवासी कंजर बस्ती सोप हाल वर्तक नगर मुंबई जो थाना सोप के फरार था। जिसको न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट उनियारा द्वारा स्थायी वांरटी घोषित किया गया था। जिसको वर्तक नगर मुंबई से गिरफ्तार किया गया। वहीं वर्ष 2015 से फरार अमोल उर्फ चिरमोली उर्फ मनोहरी उर्फ मनोहर उर्फ पप्पु पुत्र रामकिशोर जाति मीना निवासी ओण्ड मीना थाना सलेमपुर जिला दौसा को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट उनियारा मे पेश किया जाकर जिला कारागृह टोंक मे दाखिल करवाया गया।

## सार-समाचार

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया डिवीजन जयपुर शाखा चौमू के लियाफी के अध्यक्ष लल्लूराम सैनी की अगुवाई में शाखा चौमू के सीएलआई यूनिट के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अध्यक्ष लल्लूराम सैनी के द्वारा राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सत्कार किया गया। जिसमें लियाफी जयपुर डिवीजन के इसी मेंबर रघुवर दयाल माली, सी एल आई यूनिट के अध्यक्ष गोपाल लाल यादव, सचिव राजकुमार कुमावत, कोषाध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, जयपुर डिवीजन सीडब्ल्यू ए के कोषाध्यक्ष गुलाबचंद माली, टीटीटी के चेयरमैन बलदेव प्रजापति, शाखा चौमू लियाफी यंग बिठोड के अध्यक्ष सतीश कुमावत का एलआईसी ऑफिस के पास स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नेमीचंद यादव, जगदीश प्रसाद अटल, पूरणमल सेन, महेश कुमार शर्मा, गुलाबचंद माली, कैलाश चंद शर्मा, रामनारायण यादव, कैलाश चंद्र माली, विमलेश सोलंकी, लेखराज योगी, यूथ बिठोड लियाफी चौमू के अध्यक्ष सतीश कुमावत, दिनेश कुमार कोटिया, राहुल तंवर, नंदकिशोर यादव, सुभाष प्रजापति, कजोड़ मल कुमावत, सूरजमल यादव, महावीर प्रसाद शर्मा, जीवनराम बिलोनिया, मदन लाल यादव, कालूराम सैनी, रवि दत्त शर्मा, मोहन लाल रेगर, बाबूलाल महरिया, मुकेश कुमार यादव, सीताराम सैनी, बलदेव प्रजापत, राजकुमार कुमावत, सुनील सैनी, निकिता यादव, कृष्ण कुमार छिपा, महेश कुमार योगी, गजानंद सेपट, बाबूलाल महरिया, बनवारी लाल यादव, संतोष कुमार स्वामी, रामधन कुलदीप, केसर लाल, बनवारी लाल यादव, मोहन यादव, राहुल शर्मा, सुभाष चंद सैनी करीरी, सहित सैकड़ों की संख्या में अभिकर्ता साथी मौजूद रहे।

### लायंस क्लब की बैठक आयोजित

**निवाई, (निसं)।** योगेश पुनर्वास विद्यालय में लायन्स क्लब की बैठक क्लब के अध्यक्ष लायन ज्ञानचंद सोगानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददो पर विचार विमर्श किया गया। क्लब के प्रवक्ता विमल जौला ने बताया कि 30 अक्टूबर को दिपावली मिलन समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने एवं प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को लायंस क्लब की बैठक आयोजित करवाने और असहाय व्यक्ति जिनके जीवन उपार्जन के साधन की कमी है उन को आर्थिक सहायता दिलवाने तथा प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को जो पढने में होशियार है लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण पढ नहीं पा रहे हैं उनको आर्थिक सहायता उपलब्ध करवानें सहित कई बिन्दुओं के प्रस्ताव पारित गए। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा राजकीय चिकित्सालय में हर सोमवार को स्थानीय नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर में आंखों का ऑपरेशन किया जा रहा है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष हुकमचंद जैन, बृजमोहन शर्मा, महेंद्र लावा, राधेश्याम जैन, हेमंत बटावती, मुकेश विजय, सत्यनारायण मोटूका एवं विष्णु शर्मा सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवली, (निसं)।** विधिक सेवा समिति प्राधिकरण टोंक की पालना में रालसा एक्शन प्लान के तहत विधिक सेवा समिति प्राधिकरण ने शनिवार को तालुकाओं में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत तालुका विधिक सेवा समिति देवली शहर की कच्ची बस्तियों में पहुंचकर ड्रॉपआउट बालकों हेतु विशेष कार्यक्रम में पहुंचकर पढ़ाई त्याग चुके बच्चों की जानकारी जूटाई यहां समिति के अनुपालना में पेनल एडवोकेट अनिल कुमार भुरेठा ने उपस्थित व्यक्तियों बताया कि स्कूल छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा की और अग्रसर होना चाहिए। पढ़ाई त्याग चुके बच्चे को वापस स्कूल भेजने का महत्व समझाया व सिंगल यूज प्लास्टिक के कुप्रभाव से होने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया। वहीं एडवोकेट बुरेठा ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया।

### ग्राम बोबास में लगाया शिविर

**सांभरझील, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) जयपुर जिला हरेन्द्र सिंह के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स.-1) बृजेश कुमार शर्मा, सांभर के निर्देशानुसार ग्राम न्यायाधीकारी पूजा मीना ने ग्राम पंचायत बोबास में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु शिविर का आयोजन कर ग्राम बोबास व उसके आसपास के गांवों के विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों से संबंधित दोनों पक्षों की पार्टियों में समझाईश सुलह वार्ता करवाई गई। जिसमें दोनों पक्षों की पार्टीयों ने आगामी 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष उपस्थित होकर राजीनामा करने हेतु अपनी सहमति दी। इस कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के प्रभारी चान्दमल सांभरिया, विकास सैन, जोबनेर थाना से कांस्टेबल प्रकाश चन्द, प्रधान शैतान भेहडा, ग्राम पंचायत सचिव राम बाबू, मालीराम, कैलाश, कानाराम व काफी संख्या में ग्राम पंचायत बोबास के नागरिक उपस्थित रहे।

### मूंडरू में सर्व समाज ने दी श्रद्धांजलि


**श्रीमाधोपुर।** मूंडरू पहाड़ी बाबा आश्रम पर सरदारशहर के विधायक व राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित भंवर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि प्रदान की गयी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता अशोक तिवाड़ी ने कहा कि पंडित भंवर लाल शर्मा जैसे व्यक्तित्व के लोग बिरले होते है। वे सर्व समाज के नेता थे। एड रामजीलाल मिश्रा ने कहा कि समाज के युवाओं को पंडित भंवर लाल शर्मा के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्रप्रेम की शिक्षा लेनी चाहिए। पूर्व प्रधान मक्खन लाल शर्मा, मालीराम बोहरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुशील शर्मा, दुर्गासहाय गुप्ता सहित वक्ताओं ने पंडित भंवर लाल शर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। डाक्टर विजय जोशी, नागर मल गुप्ता, लक्ष्मीनारायण सैनी, कमल शर्मा जलालपुर, वैद्य कैलाश चन्द्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह शेखावत, शिवसिंह शेखावत नाथूसर, बब्बू सिंह, कैलाश काका, गोरधन घोडास्वामी, सुशील दिवराला, वैद्य नाथूलाल पटेल, रामावतार पारीक, श्यामसुंदर जोशी, रामावतार पारीक, बनवारी सैनी सहित सैकड़ों लोगों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि प्रदान की।

### कलाम की जयंती मनाई

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में निमोडिया रोड स्थित बहुप्रतिशित शिक्षण संस्थान अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइलमैन के नाम से मशहूर वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान सभी छात्रों व शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने डॉक्टर साहब के जीवन शैली पर प्रकाश डाला। इसके अलावा छात्रों से उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ भी दिलाई। सभी सदस्यों ने डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका सुनैना कंवर राजावत, प्रबंधक भवानी सिंह चौहान समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष का स्वागत

**चाकसू, (निसं)।** सूर्य कॉलोनी स्थित सूर्य भवन में गतदिनों सहकारी समिति चुनाव में निर्वाचन हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया द्वारा सम्मान समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत द्वारा चाकसू सहकारी समिति में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए पत्रकार फखरुद्दीन खान, कादेड़ा सहकारी समिति में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए जितेंद्र सिंह नरूका व टुमली का बास सरपंच कन्हैयालाल बागड़ा का जोधपुरी साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बाबूलाल सैनी आदि मौजूद थे। इस दौरान खान व नरुका ने कहा कि किसानों को खाद बीज व ऋण वितरण सहित अन्य समस्याओं समय पर निराकरण किया जाएगा। समिति संबंधित कार्यों में किसानों किसी तरह कोई समस्या नही आने दी जाएगी



बाबर आजम विश्व कप के लिये रवाना होने से पहले मुख्य चयनकर्ताओं के साथ यहां थे और मैंने उनसे पूछा कि भारत के खिलाफ आपकी क्या योजना है। - रमीज राजा

पीसीबी अध्यक्ष, टी-20 विश्वकप में भारत के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**मोहम्मद शमी**



तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को गाबा में भारत के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान पूरे जज्बे के साथ गेंदबाजी जिससे लगता है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले अभ्यास मैच से पूर्व पूर्ण फिटनेस हासिल कर ली है। कोविड-19 से उबरने के बाद ब्रिसबेन पहुंचे शमी को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। रविवार को शमी ने कोच राहुल द्रविड के साथ पूर्ण सत्र में हिस्सा लिया। वह लगभग तीन महीने बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## ट्वंटी-20 विश्वकप के उ्घाटन मैच में बड़े उलटफेर में नामीबिया ने श्रीलंका को मात दी

गीलोंग, 16 अक्टूबर। नामीबिया ने जैन फ्राइलिंक (44 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और जेजे स्मिट (31 नाबाद) की विस्फोटक पारी की बदौलत आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के उद्घाटन मैच में रविवार को बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को 55 रन से मात दी। नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाये, जिसके जवाब में श्रीलंका 108 रन पर ऑलआउट हो गयी।

नामीबिया ने 14.2 ओवर में 93 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिये थे। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि वे 150 रन तक भी नहीं पहुंच सकेंगे, लेकिन फ्राइलिंक और स्मिट की जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सातवें विकेट के लिये 70 रन जोड़े। फ्राइलिंक ने 28 गेंदों पर चार चौकों के साथ 44 रन बनाये जबकि स्मिट ने 16 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर श्रीलंका के सामने 164 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में श्रीलंका ने 40 रन पर ही अपने चार विकेट गंवा दिये। भानुका राजपक्षे (20) और कप्तान दसुन शनाका (29) ने पारी को संभालकर पांचवें विकेट के लिये 34 रन जोड़े, लेकिन 74 रन के स्कोर पर राजपक्षे के आउट होते ही श्रीलंकाई विकेटों की झड़ी लग गयी। श्रीलंका अपने आखिरी पांच विकेट 34 रन पर गंवाकर 108 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर नामीबिया को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया। सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन (03) और डिवान ला कॉक (09) जल्दी पवेलियन लौट गये। जेन लॉफ्टी ईटन ने 12 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन जोड़े लेकिन चमिका करुणारत्ने ने उन्हें विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट करवा दिया।



नामीबिया के तीन विकेट 35 रन पर गिरने के बाद स्टेफ़न बार्ड (26) और गर्हार्ड इरास्मस (20) ने चौथे विकेट के लिये 41 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने विशाल साइमंड्स स्टेडियम में कुशलता से गेंद को खाली जगहों पर खेलकर दो-दो रन लिये। बार्ड और इरास्मस हालांकि रनगति बढ़ाने के प्रयास में आउट हुए, और कुछ देर बाद 93 रन के स्कोर पर डेविड वीस के रूप में नामीबिया का छठा विकेट गिरा।

एक समय पर लग रहा था कि नामीबिया 150 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सकेगी, लेकिन फ्राइलिंक-स्मिट की जोड़ी ने आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों की विस्फोटक पारियों की बदौलत नामीबिया ने आखिरी पांच ओवर में 68 रन जोड़े।

श्रीलंका के लिये प्रमोद मदुशन ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि वानिंदू हसरंगा (चार ओवर, 27 रन) और महीष तीक्ष्णा (चार ओवर, 23 रन) ने एक-एक विकेट लिया। दुष्मंता चमीरा और करुणारत्ने ने भी एक-एक विकेट लिया, हालांकि दोनों ने अपने चार ओवरों में क्रमश: 39 और 36 रन दिये।

श्रीलंका की पारी की शुरुआत करने उतरे पथुम निसंका ने पहली गेंद पर चौका जड़ा, हालांकि उनके साथ मेंडिस अगले ही ओवर में डेविड वीज़े के शिकार हो गये। युवा गेंदबाज बेन शिकोंगो ने चौथे ओवर में बिना रन दिये निसंका और दनुष्का गुनतिलका को आउट किया जिससे श्रीलंका पर दबाव बढ़ गया। धनंजय डी सिल्वा (12) के आउट होने के बाद शनाका और राजपक्षे ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। राजपक्षे ने 21 गेंदों पर दो चौकों के साथ 29 रन बनाये, जबकि शनाका ने 23 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली। श्रीलंका को आखिरी 10 ओवरों में 92 रन की आवश्यकता थी, और राजपक्षे बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में मिड-विकेट पर कैच थमा बैठे। बढ़ती हुई आवश्यक रनगति के कारण श्रीलंका का निचला क्रम ढेर हो गया और टीम 108 रन पर ऑलआउट हो गयी।

नामीबिया के लिये वीज़े ने चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिये जबकि बर्नार्ड शॉल्ट्ज़ ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाये। शिकोंगो और फ्राइलिंक को दो-दो विकेट प्राप्त हुए जबकि स्मिट ने एक विकेट अपने नाम किया।

## रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से जीती नीदरलैंड




गीलोंग, 16 अक्टूबर। नीदरलैंड ने जुनैद सिद्दीकी (24/3) की शानदार गेंदबाजी के बावजूद टी20 विश्व कप 2022 के ग्रुप-ए मुकाबले में रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को तीन विकेट से मात दी। यूएई ने नीदरलैंड के सामने 112 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे नीदरलैंड ने एक गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। नीदरलैंड 13 ओवर में 76/4 के स्कोर के साथ आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन जुनैद ने 14वें ओवर में टॉम कूपर और वान डर मरवे को आउट करके मैच को रोमांचक बना दिया। ज़हूर ख़ान ने 19वें ओवर में टिम प्रिंगल (15) का विकेट निकाला जिसके बाद डच टीम को आखिरी ओवर में छह रनों की आवश्यकता थी।

लोगन वैन बीक और स्कॉट एडवर्ड्स ने यह रन पांच गेंदों में बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी लेकिन उनकी पारी कभी भी रफ्तार नहीं पकड़ सकी। मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिये सर्वाधिक 41 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 47 गेंदें खेलीं। इसके अलावा वृत्या अरविंद ने 21 गेंदों पर 18 रन बनाये जबकि काशिफ़ दाऊद ने 15(14) रन का योगदान दिया। नीदरलैंड के लिये बास डी लीड ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिये। फ्रेड क्लासेन ने दो विकेट लिये जबकि टिम प्रिंगल और वान डर मरवे को एक-एक विकेट हासिल हुआ। नीदरलैंड ने 112 रन के न्यून लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की अच्छी शुरुआत की लेकिन लगातार विकेट भी गंवाये। सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह (10) के आउट होने के बाद मैक्स ओडॉ (23), डी लीड (14) और कॉलिन एकरमैन (17) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

नीदरलैंड आसानी से लक्ष्य की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन 14वें ओवर में जुनैद सिद्दीकी ने कूपर और वैन डर मरवे को आउट करके डच टीम को मुश्किल में डाल दिया। प्रिंगल और एडवर्ड्स ने संयम के साथ सातवें विकेट के लिये 27 रन जोड़कर नीदरलैंड को जीत के करीब पहुंचाया, हालांकि प्रिंगल 19वें ओवर में आउट हो गये। डच टीम को आखिरी ओवर में छह रनों की ज़रूरत थी, और उन्होंने यह मैच 19.5 ओवर में ही जीत लिया।

## नामीबिया से मिली हार पर टॉप ऑर्डर पर भड़के दासुन शनाका

गीलोंग, 16 अक्टूबर। जॉन फ्राइलिंक और जेजे स्मिट के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से नामीबिया ने टी20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण के शुरुआती मैच में रविवार को श्रीलंका को 55 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। नामीबिया ने ठ्रुप ए ही इस मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सात विकेट पर 163 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19 ओवर में 108 रन पर सिमट गई।रीलंका की टीम नामीबिया की गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ बड़े शॉट नहीं खेल सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम शुरुआती विकेट गिरने के दबाव से उबर नहीं सकी। मैच के बाद शनाका ने टीम की विफलताओं को स्वीकार किया और आने वाले गेम्स में हर विभाग में सुधार करना चाहते हैं। दासुन शनाका ने कहा, मुझे लगता है कि पिच अच्छी थी, लेकिन गेंदबाजों ने प्लान के मुताबिक गेंदबाजी नहीं की। हम चिंतित हैं कि हमारे गेंदबाजों ने नामीबिया के गेंदबाजों की तुलना में सही क्षेत्रों में गेंदबाजी की। हम यह भी चाहते थे कि पहले तीन बल्लेबाज अच्छा खेले और पारवप्ले में बेहतर करें। लेकिन पहले पावरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद ही हम गेम से बाहर हो गए थे। अगले गेम में भी प्लान सिंपल होना चाहिए। कुछ खास नहीं करना है। ये प्रोसेस का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, जब आप 160 का पीछा कर रहे हों तो आपको अच्छी साझेदारी की जरूरत होती है और नंबर तीन और चार से अच्छी पारी की उम्मीद होती है। गेंदबाजों को विशेष रूप से उन्हें अपने क्षेत्रों में हिट करने की जरूरत है।

## अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर में भारत की लगातार दूसरी हार

कुवैत सिटी, 16 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर में रविवार को भारत को 4-1 से मात दी। ऑस्ट्रेलिया के गोल गरंग कॉल (11वां मिनट), विकाश युमनाम (32वां मिनट), एड्रियन सेगेकिक (86वां मिनट) और मैक्स कापूटो (90 2 मिनट) ने जमाए। भारत का इकलौता गोल गुरकीरत सिंह (63वां मिनट) ने किया। ऑस्ट्रेलिया पहले हाफ में पूरी तरह हावी रही, हालांकि भारतीय युवाओं ने दूसरे हाफ में शानदार वापिस की और बॉल को ज्यादातर समय अपने पास रखा। गुरकीरत के गोल के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ मैच को ड्रॉ की तरफ धकेलने का प्रयास कर रहा था। आधिकारिक समय की समाप्ति से पांच मिनट पहले सेगेकिक के गोल ने भारत के लिए परिस्थितियों को मुश्किल किया, जबकि कापूटो ने अतिरिक्त समय में गोल करके भारत की हार के अंतर को बढ़ाने का काम किया।

## दीपावली स्पेशल गोल्फ टूर्नामेंट

जयपुर, 16 अक्टूबर। रामबाग गोल्फ क्लब में दो दिवसीय दीपावली स्पेशल गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन 16 अक्टूबर को किया गया। रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेटं के दोनों दिन करीब 200 गोल्फर्स ने टूर्नामेटं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व टूर्नामेंट के फॉर्मेट स्ट्रोक प्ले को भी काफी सराहा गया। 15 अक्टूबर को वैटनर्स, लैडीज, स्टूडेंट मैम्बर्स व 19-24 हैण्डकेप के गोल्फर्स द्वारा हिस्सा लिया गया व 16 अक्टूबर को 0-9 व 10-18 हैण्डिकेप के गोल्फर्स ने गेम खेला। टूर्नामेटं का परिणाम निम्न रहा।

**टूर्नामेंट का परिणाम निम्न रहा :-** 00-09 हैण्डिकेप - विनर - अभ्युदय रावत, रनर अप - अपूर्व चौरड़िया, फर्स्ट रनर अप - कुणाल सिंह, 10-18 हैण्डिकेप - विनर - सुनील सिंह, रनर अप – रोहित सिंह, फर्स्ट रनर अप – दीपक तिवाड़ी, 19-24 हैण्डिकेप – विनर – दीप लखौटिया, रनर अप - अवधेश कुमार, फर्स्ट रनर अप - सुखजीत सिंह भट्टी, बेस्ट लेडी गोल्फर विनर – हर्षिता पटवा, बेर्स्ट वैडर्न गोल्फर विनर - डॉ. आर के गुप्ता, नियरेस्ट टू पिन - राकेश कुमार, लॉगेस्ट ड्राईव - डॉ. जोएब नकवी, स्ट्रेट ड्राईव - हैदर अली।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी ने मैगनस कार्लसन को हराया

चेन्नई, 16 अक्टूबर। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने रविवार को एमचेस रैपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण के सातवें दौर में विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को हराकर उलटफेर किया। उन्नीस वर्षीय एरिगैसी प्रतियोगिता के पहले दौर में हमवतन विदित गुजराती से हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और आठ दौर के बाद वह पांचवें स्थान पर हैं। एरिगैसी ने निल्स ग्रैंडेलियस (स्वीडन), डेनियल नरोदित्स्की (अमेरिका) और कार्लसन को हराकर लगातार तीन बाजियां जीती। उन्होंने आठवें दौर में यान क्रिज़िस्तोफ डूडा (पोलैंड) से बाजी ड्रॉ खेली। इस भारतीय खिलाड़ी के 15 अंक हैं और वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव (17 अंक), शखरियार मामेदयारोव (अजरबैजान) और कार्लसन (दोनों 16) और डूडा (15) के बाद पांचवें स्थान पर हैं। एरिगैसी पिछले महीने जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में कार्लसन से हार गए थे।

## भारत 11 साल बाद अंडर-18 फीबा विश्व कप में

कुआला लंपुर, 16 अक्टूबर। भारतीय अंडर-17 33 बास्केटबॉल टीम ने रविवार को इतिहास रचते हुए 11 साल बाद अंडर-18 फीबा विश्व कप में प्रवेश किया। जयदीप राठौड़, कुशल सिंह, हर्ष डुगर और लोकेंद्र सिंह की टीम ने यहां जारी अंडर-17 33 एशिया कप के फाइनल में जगह बनाते हुए अंडर-18 33 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। भारतीय युवाओं ने रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे को 21-20 से हराकर एशिया कप के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। इससे पहले भारत ने क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन को 21-9 के बड़े अंतर से हराया था। फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा।

## विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय निशानेबाजी ने जीता सोना

काहिरा, 16 अक्टूबर। भारतीय पुरुष राइफल टीम ने रविवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन बबुता, किरण जाधव और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल की तिकड़ी ने स्वर्ण पदक मैच में चीन को 16-10 से मात दी। इससे पहले टीम इंडिया क्वालीफिकेशन में 628.5 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि चीन ने 629.4 स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। दूसरी ओर, एलावेनिल वलारिवन, मेहुली घोष और मेघना सज्जनार की महिला टीम ने कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-11 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में कांसे का तमगा हासिल किया। क्वालीफिकेशन में भारतीय महिलाएं 630.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि जर्मनी (628.6) चौथे स्थान पर रही थी।

## यश धुल की नाबाद अर्द्धशतकीय पारी से दिल्ली ने पुडुचेरी को हराया

जयपुर, 16 अक्टूबर। युवा बल्लेबाज यश ढुल की 46 गेंद में 71 रन की नाबाद पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां पुडुचेरी को सात विकेट से शिकस्त दी। पुडुचेरी ने परमेश्वरन शिवारमन की 30 गेंद में 43 रन और मारीमुथु विग्नेश्वरण की 21 गेंद में 39 रन की पारी के दम पर आठ विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली ने 19.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

टूर्नामेंट में पहले ही एक अर्धशतक लगा लगा चुके धुल ने रविवार को अपनी पारी में 10 शानदार चौके जड़े। दिल्ली को जब जीत के लिए 33 गेंद में 56 रन की दरकार थी तब कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 36 रन बनाकर) पवेलियन लौट गये। इसके बाद हालांकि आयुष बडोनी ने तेजी से रन बनाना जारी रखा। वह 15 गेंद में 32 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले दिल्ली ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया जिसमें नवदीप सैनी ने 37 रन देकर तीन और इशांत शर्मा ने 26 रन देकर एक विकेट लिया। ग्रुप के अन्य मैचों में त्रिपुरा को हैदराबाद ने पांच विकेट जबकि पंजाब ने गोवा को नौ विकेट से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 10 विकेट से हराया।

## बिन्नी के नामांकन के खिलाफ आपत्तियां खारिज

मुंबई, 16 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्वाचन अधिकारी एके जोती ने रोजर बिन्नी के नामांकन पर आपत्तियों को खारिज कर दिया है इसके साथ ही पूर्व क्रिकेटर के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है।

क्रिकबज़ ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के कुछ सदस्यों ने बीसीसीआई की वार्षिक आम सभा में बिन्नी द्वारा राज्य के प्रतिनिधित्व पर आपत्ति जताई थी। बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष पद के एकमात्र उम्मीदवार हैं और 18 अक्टूबर को होने वाली आम सभा में उन्हें बीसीसीआई अध्यक्ष घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केएससीए के सदस्य एएम राममूर्ति और एन श्रीपति ने बीसीसीआई चुनाव और आम सभा में भाग लेने के लिए प्रतिनिधियों को नामित/नियुक्त करने के लिए केएससीए की प्रबंध समिति की पात्रता पर सवाल उठाया था। उनकी आपत्ति इस आधार पर थी कि प्रबंध समिति का कार्यकाल तीन अक्टूबर को समाप्त हो गया था इसलिए बिन्नी का नामांकन वैध नहीं है। यह भी बताया गया कि प्रबंध समिति आम सभा बुलाने या केएससीए के लिए चुनाव कराने में विफल रही है।

चुनाव अधिकारी ने आपत्ति को खारिज करते हुए कहा, केएससीए के साथ सत्यापन पर यह पाया गया कि केएससीए ने इस वर्ष 12 और 14 सितंबर के पत्रों के जरिए 31 दिसंबर 2022 से पहले आम सभा और चुनाव आयोजित करने की अनुमति के लिए सोसायटी के जिला रजिस्ट्रार के कार्यालय में अभ्यावेदन दायर किया है। सोसायटी के जिला रजिस्ट्रार के कार्यालय ने अपने पत्र 19 सितंबर के पत्र के जरिए केएससीए को 31 दिसंबर 2022 को या उससे पहले एजीएम और चुनाव आयोजित करने की अनुमति दी है। जोती ने कहा, इसके अलावा, केएससीए के प्रतिनिधि के रूप में रोजर बिन्नी को नामित करने के लिए केएससीए की ओर से दाखिल नामांकन आवेदन सभी पहलुओं में पूर्ण पाया गया है। ऊपर बताए गए तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, आपत्तियां खारिज कर दी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की आपत्तियां हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ भी उठाई गई थीं।

## गगनजीत ने जीता जीव मिल्खा सिंह इन्वटेशनल

चंडीगढ़, 16 अक्टूबर। कपूरथला के गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को अपने करियर का पहला जीव मिल्खा सिंह इन्विटेशनल खिताब जीत लिया। गगनजीत (69-65-68-71) 18वें होल तक चंडीगढ़ के करणदीप कोचर के साथ शीर्ष पर थे, लेकिन उन्होंने अंतिम होल में सनसनीखेज 10-फुट बर्डी और 15-अंडर 273 के कुल स्कोर के साथ करणदीप को पछाड़ दिया।

चंडीगढ़ के 2020 चैंपियन करणदीप कोचर (65-70-68-71) 14-अंडर 274 के समग्र स्कोर के साथ उपविजेता रहे, जबकि 2018 के विजेता चिक्कारंगप्पा एस (65-71-67-72) और चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (69-68-71-67) 13-अंडर 275 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

गगनजीत ने जीत के बाद कहा, मैंने आज एक चैंपियन की तरह आखिरी नौ होल खेले। मेरी शुरुआत खराब रही, लेकिन एक गोल्फ खिलाड़ी के रूप में मेरा पिछला अनुभव और इस कोर्स के बारे में मेरा ज्ञान आज काम आया। मैं अपने आप से कह रहा था कि परिणाम के बारे में मत सोचो और एक समय में एक शॉट खेलो। मुझे लगता है कि यह मेरे तरीके से काम करता है। मेरी आज की पहली बर्डी 11वें होल में आई जो शायद मेरे राउंड का अहम मोड़ था। मेरी दूसरी बर्डी (16वां होल) ने मुझे अंतिम दो होल के लिए प्रेरित किया।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का भव्य उद्घाटन मुख्यमंत्री ने डेढ़ दर्जन खिलाड़ियों का किया सम्मान

जयपुर, 16 अक्टूबर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अगले साल 26 जनवरी 2023 को शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन भव्य स्तर पर किया जायेगा, यह घोषणा उन्होंने सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन समारोह में की। खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों, सहित डेढ़ दर्जन खिलाड़ियों का सम्मान किया गया, नुमाईशी कबड्डी मैच के साथ समारोह के अंत में रंगारंग आतिबाजी से आसमान सराबोर हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक चांदना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान ने की। समारोह की विशिष्ठ अतिथि ओलम्पिन एवं अर्जुन अवार्डी, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने की।

## हारने के लिये कुछ नहीं, लड़कियों से खुलकर खेलने की उम्मीद : डेनरबी

भुवनेश्वर, 16 अक्टूबर। भारतीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम के कोच थॉमस डेनरबी ने ब्राज़ील के खिलाफ मैच से पहले रविवार को कहा कि भारत के पास अब हारने के लिये कुछ नहीं है, इसलिये वह लड़कियों से खुलकर खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का मेज़बान भारत ग्रुप लीग के मुकाबलों में अमेरिका (0-8) और मोरक्को (0-3) से हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। भारत को अपने आखिरी मैच में सोमवार को ब्राज़ील का सामना करना है।

कोच डेनरबी ने मैच से पहले कहा, ''जब हमारे पास बॉल हो तब हमें आराम से खेलना शुरू करना चाहिये। हमें आत्मविश्वास के साथ थोड़ा और खेलने की ज़रूरत है। अब हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है। उम्मीद है कि लड़कियां खुलकर खेलना शुरू करेंगी।''

ब्राज़ील की सीनियर महिला टीम को हालिया फीफा रैंकिंग में नौंवे स्थान पर रखा गया है। डेनरबी ब्राज़ील की प्रतिष्ठा को जानते हैं, लेकिन उन्हें यह भी लगता है कि भारतीय लड़कियां पिच पर अपनी क्षमता साबित कर सकती हैं।

उन्होंने कहा, ''हमें डिफेंड करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है लेकिन हम यह भी जानते हैं कि फुटबॉल सिर्फ डिफेंस पर ही केंद्रित नहीं है। टूर्नामेंट में गोल करना भी हमारे लिये अच्छा होगा। आशा है कि हम एक और अच्छा प्रदर्शन दे सकते हैं। ब्राज़ील एक अच्छी टीम है और हम यह भी जानते हैं कि वह नॉकआउट स्टेज में अपनी जगह बनाने के लिये लड़ रहे हैं। इसलिये मुझे लगता है कि वह पूरी तरह आक्रामक खेल खेलेंगे।''

डेनरबी ने कहा कि भारतीय लड़कियां ब्राजील के खिलाफ अपने सम्मान के लिए खेलने को तैयार हैं। स्वीडन के 64 वर्षीय कोच ने कहा, हम लड़ेंगे और गोल करने की कोशिश करेंगे। एक गोल के साथ इस टूर्नामेंट को अलविदा कहना अच्छा होगा। हमने विपक्षी टीम के गोल के करीब होने वाले अंतिम पास पर काम किया है। फ़ुटबॉल में यह सीखना सबसे कठिन है कि उस तरह की स्थिति को कैसे संभालना है।''

उन्होंने कहा, ''लड़कियों को निर्णय लेने की बेहतर समझ की आवश्यकता है। हमें उन महत्वपूर्ण क्षणों में कौशल पर थोड़ा काम करना होगा, क्योंकि अंत में सभी मैचों का परिणाम गोल के समीप बॉक्स में ही तय होता है।'' भारत की सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम नवंबर 2021 में ब्राजील के खिलाफ खेली थी और 1-6 से हार गई थी। कोच का मानना है कि ब्राजील के सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों की खेल शैली में समानता है। डेनरबी ने कहा, इस टीम की खेल शैली समान है। बेशक, वे अभी उतने कुशल नहीं हैं, लेकिन जब आप 17 साल के होते हैं तो यह सामान्य है।

## बड़े खिलाड़ियों के बिना भी विश्व कप जीत सकते हैं : पूरन

होबार्ट, 16 अक्टूबर। वेस्ट इंडीज़ के कप्तान निकोलस पूरन ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले रविवार को कहा कि बड़े नामों के बिना भी विश्व कप जीता जा सकता है।

वेस्ट इंडीज़ को ग्रुप-बी में अपना पहला मैच स्कॉटलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां बेलेरीव ओवल में खेलना है। टी20 विश्व कप 2012 और 2016 की विजेता वेस्ट इंडीज़ पहली बार शीर्ष आयोजन में क्रिस गेल और ड्वेन ब्रावो के बिना उतर रही है। कैरिबियाई टीम में आंद्रे रसेल, सुनील नारायण और शिमरन हेटमायर जैसे बड़े नाम भी नहीं हैं।

पूरन ने मैच से पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मेरे अनुसार अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच का संतुलन काम करेगा। अगर आप देखें तो उन दो विश्व कप (2012 और 2016) में जब हम जीते थे तो हमारे पास कई बड़े नाम थे, लेकिन पिछले साल विश्व कप में भी हमारे पास कई बड़े नाम थे और हम (सेमीफाइनल के लिये) क्वालीफाई नहीं कर सके।''

उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीता जबकि उनके पास ज़्यादा बड़े खिलाड़ी नहीं थे, लेकिन उनके पास एक अच्छी टीम थी और यह उन्हें जिताने के लिये काफी था। तो अगर हम अपनी बात करें, हमारे पास बड़े नाम नहीं हैं लेकिन हमने एक टीम तैयार की है जो बहुत महत्वपूर्ण है। जब खिलाड़ी एक दूसरे के लिये खेलेंगे और साथ रहेंगे तो सब सही होगा।''

अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में वेस्ट इंडीज़ कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में अच्छा प्रदर्शन कर चुके ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ियों पर निर्भर है। पूरन की टीम को सुपर-12 में पहुंचने के लिये पहले दौर में स्कॉटलैंड के बाद आयरलैंड और ज़िम्बाब्वे का सामना करना होगा। पूरन ने कहा, ''हां, विश्व कप जीतना निश्चित रूप से खास होगा। हमारी टीम में कई नये चेहरे हैं। टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं। यह विश्व कप जीतना व्यक्तिगत रूप से हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।'' उन्होंने कहा, ''भले ही हमने दो बार विश्व कप जीता है, लेकिन हम इस टूर्नामेंट में उपेक्षित टीम हैं। बहुत से लोग और मीडिया सोचते हैं कि हम क्वालीफाई नहीं कर सकते। इसलिए, यह हमारे लिए बहुत मायने रखेगा। हमने इस बार एक साथ रहने के बारे में बात की। चाहे हम जीतें या हारें हम एक टीम के रूप में एक साथ रहने वाले हैं।''

## स्वियातेक सैन डिएगो ओपन के फाइनल में पहुंची

सैन डिएगो, 16 अक्टूबर। शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-2, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। पोलैंड की स्वियातेक और अमेरिका की पेगुला के बीच दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में कई लंबी रैलियां देखने को मिली। स्वियातेक ने हालांकि कोर्ट के दोनों किनारों से शानदार मैदानी शॉट लगाकर जीत दर्ज की।



*ऑस्ट्रेलिया के शहरों में रहने वाले सल्फर क्रैस्टेड कॉकटू (काकातू) कचरा पात्रों के डिब्बे खोलकर अपनी पसंद का भोजन ढूंढना सीख गए हैं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि स्थानीय नागरिकों ने इन पक्षियों को कचरे के डिब्बे खोलने से रोकने के लिए मुहिम छेड़ दी है, जिसके तहत डिब्बों के ढक्कनों के डिज़ाइन में फेरबदल किया जा रहा है। असल में काकातू ढक्कन खोलने में तो माहिर हो गए हैं पर ढक्कन बंद नहीं कर पाते, जिससे कचरा यहां -वहां फैलता रहता है और इसी कारण स्थानीय लोगों व काकातू के बीच टकराव बढ़ रहा है। पूर्व में शोधकर्ताओं ने सिडनी के उपनगरीय क्षेत्र में सल्फर क्रैस्टेड काकातू को ढक्कन खोलते देखा था। उन्होंने पाया कि काकातू ने यह व्यवहार हाल के वर्षों में ही सीखा है और काकातू के अन्य समूहों ने भी यह व्यवहार देख-देखकर सीख लिया है। अब जो अध्ययन किया गया वो जर्नल करंट बायॉलजी में छपा है। इसमें बताया गया है कि, किस प्रकार से जानवर हर बाधा का तोड़ निकालने की ट्रिक्स सीख रहे हैं। मैक्सप्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर में इकॉलजिस्ट तथा मुख्य शोधकर्ता, बारबरा कलम्प ने कहा, "जब मैंने पहली बार काकातू का ढक्कन खोलने वाला वीडियो देखा तो मैंने सोचा कि यह बहुत रोचक और अनोखा व्यवहार है और हमें इसे जानना चाहिए। काकातू ने यह व्यवहार कचरे में पड़ी ब्रैड खाने के लिए सीखा था, क्योंकि काकातू को ब्रैड बहुत पसंद है। धीरे-धीरे एक -दूसरे को देखकर अन्य काकातू भी यह ट्रिक सीख गए। परेशान होकर स्थानीय लोग डस्टबिन के ढक्कन पर ईंट या भारी पत्थर रखने लगे ताकि काकातू ढक्कन ना खोल पाएं। पर इससे कचरा पात्र को ट्रक में खाली करने में मुश्किल हो रही थी, इसके बाद लोगों ने नए तरीके ढूंढे। अब लोग ढक्कन पर पानी से भरी बोतल लटका देते हैं या स्टिक या बोतल से ढक्कन ब्लॉक कर देते है, यही नहीं, अब तो "काकातू लॉक" भी मिलने लगे हैं। शोधकर्ताओं ने देखा कि, ढक्कन पर ईंट -पत्थर रखने, रबर के सांप का इस्तेमाल करने जैसे तरीकों से निपटने की ट्रिक तो काकातू ने सीख ली थी पर बोतल, स्टिक आदि से ढक्कन बंद करने या रस्से से भारी वजन लटकाने जैसी ट्रिक्स का तोड़ काकातू नहीं सीख पाए हैं। लोगों ने यह भी बताया कि, वे ढक्कन बंद रखने के तरीके बदलते रहते हैं, जैसे ही काकातू एक तरीके का तोड़ निकालता है वो उसमें कुछ बदलाव कर देते हैं। इस प्रकार यह टकराव दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है।*

# पचहत्तर डिजिटल इकाइयां राष्ट्र को समर्पित

## प्रधानमंत्री मोदी ने 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स का शुभारंभ करते कहा कि आज देश डिजिटल इंडिया के सामर्थ्य का फिर एक बार साक्षी बन रहा है

नयी दिल्ली 16 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता बैंकिग सेवाओं को दूर-सुदूर घर-घर पहुंचाना है।

मोदी ने आज यहां 75 डिजिटल बैंकिग यूनिट्स के शुभारंभ के इस अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश डिजिटल इंडिया के सामर्थ्य का फिर एक बार साक्षी बन रहा है। देश के 75 जिलों में धरातल पर उतर रही है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश के 99 प्रतिशत से ज्यादा गांवों में पांच किमी के अंदर कोई न कोई बैंक ब्रांच, बैंकिंग आउटलेट या बैंकिंग मित्र मौजूद है।

उन्होंने कहा कि देश में हर एक लाख वयस्क आबादी पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं, वो जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी ज्यादा है। हम सामान्य मानवी के जीवन स्तर को बदलने का संकल्प लेकर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प व्यवस्थाओं में सुधार, पारदर्शिता और आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि जब हमने जन-धन खाता की मुहिम शुरू की तब आवाजें उठीं कि गरीब बैंक खाते का क्या करेगा। यहां तक की इस फील्ड के कई एक्सपर्ट भी नहीं समझ पा रहे थे, इस अभियान का महत्व क्या है। लेकिन बैंक खाते की ताकत क्या होती है,ये आज पूरा देश देख रहा है।

उन्होंने कहा कि यूपीआई अपने तरह की दुनिया की पहली टेक्नोलॉजी है। उन्होंने कहा कि देशभर में शहर से लेकर गांव तक शोरूम हो या सब्जी का ठेला हर जगह यूपीआई देख सकते हैं। भारत की इस डीबीटी और डिजिटल ताकत को आज पूरी दुनिया सराह रही है। इसे आज एक ग्लोबल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में आईएमएफ ने हमारे डिजिटल बैंकिंग बुनियादी ढ ांचे के प्रयासों की सराहना की है। भारत के सामान्य मानवी के जीवन को आसान बनाने का जो अभियान देश में चल रहा है, डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स उस दिशा में एक और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि ये ऐसी विशेष बैंकिंग व्यवस्था है, जो मिनिमम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से मैक्सिमम सेवाएं देने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य भारत के सामान्य मानवी को सशक्त करना है, उसे मजबूत बनाना है इसलिए हमने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई और पूरी सरकार उसकी सुविधा और प्रगति के रास्ते पर चली है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने दो चीजों पर एक साथ काम किया है। पहला बैंकिंग व्यवस्था को सुधारना, मजबूत करना, पारदर्शिता लाना। दूसरा वित्तीय समावेशन किया।

- **उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश के 99 प्रतिशत से ज्यादा गांवों में पांच किमी के अंदर कोई न कोई बैंक ब्रांच, बैंकिंग आउटलेट या बैंकिंग मित्र मौजूद है।**
- **उन्होंने कहा कि देश में हर एक लाख वयस्क आबादी पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं, वो जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी ज्यादा है।**

## भुखमरी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुरक्षा कार्यक्रम चला रही है जिसमें मार्च 2020 से लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त चावल/गेहूं वितरित किया जा रहा है। केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ( पीएम-जीकेएवाई) के तहत लगभग 1121 लाख टन खाद्यान्न आवंटित किया है, जो खाद्य सब्सिडी में तकरीबन 3.91 लाख करोड़ रुपये के बराबर है। इस योजना को दिसंबर 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

आंगनबाड़ी सेवाओं के तहत कोविड-19 महामारी के बाद से, 6 वर्ष तक के लगभग 7.71 करोड़ बच्चों और 1.78 करोड़ गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण प्रदान किया गया।

# 'सिसोदिया को मंत्री बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं'

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा है कि शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बराबर बुलाये जा रहे आबकारी मंत्री सिसोदिया को अब पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

चौधरी ने कहा कि शराब घोटाले मे लिप्त दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री को सीबीआई बार बार पूछताछ के लिए बुला रही है और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। घोटाले में सिसोदिया सीबीआई की एफआईआर में आरोपी नंबर-1 है और उनको सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।

- **दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा है कि शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बराबर बुलाये जा रहे आबकारी मंत्री सिसोदिया को अब पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।**

उन्होंने कहा कि सिसोदिया ने मंत्री बने रहने का अपना नैतिक अधिकार और विश्वसनीयता को खो दी है इसलिए उन्हें खुद इस्तीफा दे देना चाहिए और पड़ नहीं छोड़ते हैं तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उन्हें तुरन्त प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए।

चौधरी ने कहा कि जब सीबीआई ने कुछ हफ्ते पहले 15 घंटे से अधिक समय तक उनके घर की तलाशी ली थी तो सिसोदिया ने अपने आप को निर्दोष साबित दिखाने के लिए यह कहकर इसे कम आंकने की कोशिश की कि सीबीआई ने उनके आवास से कुछ भी नहीं बरामद किया।

उन्होंने कहा कि सीबीआई और ईडी द्वारा हाल ही में शराब माफियाओं विजय नायर और समीर महिंद्रा को गिरफ्तार किए जाने से शराब घोटाले की जांच में एक नया मोड़ आ गया है जिसके फलस्वरूप सीबीआई और ईडी ने देश भर में कई स्थानों पर छापे मारे और सीबीआई ने सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## 'ताइवान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रूप में देखता है, ने जवाब दिया कि वह अपनी संप्रभुता से पीछे नहीं हटेगा या स्वतंत्रता और लोकतंत्र से समझौता नहीं करेगा। अमेरिका की संसद की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की अगस्त में ताइवान की यात्रा के बाद चीन और ताइवान के बीच तनाव नाटकीय रूप से बढ़ गया। चीन ने ताइवान के पास युद्ध के खेल का मंचन किया था।

# नक्सलियों ने पत्नियों की मौजूदगी में पतियों को मौत के घाट उतारा

## पत्नियों ने मार्मिक अपील कर पतियों को छोड़ने कहा लेकिन नक्सलियों का दिल नहीं पसीजा और इन लोगों की गला घोंट कर हत्या कर दी गई

बीजापुर, 16 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर दो आदिवासी ग्रामीण की जनअदालत में निर्मम हत्या कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दो दिन पूर्व चेरपाल से चार ग्रामीणों को नक्सलियों ने अपहरण कर अपने साथ ले गए। कल नक्सलियों ने दो आदिवासी ग्रामीणों को जनअदालत में मौत की सजा दी है। मुखबिरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने ग्रामीणों की निर्मम हत्या की है। दोनों मृतक बीजापुर थाना क्षेत्र के पेददाकोरमा और पूसनार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों का नाम राजू मोडियम और दूला कोडमे। पेद्दाकोरमा में जनअदालत लगाने के बाद दोनों की हत्या की गयी।

- **बीजापुर थाना क्षेत्र के पेददाकोरमा निवासी राजू मोडियम और बोडला पूसनार निवासी दुला कोड़मे हत्या से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।**

बीजापुर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने जनअदालत में ग्रामीणों की हत्या के बारे में कहा-सूचना मिली है। जांच की जा रही है। अब तक परिजन शिकायत दर्ज कराने नहीं पहुंचे है। दोनों ग्रामीण युवक शादी शुदा है और इनके बच्चे भी है, जो पेदाकोरमा और बोडला पुसनार गांव में रहते हैं।

सूत्रों ने बताया कि जब इन युवाओं को नक्सलियों ने पकड़ कर जन अदालत में फैसला सुनाया, उस वक्त इनकी पत्नियां भी मौजूद रही। पत्नियों ने मार्मिक अपील भी कर पतियों को छोड़ने कहा लेकिन नक्सलियों का दिल नहीं पसीजा और जन के फैसला को मानते हुए रस्सी से गला घोंट कर हत्या की गई। बीजापुर थाना क्षेत्र के पेददाकोरमा निवासी राजू मोडियम और बोडला पूसनार निवासी दुला कोड़मे हत्या से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इधर नारायणपुर जिले में आज पुलिस और नक्सली के मुठभेड़ में भारी मात्रा में नक्सली साहित्य और विस्फोट सामग्री बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक सदानंद ने बताया कि पिछले दो दिन पूर्व केन्द्रीय सुरक्षा बल और जिला रिवर्ज पुलिस बल गश्त पे निकले थे। आज लौटते समय सीमावर्ती क्षेत्र देवगांव-हचाड़ी के पापस घात लगाये नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग की दोनों ओर से गोलीबारी हुई, नक्सली भाग गए। सर्चिंग के दौरान विस्फोटक पदार्थ, नक्सली साहित्य एवं भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी की सामाग्री बरामद किया गया।



# सवाई माधोपुर के नर बाघ टी-113 को सरिस्का भेजा

## सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़े इसके लिए युवा बाघ को सरिस्का लाया गया

सवाई माधोपुर, 16 अक्टूबर (नि.स.) । एनटीसीए ( राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) के अनुमति के बाद निर्धारित प्रोटोकॉल एवं एसओपी के अनुरूप रविवार को रणथम्भौर बाघ परियोजना सवाई माधोपुर के नर बाघ टी-113 को तालड़ा रेंज से बाघ को सरिस्का में स्थानान्तरण करने के लिए रवाना किया।

बाघिन कृष्णा के बेटे बाघ 113 को रणथंभौर से सरिस्का लाया जा रहा है, जिसके देर रात तक बाघ के सरिस्का पहुंचने की संभावना है। बाघ के लिए सरिस्का के पानीढाल क्षेत्र में नया एंक्लोजर बनाया गया है। दो से तीन दिनों तक बाघ को एंक्लोजर में रखा जाएगा। उसके बाद एंक्लोजर से बाहर निकाल दिया जाएगा। यह युवा बाघ है। रणथंभौर में यह एक बार पिता बन चुका है।

वन विभाग के अधिकारियों ने अनुसार बाघ 113 को ट्रेंकुलाइज किया गया है। ट्रेंकुलाइज के बाद जीपीएस का पट्टा बाघ के गले में लगाया गया।

- **सरिस्का के सीसीएफ आर.एन. मीणा रणथंभौर से बाघ को लेकर सरिस्का आएंगे। सरिस्का के अधिकारियों ने कहा कि बाघ के लिए सरिस्का के पानीढाल क्षेत्र में नया एंक्लोजर बनाया गया है।**
- **बाघ को सरिस्का क्षेत्र के माहौल के अनुरुप ढलने में दो माह का समय लग सकता है। इस बीच बाघ की मॉनिटरिंग सरिस्का की टीम लगातार करेगी।**

सरिस्का के सीसीएफ आरएन मीणा रणथंभौर से बाघ को लेकर सरिस्का आएंगे। सरिस्का के अधिकारियों ने कहा कि बाघ के लिए सरिस्का के पानीढाल क्षेत्र में नया एंक्लोजर बनाया गया है। पुराना एंक्लोजर कर्णाका बास गांव में था। दो से तीन दिनों तक बाघ को इस एंक्लोजर में रखा जाएगा। उसके बाद बाघ को एंक्लोजर से बाहर छोड़ दिया जाएगा।

बाघ को सरिस्का क्षेत्र के माहौल के अनुरुप ढलने में दो माह का समय लग सकता है। इस बीच बाघ की मॉनिटरिंग सरिस्का की टीम लगातार करेगी। सरिस्का के अधिकारियों ने कहा सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़े इसके लिए युवा बाघ को सरिस्का लाया गया है। सरिस्का में युवा बाघों की संख्या कम हुई है। बाघों की तुलना में बाघिन की संख्या ज्यादा है। ऐसे में युवा बाघ कुनबा बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है।

# भारत-अफ्रीका के बीच रक्षा वार्ता 18 को

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को गुजरात के गांधीनगर 12 वीं रक्षा प्रदर्शनी के बीच भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता (आईएडीडी) के दौरान अफ्रीकी राष्ट्रों के रक्षा मंत्रियों की मेजबानी करेंगे।

इस संवाद का व्यापक विषय भारत-अफ्रीका: तालमेल और रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए रणनीति अपनाना है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंध हैं। अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण 2018 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित कंपाला सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। भारत की भागीदारी अफ्रीकी प्राथमिकताओं पर टिकी हुई है, जैसा कि स्वयं अफ्रीकियों ने रेखांकित किया है। भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्रियों का इस तरह का पहला सम्मेलन 6 फरवरी, 2020 को डेफएक्सपो के दौरान लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था। सम्मेलन में एक संयुक्त घोषणा - लखनऊ घोषणा - को एक परिणाम दस्तावेज के रूप में अपनाया गया था। लखनऊ घोषणा की निरंतरता ,इससे जुड़े पक्षों के परामर्श से, आईएएडी को हर दो साल में एक बार डेफएक्सपो के मौके पर आयोजित करने के लिए संस्थागत बनाया गया है।

- **भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्रियों का इस तरह का पहला सम्मेलन 6 फरवरी, 2020 को डेफएक्सपो के दौरान लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था। सम्मेलन में एक संयुक्त घोषणा - लखनऊ घोषणा - को एक परिणाम दस्तावेज के रूप में अपनाया गया था।**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आईएडीडी क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद से निपटने जैसे क्षेत्रों सहित आपसी जुड़ाव के लिए के नए क्षेत्रों का पता लगाएगा। मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता के लिए ज्ञान का भागीदार है।

## 'भारत जोड़ो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से कहना चाहता हूं कि हम भारत को एकजुट करने के अपने मिशन में आगे बढ़ रहे हैं इसलिए अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सुरक्षा और सावधानी से काम कर हर काम में अत्यधिक सावधानी बरतें।

# रिश्वत के आरोप में पूर्व मंत्री गिरफ्तार

चंडीगढ़ 16 अक्टूबर। पंजाब सतर्कता आयोग (विजीलैंस ब्यूरो) ने पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा को ब्यूरो के एक सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को 50 लाख रुपये की रिश्वत देने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब विजीलैंस ब्यूरों के मुख्य निदेशक वरिंदर कुमार ने आज यहां बताया इस संबंध में मनमोहन कुमार एआईजी वीबी के बयान पर पूर्व मंत्री के खिलाफ उड़न दस्ता पंजाब द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 के तहत 15 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि एआईजी मनमोहन कुमार ने शिकायत की है कि अरोड़ा ने उनसे 14 अक्टूबर को मुलाकात की और उनके खिलाफ दर्ज सतर्कता जांच में पक्ष लेने के लिए उन्हें एक करोड़ रूपये की पेशकश की।

कुमार ने बताया कि पूर्व मंत्री ने अगले दिन यानी 15 अक्टूबर को 50 लाख रूपये और शेष राशि बाद की तारीख में देने की पेशकश की है।

## झांसी की रानी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के अभियान को आगे बढ़ ाने वाले महादजी सिंधिया 1771 में दिल्ली में हिन्दवी स्वराज का झंडा गाड़ दिया था। इस कलावीथिका में सिंधिया, गायकवाड़, होलकर, नेवालकर, भोंसले और पवार जैसे मराठा राजवंशो के शौर्य पराक्रम की झाँकी दिखाई गयी है। मराठा शासकों की उस समय 30 रियासतें देशभर में थीं। मराठों ने मुगलों से जमकर लोहा लिया और उन्हें परास्त भी किया।

कलावीथिका में कुछ स्लाइड्स शो के जरिए मराठा शासकों का इतिहास दिखाया गया है। इसके साथ ही 30 मराठा रियासतों की पगड़ियां एवं पोशाक की झलक भी इस कलावीथिका में दिखेगी। कलावीथिका 17 अक्टूबर से सैलानियों के लिए खोली जाएगी।

इस कलावीथिका में मराठा क्षत्राणियों के भी बड़े पोट्रेट प्रदर्शित किए गए हैं जिनमें बैजाबाई, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, चिनकूरानी आदि के साथ ही पहली दफा झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का पोट्रेट एक मराठा वीरांगना के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

# यूपी के हमीरपुर में थोक के भाव मिल रहे हैं टी.बी. मरीज

## हमीदपुर में टीबी के हर माह औसतन 70 नये मरीज मिलने से क्षय रोग के संक्रामक का खतरा घटने के बजाय लगातार बढ़ ता जा रहा है

हमीरपुर 16 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश को क्षय रोग (टीबी) से वर्ष 2025 तक पूरी तरह से मुक्ति दिलाने के संकल्प पर उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में संकट गहराता जा रहा है। जिले में टीबी के हर माह औसतन 70 नये मरीज मिलने से क्षय रोग के संक्रामक का खतरा घटने के बजाय लगातार बढ़ ता जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जिले में टीबी की जांच के दौरान हर माह करीब 60 से 70 मरीज मिल रहे हैं। लिये चिंता का विषय बना हुआ है। इसका मुख्य कारण गरीबी एवं अशिक्षा के कारण संक्रमण रोकने के प्रति जागरुकता के अभाव को बताया जा रहा है।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. महेश चंद्रा ने रविवार को बताया कि जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 03 से 04 मरीज टीबी की जांच में पाजटिव मिल जाते हैं। इनका इलाज डाट कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय करीब 1600 टीबी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि यह संक्रामक रोग होने के कारण मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। परिवार में जरा सी असावधानी होने पर एक परिवार के कई लोग क्षय रोग के शिकार हो जाते है।

डा चंद्रा ने बताया कि जिले में क्षय रोगी सबसे ज्यादा मौदहा, सुमेरपुर, कुरारा व हमीरपुर शहर की मलिन बस्तियों में हैं। यही नहीं 146 गंभीर गंभीर रोगियों (एमडीआर) का इलाज किया जा रहा है। इस श्रेणी के मरीजों की मृत्युदर अधिक होने के कारण शासन ने इन्हें अलग से दवा देना सुनिश्चित किया है। एमडीआर श्रेणी के मरीजों की दवा अभी तक बाजार में नही आयी है। सरकार से दवा मिलने के कारण जिले में एमडीआर मरीजों की मृत्यु दर में काफी कमी आयी है।

- **इस समय करीब 1600 टीबी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। यह संक्रामक रोग होने के कारण मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। परिवार में जरा सी असावधानी होने पर एक परिवार के कई लोग क्षय रोग के शिकार हो जाते हैं।**

क्षय रोग अस्पताल के चिकित्साधिकारी बीपी सिंह ने बताया कि जिले में डाट कार्यक्रम के तहत आशा व एएनएम टीबी के रोगियों को सप्ताह व माह में दवाएं देने जाती है। इसके लिये सुपरवाइजरों की नियुक्ति जिले के सातों ब्लाक में कर दी गयी है। हर अस्पताल में टीबी के मरीजो की जांच के लिये अलग से लैब टैक्नीशियन की नियुक्ति कर दी गयी है ताकि मरीजों को तुरंत जांच कर उनका इलाज किया जा सके।

डा.सिंह का मानना है कि लोगों को पोषक भोजन नहीं मिल पाता है, इसलिये कुछ लोग क्षय रोग के शिकार हो जाते है।

गांव के लोग गंदगी में रहने के कारण क्षय रोग से ग्रसित हो जाते है। क्षय रोग लगातार फैलने का कारण गरीबी एक अहम फैक्टर है।

शासन ने राज्य से दो साल में टीबी रोग को जड़ उखाड़ फेंकने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिये डब्ल्यूएचओ भी

बराबर निगरानी कर रहा है। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. रामऔतार ने बताया कि क्षय रोग का इलाज बचाव है। इसके लिये स्थायी रुप से इलाज कराना चाहिये। हालांकि समय समय पर अभियान की समीक्षा की जाती है और सीएचसी व पीएचसी के डाक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908